CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 22 नवंबर 2025 | वर्ष – 35 | अंक– 202 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु





संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता कोई संवैधानिक अधिकारी : स्टालिन पृष्ठ 3

अभिमत
■ सिर्फ संत नहीं, विचार के लिए समर्पित थे पृष्ठ 4

■ ईरान के तेल व्यापार पर अमेरिका ने लगाया नया प्रतिबंध
■ रूस-यूक्रेन सुलह के लिए ट्रंप ने दिया 28 सूत्रीय पीस प्लान पृष्ठ 9

भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा मुकाबला आज से, ऋषभ पंत करेंगे कप्तानी पृष्ठ 10

# दुबई एयर शो के दौरान भारतीय लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**दुबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दुबई एयर शो 2025 में शुक्रवार दोपहर भारतीय वायुसेना का अत्याधुनिक स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस एक प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने गहन जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। यह घटना उस समय हुई, जब तेजस निर्धारित एरोबेटिक अभ्यास के लिए उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। भारतीय वायुसेना ने हादसे की पुष्टि करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी किया है। वायुसेना ने बताया कि हादसे में पायलट को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

**कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के दिए आदेश**



भारतीय वायुसेना ने कहा है कि वह पायलट की मौत से हुई इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख प्रकट करती है और इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

**दुनियाभर की एयरोस्पेस कंपनियां जुटी थीं**

दुबई एयर शो में इंटरनेशनल विमानों का प्रदर्शन किया जाता है। यहां दुनिया की बड़ी एयरोस्पेस कंपनियां, एयरलाइंस, एयर फोर्सेज और टेक्नोलॉजी कंपनियां अपने नए विमान, हेलिकॉप्टर, हथियार सिस्टम और एरोस्पेस टेक्नोलॉजी दिखाती हैं। पांच दिन के एयरशो का शुक्रवार को आखिरी दिन था। दुबई एयर शो की शुरुआत 1989 हुई थी। इसे दुबई के अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट में हर दो साल पर आयोजित किया जाता है। यह लगातार तीसरी बार है जब तेजस इसमें शामिल हुआ था।



**तेजस भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान**

तेजस भारत का स्वदेशी रूप से विकसित हल्का बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने डिजाइन और निर्मित किया है। दुबई एयर शो–2025 में इसकी उपस्थिति भारत की एयरोस्पेस क्षमताओं को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मानी जा रही थी।

# सीजीपीएससी में दुर्ग के देवेश साहू टॉपर दूसरे स्थान पर भिलाई के स्वप्निल वर्मा

## यशवंत तीसरे स्थान पर, टॉप टेन में 8 लड़के व 2 लड़कियां

**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने गुरूवार की देर रात सीजीपीएससी 2024 मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार टॉप–10 में 8 लड़के जबकि सिर्फ 2 लड़कियां हैं। दुर्ग के देवेश प्रसाद साहू ने बाजी मारते हुआ पहला स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने नवंबर 2024 में पीएससी ने 246 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। 17 विभागों में डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित कई पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। इसके लिए प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में आयोजित की गई थी। इसके बाद जून में मुख्य परीक्षा आयोजित की गई थी। 643 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया। इसके बाद अब 20 नवंबर की देर रात को परिणाम घोषित कर दिए गए।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**टॉप–10 की सूची**

1. देवेश प्रसाद साहू
2. स्वप्निल वर्मा
3. यशवंत देवांगन
4. पोलेश्वर साहू
5. पारस शर्मा
6. संस्कृति पांडेय
7. अंकुश बनर्जी
8. सृष्टि गुप्ता
9. प्रशांत वर्मा
1`. सागर वर्मा

**सोशल मीडिया से दूर रहते थे टॉपर देवेश साहू**



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के पूर्व कर्मचारी के बेटे देवेश प्रसाद साहू ने 773.5 नम्बर के साथ सीजीपीएससी 2024 की परीक्षा में टॉप किया है। टॉपर देवेश हर दिन 9 घंटे पढ़ाई करते थे। सोशल मीडिया और अन्य गतिविधियों से दूर रहते थे। देवेश के पिता हलधर प्रसाद फैरो स्कैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) से साल 2022 में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**यशवंत ने रील देखने के बजाय पढ़ाई पर दिया ध्यान**



**भिलाई।** डिप्टी कलेक्टर बने भिलाई स्टील प्लांट के डिप्लोमा इंजीनियर यशवंत कुमार देवांगन ने मेरिट लिस्ट में तीसरे स्थान पर आकर समाज को गौरवान्वित किया। यशवंत बीएसपी कैंटीन में रील देखने के बजाय वे अकसर पढ़ाई पर ही ध्यान देते थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के ईआरएस विभाग में इंजीनियरिंग एसोसिएट ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**दूसरे ही प्रयास में अंकुश ने टॉप 10 की सूची में बनाया स्थान**



**नारायणपुर।** कल देर रात छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम ने नारायणपुर वासियो को चौका दिया कारण यह था कि, पहली बार नारायणपुर जिले से, किसी छात्र ने छत्तीसगढ़ पीएससी के टॉप टेन सूची में स्थान बनाया था, बता दें नगर के किराना व्यवसायी एवं योग प्रशिक्षक सुबोध बेनर्जी के सुपुत्र अंकुश बेनर्जी ने ➤➤ शेष पृष्ठ 2

**मुख्यमंत्री ने दी सफल प्रतिभागियों को बधाई**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा–2024 में सफलता प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि युवा शक्ति की कड़ी मेहनत, अनुशासन, निरंतर तैयारी और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रदेश की सेवा में एक नई शुरुआत के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी ने हमेशा उत्कृष्टता, साहस और लगन का परिचय दिया है। इस परीक्षा में सफल हुए सभी प्रतिभागियों ने अपने धैर्य और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता से यह सिद्ध ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### झारखंड-बंगाल में 40 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची/कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला चोरी, अवैध खनन और तस्करी से जुड़े मामलों में शुक्रवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में व्यापक कार्रवाई की है। दोनों राज्यों में ईडी की अलग-अलग टीमों ने 4 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है, जिसमें करोड़ों रुपए नगद और भारी मात्रा में जेवरात मिलने की सूचना है। बरामद कैश की गिनती के लिए मशीनें मंगाई जा रही हैं। बरामदगी की आधिकारिक जानकारी अभी ईडी द्वारा साझा नहीं की गई है। इस छापेमारी की जद में झारखंड के कई कोयला माफिया, कारोबारी और उनसे जुड़े कारोबारी प्रतिष्ठान शामिल हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की

**तिरुपति।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को तिरुमाला पहाड़ी पर स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। वह सुबह पद्मावती गेस्ट हाउस से निकलीं और तिरुमाला की परंपरा का पालन करते हुए सबसे पहले श्री भू वराहस्वामी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद वह तिरुमाला मंदिर पहुंचीं, जहां तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बीआर नायडू, कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सिंघल और अन्य अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंदिर के पुजारियों ने परंपरा के अनुसार उनका 'इस्तिकपाल' स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर रवाना हुए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन दिवसीय दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर रवाना हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरी। वह दक्षिण अफ्रीका की ओर से आयोजित होने वाले 'जी-2 लीडर्स' समिट में हिस्सा लेंगे। 'जी-2 लीडर्स' समिट का आयोजन जोहान्सबर्ग में होगा। यह विकासशील देशों में आयोजित होने वाला लगातार चौथा जी2 समिट होगा। समिट में प्रधानमंत्री मोदी 'जी-2' एजेंडा पर भारत का दृष्टिकोण पेश करेंगे। पीएम मोदी के समिट के तीनों सत्रों में संबोधित करने की उम्मीद है।

# श्रम सुधारों का क्रियान्वयन ऐतिहासिक : विष्णुदेव साय

## सीएम ने पीएम और केंद्रीय श्रम मंत्री को दी बधाई



**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज देश में चार श्रम संहिताओं के ऐतिहासिक क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि श्रम सुधारों का यह महत्वपूर्ण निर्णय देश के 40 करोड़ से अधिक श्रमिकों के अधिकार, सुरक्षा, सामाजिक सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की एक अभूतपूर्व गारंटी है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन भारत के श्रम क्षेत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर है। चारों श्रम संहिताओं के लागू होने से न्यूनतम वेतन का अधिकार, महिलाओं को समान वेतन का प्रावधान, फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, प्रत्येक श्रमिक के लिए सामाजिक सुरक्षा, मुफ्त स्वास्थ्य जांच की सुविधा और ओवरटाइम पर डबल वेतन जैसी व्यवस्थाएँ पूरे देश में सुनिश्चित होंगी। उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों से न केवल श्रमिक वर्ग को लाभ मिलेगा, बल्कि औद्योगिक वातावरण अधिक पारदर्शी, संतुलित और श्रमिक–हितैषी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस समावेशी और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया है, श्रम संहिताओं का लागू होना उस दिशा में एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है।

उन्होंने कहा कि भारत की कार्यशील जनसंख्या राष्ट्र की उत्पादन शक्ति और आर्थिक समृद्धि की आधारशिला है, और उनके अधिकारों का संरक्षण किसी भी सशक्त राष्ट्र की प्राथमिकता है। यह संहिताएँ देश की श्रम शक्ति को अधिक सुरक्षित, सम्मानजनक और सशक्त वातावरण प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह सुधार नई अर्थव्यवस्था, बेहतर औद्योगिक संबंधों और मजबूत श्रम बाजार का आधार साबित होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन से देशभर में रोजगार, उत्पादन, निवेश और औद्योगिक विकास की गति और अधिक मजबूत होगी, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

# कांग्रेस ने सार्वजनिक किया 'द नेहरू आर्काइव'

**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री, जवाहरलाल नेहरू से संबंधित लाखों पन्नों की सामग्री को पूरी तरह से डिजिटाइज कर सार्वजनिक कर दिया है। 'द नेहरू आर्काइव' नाम का यह ओपन–एक्सेस डिजिटल प्लेटफॉर्म अब आम नागरिकों, शोधकर्ताओं, छात्रों और इतिहास प्रेमियों के लिए उपलब्ध है। बिना किसी शुल्क के नेहरू की चिट्ठियां, भाषण, नोट्स, किताबों के ड्राफ्ट और अन्य दस्तावेज देखे व डाउनलोड किए जा सकते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ये घोषणा की। कांग्रेस

**एसीबी–ईओडब्ल्यू का बड़ा एक्शन**

# आरआई भर्ती परीक्षा में पेपर–लीक कराने वाले 2 अधिकारी गिरफ्तार

**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आरआई प्रमोशन घोटाले को लेकर एसीबी–ईओडब्ल्यू ने बड़ा एक्शन लिया है। टीम ने रायपुर से दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर पेपर लीक किया, एग्जाम की तैयारी भी कराई थी। एसीबी–ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार अधिकारियों में रायपुर के आयुक्त भू–अभिलेख कार्यालय के सहायक सांख्यिकी अधिकारी वीरेंद्र जाटव और उप आयुक्त भू–अभिलेख कार्यालय के सहायक सांख्यिकी अधिकारी हेमंत कौशिक शामिल है।



■ मोटी रकम लेकर देते थे प्रश्नपत्र

**प्रदेश भर में अलग–अलग जगहों पर की थी छापेमारी**– एसीबी–ईओडब्ल्यू 19 नवंबर की तड़के संयुक्त टीम ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत 7 जिलों में एक साथ 20 ठिकानों पर छापा मारा था। अनियमित चयन और अवैध संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें पर एक्शन हुआ है। मामले में दर्ज अपराध दर्ज कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित व्यक्तियों से लगातार पूछताछ जारी है।

# विवेक शर्मा होंगे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नए महाधिवक्ता

## प्रफुल्ल एन भारत का इस्तीफा स्वीकार

**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। वहीं अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा को नए महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है। इसका आदेश आज विधि और विधायी कार्य विभाग ने जारी किया है। बता दें कि हाल ही में प्रफुल्ल एन भारत ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा था।



प्रफुल्ल एन भारत ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा था कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों से मिले सहयोग के लिए मैं कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त करता हूं। मैं उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कल्याणकारी राज्य के हितों की रक्षा के कठिन कार्य में सहयोग देने के लिए नौकरशाहों की टीम के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं। मुझे महाधिवक्ता कार्यालय के अपने सहयोगियों और बार के सदस्यों से पूरा सहयोग मिला। इसके साथ ही मैं राज्यपाल का भी आभारी हूं कि आपने मुझे राज्य के प्रथम विधि अधिकारी के रूप में सेवा करने का अवसर दिया।

**बिहार सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा**

# भाजपा के सम्राट चौधरी को मिला गृह

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहली बार छोड़ा गृह विभाग, विजय कुमार को वित्त

**पटना**, 21 नवम्बर (देशबन्धु) बिहार में दसवीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा करते हुए भारतीय जनता पार्टी नेता सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को उप मुख्यमंत्री का दर्जा दिया है।



मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री श्री कुमार ने सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं है, अपने पास रखे हैं। श्री कुमार ने भाजपा नेता सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेवारी दी है। काफी लंबे समय से यह विभाग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास था। श्री कुमार ने भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा को राजस्व एवं भूमि सुधार तथा खान एवं भूतत्व विभाग की जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री ने जनता दल यूनाईटेड नेता विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, योजना एवं विकास, मध निषेध, उत्पाद, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, वित्त और वाणिज्य कर की जिम्मेवारी दी है। वित्त विभाग पूर्व में सम्राट चौधरी के पास था। जनता दल यूनाईटेड नेता श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास और परिवहन विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। इसी तरह भाजपा नेता मंगल पांडेय को स्वास्थ्य और विधि विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। श्री पांडेय के पास पहले भी यही विभाग था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल को उधोग विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। ज्यादातर बड़े विभागों की जिम्मेदारी भाजपा नेताओं को दी गई है।

# मैक्सिको की फातिमा बॉश बनी मिस यूनिवर्स

## विवाद से भी रहा नाता



**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। मिस यूनिवर्स का खिताब पाना हर किसी का सपना होता है और इस बार साल 2025 में 130 देशों की प्रतियोगिओं को पीछे छोड़कर मैक्सिको की फातिमा बॉश के सिर मिस यूनिवर्स का ताज सजा है। विवादों में रहने के बाद भी 25 साल की फातिमा बॉश को खिताब मिला। उन्हें मिस थाइलैंड के निदेशक नवात इत्साराग्रिसिल ने बीच शो में तीखी डांट लगाई थी और शो के बाकी कंटेस्टेंट ने भी विरोध किया था, लेकिन विरोध के बीच भी फातिमा बॉश ने इतिहास रच दिया। 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के फाइनल में सभी देशों की अलग–अलग ब्यूटी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**एसआईआर के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई**

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा



**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। केरल और अन्य की याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवंबर तय की है। केरल में दिसंबर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। जब संवैधानिक चुनाव चल रहे हों, तो बेकार में जल्दबाजी करके सत्यापन की गुणवत्ता को कम करना, मताधिकार के लोकतांत्रिक अधिकार के खिलाफ है। केरल के अलावा तमिलनाडु और बंगाल भी एसआईआर के खिलाफ याचिका लगा चुके हैं। इंडियन मुस्लिम यूनियन लीग की याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एसआईआर के खिलाफ अब तक 10 याचिकाएं लग चुकी हैं।

**गुजरात में बीएलओ ने की आत्महत्या सुसाइड नोट में एसआईआर को ठहराया दोषी**

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में एक शिक्षक ने शुक्रवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। शिक्षक को बूथ लेवल अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया था। परिवार ने दावा किया कि शिक्षक ने कथित सुसाइड नोट में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की वजह दबाव और मानसिक तनाव के चलते यह कदम उठाया।

**प्रदूषण** अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आईक्यू एयर' ने जारी की रैंकिंग

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

■ सभी स्कूलों में खेल गतिविधियों पर रोक लगी

**नई दिल्ली, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया भर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आईक्यू एयर' की नवीनतम लाइव रैंकिंग में भारत की राजधानी दिल्ली ने एक बार फिर चिंताजनक रिकॉर्ड दर्ज किया है। रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। इसके साथ ही दक्षिण एशिया**

*गुरुवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक शुक्रवार सुबह भी कई इलाकों में 450 से ऊपर दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवंबर–दिसंबर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट इवेंट्स पर रोक लगा दी है। इससे पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हो।*

***आज से हवा और खराब होने का अनुमान***– *दिल्ली ही नहीं, इसके पड़ोसी शहरों में भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब है। शुक्रवार को गाजियाबाद शहर का दोपहर 1 बजे एक्यूआई 428 दर्ज किया गया, जबकि नोएडा में यह आंकड़ा 395 रहा। ग्रेटर नोएडा में 356 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही गुरुवार को ग्रेटर नोएडा देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली–एनसीआर में अगले कुछ दिनों में प्रदूषण और बढ़ सकता है।*

*इसके साथ ही 22 नवंबर से कई इलाकों में एक्यूआई के गंभीर श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि 23 नवंबर को हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' स्तर में जा सकती है और इसके बाद लगातार छह दिनों तक राहत की उम्मीद नहीं है।*

***लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत*** – *मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हवा की रफ्तार बेहद कम होने के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण में फंसे रह जाएंगे। इसके चलते प्रदूषण और बढ़ने की संभावना है। प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा हवा में सांस लेना एक दिन में करीब 11 सिगरेट पीने जितना हानिकारक है।*

# 46 लाख मानदेय बकाया, पथरिया जनपद पंचायत की वित्तीय अनियमितताएं फिर सुर्खियों में

**मुंगेली,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। पथरिया जनपद पंचायत पथरिया अपने वित्तीय कुप्रबंधन और अनियमितताओं को लेकर एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। कुछ ही समय पहले सुशासन तिहार की आड़ में करीब 16 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया था, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। मामला अभी शांत भी नहीं हुआ कि अब पूर्व जनप्रतिनिधियों के 46 लाख रुपये के मानदेय भुगतान न होने से नया विवाद खड़ा हो गया है। इससे न केवल प्रशासन की जवाबदेही कटघरे में आई है, बल्कि जनप्रतिनिधियों में गहरा आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। इसी मुद्दे पर शुक्रवार को युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत और पथरिया पार्षद दीपक साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा से मुलाकात की और मुंगेली कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि पथरिया विकासखंड के 96 ग्राम पंचायतों के पूर्व पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों को आज आठ महीने बीत जाने के बाद भी उनके चार माह के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जो पूरी तरह से प्रशासनिक लापरवाही और वित्तीय अनियमितता का उदाहरण है। 96 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों का 4 माह का भुगतान रोका गया।



**ज्ञापन में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, पथरिया ब्लॉक में—**

25 पूर्व जनपद सदस्य, 94 सरपंच,1296 पंच का मानदेय चार माह से लंबित पड़ा है। शासन द्वारा तय मानदेय इस प्रकार है— जनपद सदस्य - ?5,000 प्रति माह, सरपंच - ?4,000 प्रति माह,पंच - ?500 प्रति माह इनके आधार पर कुल बकाया राशि ?46,28,000 बनती है, जो अभी तक संबंधित जनप्रतिनिधियों को प्राप्त नहीं हुई है। पूर्व जनप्रतिनिधियों का कहना है कि फरवरी 2025 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो गए थे और नई पंचायतें मार्च से अपने कार्य में लग गई थीं। बावजूद इसके, पुरानी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को उनके कार्यकाल के अंतिम चार महीनों का मानदेय अब तक नहीं दिया गया। यह स्थिति न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि इसे वे अधिकारों का हनन और प्रशासनिक उदासीनता की चरम स्थिति बता रहे हैं।

विकास निधि गबन के बाद अब मानदेय रोके जाने पर बढ़ा अविश्वास - कुछ ही दिन पहले सुशासन तिहार के नाम पर करीब 16 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया था। इस मामले में युवा कांग्रेस ने एसडीएम कार्यालय का घेराव भी किया था। अब 46 लाख के मानदेय भुगतान रोके जाने के मामले ने प्रशासन पर अविश्वास और गहरा कर दिया है। पूर्व जनपद सदस्य रविप्रकाश वर्मा ने कहा— पहले विकास निधि की राशि का गबन किया गया, और अब पूर्व जनप्रतिनिधियों के मानदेय रोककर उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यह साफ दर्शाता है कि जनपद पंचायत में वित्तीय पारदर्शिता का अभाव है और अधिकारियों द्वारा नियमों की अनदेखी कर मनमानी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार जनपद पंचायत के अधिकारियों से भुगतान को लेकर संपर्क किया गया, परंतु कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। न ही फाइलें आगे बढ़ाई गईं और न ही मानदेय रिलीज़ करने के लिए कोई ठोस पहल हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब से नए जनप्रतिनिधियों ने पदभार संभाला है, तब से पुरानी फाइलें और भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। इससे यह प्रतीत होता है कि या तो प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता नहीं है या फिर जानबूझकर देरी की जा रही है। जनप्रतिनिधियों में रोष - हमने सेवा दी, बदले में अपमान मिला - पूर्व पंच - सरपंचों ने बताया कि उन्होंने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए दिन-रात एक किया। कई बार अपनी जेब से भी खर्च करना पड़ा, परंतु अब जब बारी मानदेय की आई तो प्रशासन ने उन्हें भूल ही गया। पंचों ने कहा— ग्राम कपूवा के पंच खेलावन पहाड़ी ने बताया कि पंचायतों के काम में सबसे आगे पंच ही रहते हैं, लेकिन मानदेय देने की बारी में सबसे पीछे कर दिया गया। ?500 प्रतिमाह कोई बड़ी रकम नहीं, फिर भी प्रशासन इसे देने में सक्षम नहीं है, यह शर्मनाक है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत का बयान- पथरिया जनपद पंचायत की वित्तीय अनियमितताएं किसी से छिपी नहीं हैं। पहले 16 लाख का गबन हुआ, अब 46 लाख मानदेय रोककर पूर्व जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यह प्रशासन की असंवेदनशीलता है। जिन लोगों ने पांच साल जनता की सेवा की, आज उन्हीं को उनका हक नहीं मिल रहा। हमने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है और यदि जल्द भुगतान नहीं होता तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पथरिया पार्षद दीपक साहू का बयान- मानदेय रोकने का कोई औचित्य नहीं है। यह साफ तौर पर वित्तीय कुप्रबंधन का उदाहरण है। पंचायत में पारदर्शिता खत्म होती जा रही है। 96 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। हमने एसडीएम को पूरी जानकारी दी है और कलेक्टर से तत्काल मानदेय रिलीज करने की मांग की है। यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। लगातार उभर रहे वित्तीय अनियमितताओं के मामलों ने पथरिया जनपद पंचायत की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

## धान खरीदी केंद्र खोडरी और जोगीसार का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य व्यवस्थित रूप से चल रहा है। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी धान खरीदी केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही हैं। कलेक्टर ने आज धान उपार्जन केंद्र खोडरी और जोगीसार का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबंधकों से धान खरीदी व्यवस्था को लेकर किसी तरह की दिक्कत तो नहीं है, के बारे में जानकारी ली। साथ ही धान विक्रय करने आए किसानों से भी चर्चा की और धान की गुणवत्ता, नमी, उपार्जित धान का रख-रखाव का अवलोकन किया तथा मोटा एवं पतला धान का अलग-अलग स्केटिंग लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पेण्ड्रारोड विक्रांत अंचल एवं तहसीलदार शेष नारायण जायसवाल भी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने स्कूल और आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण- बेहतर परीक्षा परिणाम लाने शिक्षकों को दिए निर्देश



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोडरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगीसार और आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र अमरैयापारा जोगीसार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली तथा खोडरी स्कूल में कक्षा 11वीं में कला संकाय के अध्ययनरत बच्चों के क्लास में जाकर अध्ययन-अध्यापन के स्तर की जांच की। कलेक्टर ने शिक्षकों की बैठक लेकर 10वीं एवं 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यार्थियों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने कहा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र अमरैयापारा जोगीसार में बच्चों की उपस्थिति, आंगनबाड़ी में संचालित होने वाले गतिविधियों आदि की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पेण्ड्रारोड विक्रांत अंचल एवं तहसीलदार शेष नारायण जायसवाल भी उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सीजीपीएससी में दुर्ग के...**

वहीं पूरी लिस्ट चेक करने के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। आयोग की ओर से ये भी कहा गया है कि आरक्षित वर्ग के ऐसे अभ्यर्थियों जिन्हें मुख्य परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न पत्र में प्राप्तांक 23 प्रतिशत या अधिक है और 33 प्रतिशत से कम को केवल संबंधित आरक्षित पदों के आबंटन के लिए चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थियों के पद आबंटन की कार्यवाही के बाद चयन सूची अलग से जारी की जाएगी।

**सोशल मीडिया से दूर रहते थे...**

इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट से रिटायर हुए। सीजीपीएससी टॉपर देवेश साहू ने अपनी प्राथमिक शिक्षा भिलाई स्टील प्लांट द्वारा संचालित सेक्टर 7 और 10वी, 12वीं की पढ़ाई सेक्टर 10 स्कूल से हुई है। गवर्नमेंट कॉलेज, जगदलपुर से इंजीनियरिंग पास करने के बाद उन्होंनें सीजीपीएससी की तैयारी वर्ष 2021 से शुरू हुआ। शुरुआत में कोचिंग गए। इसके बाद स्वयं पर फोकस किया। उन्होंनें बताया कि वे सोशल मीडिया से दूर रहकर अपनी पढ़ाई पर पूरी तरह से फोकस था। एआई का सहारा लिया और स्टडी मटेरियल इससे तैयार करते रहे। देवेश के पिता हलधर प्रसाद ने बताया कि उनका एक बेटा देवेश व बेटी है। बेटी भी छत्तीसगढ़ सरकार के उद्यानिकी विभाग में है। फिलहाल पूरा परिवार रिसाली धनोरा रहता है। रिटायरमेंट के बाद हलधर प्रसाद ने अपना घर गोल्डन चौक धनोरा में मनाया और पूरा परिवार यहीं रहता है। देवेश ने बताया कि यह उनका तीसरा इंटरव्यू था। तीसरे इंटरव्यू में कामयाबी मिली है। पहले 2 साल तक कोचिंग की।

**यशवंत ने रील देखने के बजाय...**

के पद पर कार्यरत हैं और मूलत: जांजगीर चांपा क्षेत्र के निवासी हैं। उनके पिता स्व. भरतलाल देवांगन ने कोरबा में रहकर अपने बच्चों को स्कूली शिक्षा दिलाई।

**दूसरे ही प्रयास में अंकुश ने ...**

प्रदेश में सातवां रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है,परिणाम आते ही उनके परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल बन गया,माता-पिता ने इसे उनके निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया,अंकुश लंबे समय से प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी में जुटे थे,शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के लिए गर्व का विषय है,दोस्तों और साथियों ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयों से भर दिया,अंकुश ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार,मित्रो और गुरुओं के मार्गदर्शन को दिया है,क्षेत्रवासियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं,पीएससी में सातवां रैंक प्राप्त कर अंकुश ने युवाओं के लिए प्रेरक मिसाल पेश की है।

अंकुश के बड़े भाई अभिषेक बेनर्जी एवं नारायण बेनर्जी बताते हैं, अंकुश दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था यूपीएससी में लगातार अंकुश ने तीन बार मुख्य परीक्षाएं दी,परंतु इंटरव्यू तक नहीं पहुंच पाया, समय की गंभीरता को समझते हुए अंकुश वापस छत्तीसगढ़ आ गए परिवार के साथ व्यापार में सहयोग करने लगे, साथ ही लोक सेवा के जुनून ने उसे थमने नहीं दिया, अपने परिवार और मित्रों के मार्गदर्शन से उसने 2024 में पहली बार सीजीपीएससी का एग्जाम दिया और पहले ही प्रयास में 137 व रैंक हासिल किया जिसके बाद उसका मनोबल बढ़ गया और दूसरे प्रयास में उसने सातवां रैंक प्राप्त कर नारायणपुर का नाम रोशन किया।

**मुख्यमंत्री ने दी सफल...**

किया है कि प्रदेश की नई पीढ़ी प्रशासनिक सेवाओं में एक सशक्त स्थान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और दृढ़ निश्चय से प्राप्त यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

**कांग्रेस ने सार्वजनिक किया ...**

खड़गे ने लिखा, 'फैक्ट्स तो फैक्ट्स होते हैं और आपके लाइक्स की वजह से गायब नहीं होंगे। पंडित नेहरू और भारत के लिए उनकी बड़ी कामयाबियों को जानबूझकर तोड़-मरोड़कर पेश करने, गलत जानकारी और फेक न्यूज देने के इस दौर में, सच्चाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी लिखी बातों को डिजिटाइज करना सही है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे खुशी है कि 'द नेहरू आर्काइव' अब लाइव है। यह जवाहरलाल नेहरू की लिखी बातों का भारत का पहला बड़ा, ओपन-एक्सेस डिजिटल आर्काइव है, जिसमें चिट्ठियां, भाषण, नोट्स और भी बहुत कुछ हैं, जो सभी आपस में जुड़े हुए हैं और आसानी से इस्तेमाल के लिए फ्री में उपलब्ध हैं।'

**नेहरू के शब्द एक ताकतवर रास्ता दिखाते हैं: राहुल**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'नेहरू की लिखी बातें सिर्फ इतिहास नहीं हैं, वे भारत की बदलती सोच का रिकॉर्ड हैं। जो कोई भी हमारे देश की डेमोक्रेटिक यात्रा - उसकी हिम्मत, उसके सवाल, उसके सपनों को समझना चाहता है, उसके लिए उनके शब्द एक ताकतवर रास्ता दिखाते हैं। मुझे खुशी है कि यह विरासत अब सबके लिए खुली, खोजने लायक और मुफ्त है। इसे और बढ़ाया जाएगा।

**मैक्सिको की फातिमा बॉश बनी...**

क्वीन्स गाउन पहनकर स्टेज पर आई। प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप थाईलैंड की प्रवीणर सिंह, सेकेंड रनरअप मिस वेनेजुएला और थर्ड रनरअप मिस फिलीपींस रहीं। भारत से राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा भी प्रतियोगिता का हिस्सा रहीं लेकिन वे टॉप-12 तक भी अपनी जगह नहीं बना पाईं। वे प्रतियोगिता के 30वें राउंड तक ही पहुंच पाईं। इससे पहले मिस यूनिवर्स 2024 का खिताब विक्टोरिया केजर थेलविग के सिर सजा था, जोकि डेनमार्क को री-प्रेजेंट कर रही थीं।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO. 021-1710/ PUBLICATION/ 5443 Korba West, dtd. 21.11.2025
**TENDER NOTICE No. 331/2025. (e-Bidding)**
**Online tenders** are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100047484 | Supply of 630A, 415V, 8way Complete Assembled Electrical Distribution Board for 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 7,045/- | 16.12.2025 |
| 2. | RFX No. 8100047573 | Procurement of Electro-Forged Galvanized Grating for AH-II area of 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 14,875/- | 19.12.2025 |
| 3. | RFX No. 8100047604 | Day to day maintenance contract of BTG area, BOP/ Street lighting of 1x500MW, HTPS, KW. | 590/- | 7,290/- | 15.12.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.
SUPERINTENDING ENGINEER (P-II)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ELECTRICITY

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
निविदा क्रमांक: **सी.ए.ओ./सी/बीएसपी/25-26-16, दिनांक : 14.11.2025** (खुली ई-निविदा) (सिंगल पैकेट सिस्टम)
कार्य : बिलासपुर डिविजन के बिलासपुर-चांपा खंड में ब्रिज संख्या 12 (चौथी लाइन) के लिए जयराम नगर और कोटमीसोनार स्टेशन के बीच 18.30 मीटर कंपोजिट प्लेट गर्डर की चार नग बियरिंग असेंबली को शिफट करने का कार्य करना।
निविदा मूल्य: 24,50,000.00/- अमानत राशि: ₹ 49,000.00/-, निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य कार्य पूर्णता की अवधि: 03 (तीन) महिने स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **निविदा बंद होने का समय एवं** दिनांक: 09-12-2025 को 15.00 बजे, निविदा खोलने होने का समय एवं दिनांक: 09-12-2025 को 15.30 बजे,
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर पिन: 495004 अथवा उप मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर पिन : 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक /पश्चिम /निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर पिन: 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।
उप मुख्य अभियंता/निर्माण
सीपीआर/10/FL/470 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**
क्र. 37/न.पा.नि./जोन क्र. 03/2025-26 दिनांक 19/11/2025
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 09.12.2025 को सायं काल 4:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 26 रमजानी बाबा उद्यान में इंटरलॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक फ्लोर मरम्मत कार्य। | 4.00 | 4000 | 750 |
| 2 | वार्ड क्र. 24 अज्ञेय नगर उद्यान में इंटरलॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक फ्लोर मरम्मत कार्य। | 3.51 | 3600 | 750 |

नगर निगम के विभागीय वेब साईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता, जोन क्र. 03, नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

**कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
e-mail- npkunra2016@gmail.com
क्रं./971/लो.नि.वि./न.पं. / 2025-26 कूंरा, दिनांक 19.11.2025
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ( 4th Call )**
Main: Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://uad.cg.gov.in
नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक/अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 180125 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 (4th Call) | 238.14 | 1.50 | प्रारंभिक तिथि 20.11.2025 अंतिम तिथि 02.12.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा जिला रायपुर

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, RAVI AGRAWAL S/O RAMBILAS AGRAWAL resident of SHITAL BHAWAN, GURUDWARA WARD NO. 32, AMBIKAPUR, SURGUJA (C.G.) have changed my old name RAVI AGRAWAL S/O RAMBILAS AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is RAVITAM AGRAWAL S/O RAMBILAS AGRAWAL, in all Government and other documents.
**RAVITAM AGRAWAL**
SHITAL BHAWAN, GURUDWARA WARD NO. 32, AMBIKAPUR, SURGUJA (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, MOHAN LAL S/O NATHMAL BAGADIYA resident of OPP. CENTRAL BANK OF INDIA MOHAN PARA AKALTARA, JANJGIR-CHAMPA, (C.G.) 495552 have changed my old name MOHAN LAL S/O NATHMAL BAGADIYA so in future I should be recognized by my new name that is MOHAN LAL BAGADIYA S/O NATHMAL BAGADIYA in all Government and other documents.
**MOHAN LAL BAGADIYA**
OPP. CENTRAL BANK OF INDIA MOHAN PARA AKALTARA, JANJGIR-CHAMPA, (C.G.) 495552

**आवश्यकता है**
ज्ञानरोशनी कालेज ऑफ फार्मेसी जांजगीर के डी.फार्मेसी हेतु निम्नलिखित पदों पर छ.ग.स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई छ.ग.एवं पीसीआई के नियमानुसार नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र 02 प्रतियों में नवीनतम 2 फोटो के साथ अधोलिखित पदों पर दिनांक 20/04/2024 तक आमंत्रित है :-
1. प्राचार्य - 01, एम फार्मा एवं 5वर्ष का अनुभव
2. प्रोफेसर- 01, एम.फार्मा
3. व्याख्याता- 04, बी.फार्मा, 3वर्ष का अनुभव
4. अन्य समस्त पद - PCI एवं विश्वविद्यालय के अनुसार
योग्यता एवं वेतन विश्वविद्यालय एवं पीसीआई के नियमानुसार देय होगा। आवेदन पत्र grlkpc jnj@ gmail. com पर एवं व्यक्तिगत रूप से/ पोस्ट द्वारा प्रेषित किया जा सकता है।
संचालक
ज्ञानरोशनी कालेज ऑफ फार्मेसी जांजगीर
मो. 94252 30436

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/ क/ तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10/11/2025
मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.नं. 364/1, 367/21, 367/64 रकबा 0.0230, 0.008, 0.0120 हे. हेतु आवेदक केशव कुमार कश्यप पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद निवासी अजीत होटल तेलीपारा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आनलाईन भुईया के वर्तमान रिकार्ड में प्रतिबंधित दिखा रहा है जिस कारण उपरोक्त खसरा नंबर से प्रतिबंध को हटाने हेतु आवेदन पत्र, बी-1 सहित पेश किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
सील तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/ क/ तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10/11/2025
मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.नं. 365/11,(शा.ख.नं. 366/11) रकबा 0.0040 हे. हेतु आवेदक माधो प्रसाद कश्यप पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद निवासी अजीत होटल तेलीपारा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आनलाईन भुईया के वर्तमान रिकार्ड में प्रतिबंधित दिखा रहा है जिस कारण उपरोक्त खसरा नंबर से प्रतिबंध को हटाने हेतु आवेदन पत्र, बी-1 सहित पेश किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
सील तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/ क/ तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10/11/2025
मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.नं. 365/12, (शा.ख.नं. 366/12) 367/63 रकबा 0.0010, 0.008 हे. हेतु आवेदक उधो प्रसाद कश्यप पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद निवासी अजीत होटल तेलीपारा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आनलाईन भुईया के वर्तमान रिकार्ड में प्रतिबंधित दिखा रहा है जिस कारण उपरोक्त खसरा नंबर से प्रतिबंध को हटाने हेतु आवेदन पत्र, बी-1 सहित पेश किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
सील तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. ......./ 2024-25
ग्राम .. तहसील सकर्रा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता स्व. रामखिलावन के द्वारा ग्राम बेलमुण्डी, पह.नं. 38 तहसील सकर्रा, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 235/1 रकबा 1.95 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेखों में स्व. रामबाई पति स्व. रामखिलावन के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन भुईयां में किया गया है। प्रकरण का निराकरण समस्त पक्षकारों को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए किये जाने के कारण प्रकरण राजस्व न्यायालय में लिया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
सील नायब तहसीलदार उप तहसील सकर्रा

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम अशोक तिवारी पिता श्री जगन्नाथ तिवारी निवासी हाउस नंबर 29, श्रीकांत वर्मा मार्ग, वैशाली नगर, फेस-02, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि अपना पुराना नाम अशोक तिवारी पिता श्री जगन्नाथ तिवारी को बदल कर नया नाम अशोक कुमार तिवारी पिता श्री जगन्नाथ तिवारी निवासी हाउस नंबर 29, श्रीकांत वर्मा मार्ग, वैशाली नगर, फेस-02, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूं।
अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम अशोक कुमार तिवारी पिता श्री जगन्नाथ तिवारी के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।
स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 21/11/2025
**अशोक कुमार तिवारी**
पिता श्री जगन्नाथ तिवारी
हाउस नंबर 29, श्रीकांत वर्मा मार्ग, वैशाली नगर, फेस-02, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
ग्राम छुछुभांठा प.ह.नं. 20
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)
एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम छुछुभांठा प.ह.नं. 20 तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री मनोज कुमार जोल्हे पिता सहनीराम जाति सतनामी तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) ने भूमि ग्राम छुछुभांठा प.ह.नं. 20 तहसील डभरा भूमि खसरा नंबर 233/4 रकबा 0.26 एकड़ में से 0.07 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 10.12.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 19.11.2025 को जारी किया गया।
सील अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रतनपुर, दिनांक 20/11/2025
रा.प्र.क्र. ....................
(ब-121/ 2025-26)
मौजा ग्राम रिंगवार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फगुन सिंह पिता रूपसिंह जाति कंवर निवासी ग्राम मझवानी तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने बड़े पिता बुधराम पिता विक्रम का मृत्यु दिनांक 10.07.2018 को ग्राम रिंगवार में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पंचायत रिंगवार में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3)एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सचिव ग्राम पंचायत रिंगवार को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 05/12/2025 को दावा/ आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।
सील कार्यपालिक दण्डाधिकारी रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग रायगढ़ (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
क्रमांक - 2016/ NIT-15/ 2025-2026/ व.ले.लि./ दिनांक : 20/11/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 15-12-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 23-12-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 24-12-2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी ई पंजीयन के अन्तर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 15 T0149 | जिला कोरबा अंतर्गत विकासखण्ड पाली के हाई स्कूल भवन कर्रानवापारा में विद्युतीकरण का कार्य | 7.38 | 5535.00 |
| 15 T0150 | जिला रायगढ़ के विकासखण्ड रायगढ़ अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0151 | जिला रायगढ़ के विकासखण्ड खरसिया अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0152 | जिला रायगढ़ के विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0153 | जिला कोरबा अंतर्गत व्यवहार न्यायालय भवन कटघोरा में 2 नग अतिरिक्त न्यायालय कक्ष में विद्युतीकरण का कार्य | 8.82 | 6615.00 |
| 15 T0154 | जिला रायगढ़ के विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0155 | जिला रायगढ़ के विकासखण्ड तमनार अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0156 | जिला रायगढ़ के विकासखण्ड लैलूंगा अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0157 | जिला कोरबा अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर कोरबा में पुरूष, महिला एवं दिव्यांगजनों के लिए शौचालय का विद्युतीकरण कार्य | 1.93 | 2000.00 |
| 15 T0158 | जिला रायगढ़ के विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0159 | जिला रायगढ़ के वि/यां. उपसंभाग रायगढ़ के सेक्शन क्र. 1 अंतर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0160 | जिला रायगढ़ के वि/यां. उपसंभाग रायगढ़ के सेक्शन क्र. 2 अंतर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0161 | जिला कोरबा अंतर्गत सिविल कोर्ट कटघोरा में पुरूष, महिला एवं दिव्यांगजनों के लिए शौचालय परिसर का विद्युतीकरण कार्य | 1.93 | 2000.00 |
| 15 T0162 | जिला रायगढ़ में स्थित सर्किट हाउस/ रेस्ट हाउस भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 3.00 | 3000.00 |
| 15 T0163 | जिला रायगढ़ के धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया अंतर्गत सर्किट हाउस/ रेस्ट हाउस भवनों में विद्युतीकरण कार्य | 3.00 | 3000.00 |

**नोट :-** निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/ pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि.यां.)
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)
जी- 252604941/1

# देश

**उवाच**



यह कौन सा एसआईआर है कि लोग मतदाता सूची को ठीक करने के बजाय एक राज्य से दूसरे राज्य के वोटर बने रहेंगे वे आधार को लिंक नहीं करेंगे, क्योंकि अगर आधार लिंक हो जाएगा तो लोग दूसरी जगह वोट नहीं डाल पाएंगे। ऐसे बहुत से सवाल हैं।

–फखरुल हसन, सपा प्रवक्ता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.0 | 13.0 |
| मुंबई | 32.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता कोई संवैधानिक अधिकारी : स्टालिन

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने राज्यों के अधिकार को लेकर दिया बयान

**चेन्नई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि कोई भी संवैधानिक अधिकारी संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता है। स्टालिन ने यहां अपने बयान में कहा कि राज्य के अधिकारों और सच्चे संघीय ढांचे के लिए लड़ाई जारी रहेगी। जब तक राज्य विधानसभाओं में पास हुए विधेयकों को राज्यपालों द्वारा मंजूरी प्रदान करने के लिए समय सीमा तय करने के लिए संविधान में बदलाव नहीं किए जाते, तब तक चैन से नहीं बैठा जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति संदर्भ के जवाब में उच्चतम न्यायालय की राय का तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में आठ अप्रैल, 2025 के फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जिसके तहत न्यायालय राज्यपाल के पास लंबित पड़े सभी 10 विधेयकों को मंजूरी प्रदान कर दी थी। इसके बाद उन्हें सरकारी गजट में नोटिफाई किया गया था। उन्होंने दोहराया कि कोई भी संवैधानिक अधिकारी संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता। जब कोई बड़ा संवैधानिक अधिकारी भी संविधान का उल्लंघन करता है, तो संवैधानिक न्यायालय ही एकमात्र उपाय है, और न्यायालय के दरवाजे बंद नहीं होने चाहिए। स्टालिन ने कहा कि न्यायालय का दरवाजा बंद किए जाने से संवैधानिक लोकतंत्र में कानून का राज कमज़ोर होगा और राजनीतिक इरादे से काम करने वाले गवर्नर संविधान के उल्लंघन को बढ़ावा देंगे।



जब कोई बड़ा संवैधानिक अधिकारी भी संविधान का उल्लंघन करता है, तो संवैधानिक न्यायालय ही एकमात्र उपाय है : एम.के. स्टालिन

**देश में हर संवैधानिक सिस्टम संविधान के हिसाब से काम करे**

स्टालिन ने कहा कि जब तक तमिलनाडु के लोगों की इच्छा कानून के जरिए पूरी नहीं हो जाती, द्रमुक सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस देश में हर संवैधानिक सिस्टम संविधान के हिसाब से काम करे। अगर राज्यपाल किसी विधेयक पर विचार करने में लंबे समय तक, बिना किसी वजह के अनिश्चित काल तक देरी करते हैं, तो राज्य सरकार संवैधानिक अदालत में जा सकती है और राज्यपाल को उनकी जानबूझकर की गई नाकामियों के लिए जिम्मेदार ठहरा सकते हैं।' अहमदाबाद सेंट जेवियर्स कॉलेज सोसाइटी बनाम गुजरात राज्य (1974) 1 एससीसी 717 (पैरा 109) में नौ न्यायाधीशों की बेंच ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि न्यायालय की सलाह वाली राय का कानूनी अधिकारियों की राय से ज़्यादा असर नहीं होगा।' उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत की कल की राय ने तमिलनाडु के राज्यपाल की पॉकेट वीटो की थ्योरी और इस बात को फिर से खारिज कर दिया है कि राजभवन बिलों को खत्म कर सकता है या दबा सकता है। स्टालिन ने कहा कि हमारी कानूनी लड़ाई के जरिए, हमने अब तमिलनाडु के गवर्नर समेत उन राज्यपालों को मजबूर कर दिया है, जो देश भर में चुनी हुई सरकार से अलग राय रखते हैं, कि वे चुनी हुई सरकार के साथ मिलकर काम करें और कानून बनाकर लोगों की इच्छा के जवाब में जानबूझकर कुछ न करने के लिए जवाबदेह हों। इसने संवैधानिक न्यायालयों को यह भी अधिकार दिया है कि अगर वे विधेयक पास होने में हमेशा के लिए रुकावट डालते हैं, तो वे अपने कामों का रिव्यू कर सकते हैं, और वे अनुच्छेद 361 के पीछे नहीं छिप सकते।' स्टालिन ने कहा कि मेरा मानना है कि कोई भी संवैधानिक अधिकारी संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता।

### तमिलनाडु के अधिकारों और सच्चे संघीय ढांचे के लिए लड़ाई जारी रहेगी

स्टालिन ने कहा कि राज्य के अधिकारों और सच्चे संघीय संघवाद के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि असल में परामर्श राय देने वाली पीठ ने इस बात की फिर से पुष्टि की है कि चुनी हुई सरकार को चालक की सीट पर होनी चाहिए, और राज्य में दो कार्यकारी शक्ति केंद्र नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि पीठ ने कहा था कि संवैधानिक अधिकारियों को संवैधानिक दायरे में काम करना चाहिए। कभी भी उससे ऊपर नहीं, और राज्यपाल के पास विधेयक को खत्म करने या पॉकेट वीटो (जैसा कि तमिलनाडु के राज्यपाल ने किया था) का इस्तेमाल करने का कोई चौथा ऑप्शन नहीं है।

# झारखंड में टेंडर नियमों में बड़ा बदलाव

**रांची,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में टेंडर नियमों में बदलाव का बड़ा फैसला लिया जा रहा है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सेवा अधिकार सप्ताह के शुभारंभ मौके पर घोषणा की कि अब न्यूनतम बोली 10 प्रतिशत से नीचे नहीं जा सकेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव जल्द ही राज्य कैबिनेट में रखा जाएगा। उनके विधानसभा क्षेत्र में 75 लाख की योजना पर ठेकेदार ने 48 प्रतिशत कम दर पर टेंडर डाला, जिससे कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध हो जाती है। इसलिए यह बदलाव जरूरी हो गया है।

वित्त मंत्री किशोर ने केंद्र सरकार पर अनुदान रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नवम्बर तक राज्य को मिलने वाले 30 करोड़ रुपए की राशि केंद्र सरकार से नहीं आई है। जल नल योजना के लिए कुल 12,600 करोड़ का बजट था, जिसमें राज्य सरकार ने 6,300 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने अपनी हिस्सेदारी देने से इनकार किया है। स्थानीय विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने प्रशासनिक लापरवाही पर भी कड़ी टिप्पणी की। मनातू में तीन साल से बीडीओ नहीं है, तरहसी में सीओ की कमी है, और लेस्लीगंज क्षेत्र की स्थिति दयनीय है।

# डॉक्टरों के लॉकरों की श्रीनगर पुलिस ने की जांच



**सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर**

**श्रीनगर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। स्वास्थ्य संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और मजबूत बनाने के लक्ष्य के तहत श्रीनगर पुलिस ने अपने विशेष जांच अभियान को आगे बढ़ाते हुए डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उपयोग किए जा रहे लॉकरों की जांच की। पुलिस का यह अभियान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के समन्वय में जिला अस्पतालों, निजी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में संचालित किया गया। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों की संयुक्त टीम ने अस्पताल परिसर में मौजूद सभी रैक और लॉकरों की बारीकी से जांच की। जांच का उद्देश्य इन लॉकरों के अनुचित या गैर-अधिकृत उपयोग को रोकना था, जिसमें अवैध सामग्री या खतरनाक वस्तुओं को संग्रहीत करने की संभावनाओं पर नजर रखना शामिल था। अधिकारियों ने जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया कि सभी कर्मचारी उचित रिकॉर्ड बनाए रखें और लॉकरों का उपयोग केवल आधिकारिक और वैध उद्देश्यों के लिए ही किया जाए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में सुरक्षा वातावरण को मजबूत बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहेंगे। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों और अनुशासन का पालन करने की भी सलाह दी। श्रीनगर पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि नागरिकों और राष्ट्र की सुरक्षा को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य संस्थानों में एक सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे। इसके अलावा, श्रीनगर पुलिस ने पूरे शहर में कार डीलरशिप की भी बड़े पैमाने पर जांच की, जिसमें नौहट्टा, लाल बाजार, एमआर गंज, सफाकदल, जादीबल, खानयार और दूसरे पुलिस स्टेशन शामिल थे।

## सार संक्षेप

### उधमपुर पुलिस ने की गुलाम कादर की चल संपत्ति जब्त

**उधमपुर।** उधमपुर पुलिस ने गौ-तस्करी में संलिप्त एक आदतन आरोपी गुलाम कादर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी चल संपत्ति जब्त कर ली है। पुलिस ने 12 लाख रुपए की एक टाटा वाहन (पंजीकरण संख्या जेके14 जे 3924) को अटैच किया है। यह वाहन गुलाम कादर का बताया जा रहा है। यह कार्रवाई जेएमआईसी रामनगर, उधमपुर के आदेश पर बीएनएसएस की धारा 17(5) के तहत की गई है।

### बांड से 15 सौ करोड़ रुपए जुटाएगा केरल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार राज्य में महत्वपूर्ण अवसंरचना एवं विकास पहलों का वित्तपोषण करने के लिए राज्य विकास बांड जारी करके 1,5 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। बांड की नीलामी 25 नवम्बर को भारतीय रिजर्व बैंक के मुंबई फोर्ट कार्यालय में होगी और यह आरबीआई के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित की जाएगी। वित्त विभाग के अनुसार, नीलामी का विवरण एवं आधिकारिक अधिसूचना उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस बांड के माध्यम से जुटाई गई धनराशि को राज्य में चल रही और आगामी विकास परियोजनाओं के लिए उपयोग किया जाएगा।

### वीआईपी के अनुमंडल संयोजक की गोली मारकर हत्या

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण में विकासशील इंसान पार्टी के रक्सौल अनुमंडल संयोजक कामेश्वर सहनी की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। घटना सुबह तकरीबन 6 बजे दरपा थाना क्षेत्र के तीनकोनी गांव में घटित हुई। कामेश्वर सहनी अपने घर के बाथरूम से निकलकर हाथ-पैर की सफाई कर रहे थे, उसी समय बाईक पर सवार हथियारबंद अपराधियों ने उनपर अंधाधुंध फायरिंग की। अपराधियों द्वारा तकरीबन 1 राउंड गोलियां चलाई गईं। उनमें से कामेश्वर सहनी को लगी चार गोलियों में एक-एक गोली उनके सर और सीने में लगी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### पटेल करेंगे ताना-रीरी महोत्सव का शुभारंभ

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्मस्थली गुजरात में मेहसाणा जिले के वडनगर में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ताना-रीरी महोत्सव का आज शुभारंभ करेंगे। सूत्रों ने बताया कि वडनगर में हर वर्ष ताना-रीरी महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। शनिवार व रविवार को आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में शाम को शास्त्रीय गायन, वादन तथा लोक संगीत के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली को ताना-रीरी संगीत सम्मान अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।

# पश्चिम बंगाल में कोई बिल पेंडिंग नहीं : राज्यपाल बोस

**कोलकाता,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सुप्रीम कोर्ट के गवर्नरों की विधायी शक्तियों और उनकी सीमाओं से जुड़े फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बैलेंस्ड नजरिया अपनाया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि गवर्नर या भारत के राष्ट्रपति के लिए कोई टाइमलाइन तय नहीं की जा सकती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बैलेंस्ड नजरिया अपनाया है कि इसका मतलब यह नहीं है कि गवर्नर किसी फाइल पर अनिश्चित काल तक बैठे रह सकते हैं। इसकी देरी की कोई वजह होनी चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'एक और बात जो बंगाल के राज्यपाल के लिए बहुत खुशी की बात है, वह यह है कि तीन साल पहले हमने सरकार और विधानसभा के साथ बातचीत का प्रोसेस शुरू किया था। इसे भारत के सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है।' राज्यपाल ने यह भी स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में कोई बिल पेंडिंग नहीं है। कुछ बिल क्लैरिफिकेशन नोट्स के साथ सरकार को वापस भेज दिए गए हैं और हम नतीजों व जवाब का इंतजार कर रहे हैं। जवाब मिलने के बाद, बिना किसी देरी के कार्रवाई की जाएगी।



विधायी शक्तियों से जुड़े फैसले पर प्रतिक्रिया दी

# महागठबंधन की हार वोट की हेराफेरी का नतीजा : दीपिका

## बिहार चुनाव में वोटर लिस्ट हेराफेरी का मंत्री ने लगाया आरोप

**रांची,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि महागठबंधन की हार वोट की हेराफेरी का नतीजा है। सिंह ने कहा कि चुनाव के अंतिम चरण में एसआईआर प्रक्रिया लागू कर करीब 65 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए, जो चुनाव परिणाम को प्रभावित करने वाला बड़ा कारण बना। मंत्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि किस तरह मतदाता सूची में हेराफेरी कर चुनाव परिणाम को प्रभावित किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में एनडीए सरकार वोट चोरी के सहारे बनी है और केंद्र के दबाव में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

**पारदर्शी तरीके से लागू की जाए एसआईआर प्रक्रिया**

झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नहीं है, लेकिन यह चाहती है कि इसे पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए ताकि किसी मतदाता के अधिकारों पर आंच न आए। मंत्री ने कहा कि अगर यह प्रक्रिया निष्पक्ष न रही, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होगी। गढ़वा प्रवास के दौरान दीपिका पांडेय सिंह ने जिले की महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार राज्य के हर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। गढ़वा में सड़कों, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से सुधार किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने श्रीबंशीधर भगवान के मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की शांति और समृद्धि की कामना की। मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए कई नई योजनाएं शुरू की जाएंगी।



बिहार चुनाव के अंतिम चरण में 65 लाख नाम कटने से महागठबंधन की हुई हार : दीपिका पांडेय सिंह

## घाटशिला से नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने विधानसभा की सदस्यता की शपथ ली



**रांची।** झारखंड के घाटशिला विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने विधायक पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने यहां विधानसभा स्थित अपने कक्ष में सोमेश सोरेन को विधायक के पद की शपथ दिलाई। सोरेन हाल ही में हुए उपचुनाव में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से विजयी हुए हैं। शपथ ग्रहण के बाद सोमेश ने कहा कि वे अपने पिता के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देंगे। ज्ञातव्य है कि इस साल के अगस्त माह में तत्कालीन शिक्षा मंत्री और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन का निधन हुआ था। इसके बाद घाटशिला सीट खाली हुई थी। इस उपचुनाव में सोमेश सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को 38 हजार से अधिक वोटों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

# बीस साल बाद खजौली विधानसभा क्षेत्र के किसी विधायक को मिला मंत्री पद

## बिहार चुनाव में तीसरी बार विधायक बने अरुण शंकर प्रसाद

**मधुबनी,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मधुबनी जिले के खजौली विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाले किसी विधायक को बीस साल बाद मंत्री पद मिला है। बिहार में चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की जारी हुई पहली सूची में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खजौली से विधायक अरुण शंकर प्रसाद का नाम शामिल है।

प्रसाद हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बने हैं। इसके साथ ही खजौली विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाले किसी विधायक को बीस साल बाद बिहार सरकार में मंत्री का पद मिला है। इससे पहले इस विधानसभा क्षेत्र से सन् 1985 में कांग्रेस टिकट से जीते बिलट पासवान विहंगम पशुपालन मंत्री, सन् 2000 में राजद से जीते आर एल राम रमण को शिक्षा मंत्री बनाया गया। उसके बाद अब भाजपा के टिकट पर जीते अरुण शंकर प्रसाद को मंत्री बनाया गया है। लंबे अर्से बाद खजौली विधानसभा क्षेत्र से किस के मंत्री बनाए जाने पर इस क्षेत्र के लोगों की उम्मीद जगने लगी है। अरुण शंकर प्रसाद को मंत्री बनाए जाने पर इस क्षेत्र के लोगों ने अलग-अगल प्रतिक्रियाएं दी हैं। भाजपा नेता अधिवक्ता श्याम किशोर सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में महिला डिग्री कालेज शुरू होना चाहिए और वर्तमान डीबी कॉलेज में बीटेक, बीएड, आईटीआई और तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई की व्यवस्था होनी चाहिए।



### विधानसभा क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : सिंह

भाजपा नेता अधिवक्ता श्याम किशोर सिंह ने बताया कि खजौली विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि बीस साल बाद यहां के विधायक को मंत्री बनाया गया है। अरुण शंकर प्रसाद के मंत्री बनने से इस क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा। विगत वर्षों में विकास यात्रा में जो भी कमी रह गई है, उसके पूरे होने की उम्मीद है।

# ओडिशा में अवैध खनन रोकने के लिए नया कानून

**भुवनेश्वर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा मंत्रिमंडल ने अवैध खनन को रोकने और खनिजों की वैध व्यापार व्यवस्था, भंडारण तथा परिवहन को नियंत्रित करने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। मंत्रिमंडल ने 18 साल पुराने नियम को निरस्त करके एक नया और आधुनिक नियम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रशासनिक सुगमता तथा प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से ओडिशा सरकार ने खनिजों की चोरी, तस्करी और अवैध खनन को पूरी तरह रोकने तथा राज्य में खनिजों के कब्जे, भंडारण, व्यापार और परिवहन को विनियमित करने के लिए मौजूदा ओडिशा खनिज नियम, 2007 को निरस्त करके ओडिशा खनिज (अवैध खनन की रोकथाम तथा व्यापार, परिवहन और भंडारण का विनियमन) नियम, 2025 बनाने का निर्णय लिया है। नया ओडिशा खनिज (अवैध खनन की रोकथाम तथा व्यापार, परिवहन और भंडारण का विनियमन) नियम, 2025 खनन पट्टाधारकों के लिए परेशानी-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करेगा।

# राजस्थान विशेष गहन पुनरीक्षण के डिजिटलीकरण में सबसे आगे

**कोलकाता,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में पर्याप्त प्रगति बनी हुई है और अब तक 13.64 करोड़ से अधिक गणना फॉर्मों को डिजिटल स्वरूप दे दिया गया है। चुनाव आयोग के शुक्रवार को जारी नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, राजस्थान इस काम में सबसे आगे है तथा पश्चिम बंगाल दूसरे पायदान पर है। आयोग के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान ने 2.96 करोड़ गणना फॉर्मों का डिजिटलीकरण किया है, जो देश में सबसे अधिक है। पश्चिम बंगाल 2.45 करोड़ फॉर्मों के डिजिटलीकरण के साथ दूसरे स्थान पर है। मध्य प्रदेश 2.28 करोड़ फॉर्म अपलोड करने के साथ तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर तमिलनाडु है जिसने 1.84 करोड़ मतदाताओं का डिजिटलीकरण पूरा किया है। इसके बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 1.79 करोड़ एसआईआर फॉर्मों का डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश ने अब तक 1.42 करोड़ फॉर्मों का डिजिटलीकरण पूरा कर लिया है, जबकि छत्तीसगढ़ ने 57.80 लाख फॉर्म अपलोड किए हैं। अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में, केरल ने 17.21 लाख, गोवा ने 7.08 लाख और पुडुचेरी ने 4.05 लाख फॉर्मों का डिजिटलीकरण किया है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप जैसे छोटे क्षेत्रों ने क्रमशः एक लाख और 35,440 फॉर्मों का डिजिटलीकरण किया है। पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव आयुक्त मनोज कुमार अग्रवाल ने इस काम में प्रगति को 'संतोषजनक' करार दिया है।




12 राज्यों में बंगाल दूसरे स्थान पर

## राजनीति | जम्मू-कश्मीर में सुबह-शाम बिजली महंगी करने के प्रस्तव से राजनीतिक गर्मी बढ़ी

# सरचार्ज का प्रस्ताव रखने के लिए अब्दुल्ला सरकार को घेरा

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जम्मू और कश्मीर सरकार के पीक आवर में बिजली के इस्तेमाल पर 2 परसेंट सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव की राजनीतिक पार्टियों ने कड़ी आलोचना की है। ट्विटर पर एक पोस्ट में, अपनी पार्टी के प्रेसिडेंट सैयद अल्ताफ बुखारी ने इस प्रस्ताव को कश्मीर के लोगों के साथ 'बहुत बड़ा अन्याय' बताया है।**

उन्होंने लिखा कि बिजली विभाग का पीक आवर में बिजली के टैरिफ पर 20 प्रतिशत सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव उन लोगों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है जो पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। हमारी ज्यादातर आबादी टूरिज्म और हार्टिकल्चर पर निर्भर है, इन सेक्टर्स को इस साल भारी नुकसान हुआ है।

दूसरे बिजनेस भी कम हो रहे हैं। ऐसे समय में, सुबह और शाम के लिए बिजली के चार्ज बढ़ाना, जब परिवार कड़ाके की ठंड में सबसे ज्यादा बिजली पर निर्भर होते हैं, सही नहीं ठहराया जा सकता। बुखारी ने कहा कि सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह ऐसा कोई कदम उठाने से पहले लोगों की आर्थिक मुश्किलों पर विचार करे। उन्होंने कहा कि कड़ाके की सर्दी के दिन आ रहे हैं, मैं अधिकारियों से गुजारिश करता हूं, उन लोगों पर थोड़ा रहम करें जो पहले से ही बोझ तले दबे हैं और परेशान हैं। इसी तरह से पीपुल्स कांफ्रेंस के स्टेट सेक्रेटरी शेख मुहम्मद इमरान ने भी सरचार्ज का प्रस्ताव रखने के लिए नेशनल कांफ्रेंस की सरकार की आलोचना की। इमरान ने लिखा कि सरकार ठीक उस समय 20 परसेंट टैरिफ बढ़ाने पर जोर दे रही है जब लोगों को बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत है। और उमर अब्दुल्ला चाहते हैं कि हर कोई चुप रहे। उन्हें क्या लगता है कि क्या होगा, जब सर्दी अपने सबसे कड़ाके की होगी, तब परिवार पीक आवर्स में ठंड और अंधेरे में बैठे रहेंगे। यह उन वादों के साथ पूरी तरह धोखा है जो उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान किए थे। उन्होंने सरकार पर अपने चुनावी वादों से मुकरने का आरोप भी लगाया। फिर भी वही मुख्यमंत्री, जो पावर डिपार्टमेंट के भी हेड हैं, अब ज्यादा रेट की बात कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमें 200 फ्री यूनिट देने का वादा किया गया था। यह बताना जरूरी है कि कश्मीर पावर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने कश्मीर में पीक आवर्स के दौरान बिजली के इस्तेमाल पर 20 परसेंट सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव दिया है। बता दें कि कश्मीर में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बड़े विवाद के बाद, पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट ने घाटी में सुबह और शाम के समय बिजली के इस्तेमाल पर 20 परसेंट एक्स्ट्रा चार्ज लगाने का प्रस्ताव दिया है। कश्मीर पावर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने जाइंट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन से पीक आवर्स के दौरान एग्रीकल्चर सेक्टर को छोड़कर सभी कैटेगरी के कंज्यूमर्स पर 20 परसेंट सरचार्ज लगाने की मंजूरी मांगी है, जब घाटी में हाड़ कंपा देने वाली ठंड की वजह से डिमांड सबसे ज्यादा होती है।




■ पीक आवर्स में बिजली के इस्तेमाल पर दिया है 20 फीसदी सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव

# अभिमत

**सच्चिदानंद जी की करीब दो दर्जन से ज्यादा किताबें हैं। वे हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखते थे। इन सभी का संग्रह राजकमल से प्रकाशित सच्चिदानंद सिन्हा रचनावली में हुआ है, जो 8 खंडों में है। इसमें अंग्रेजी से अनूदित किताबें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सच्चिदा जी का योगदान विचार निर्माण और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में सदैव ही याद किया जाएगा।**

## सिर्फ संत नहीं, विचार के लिए समर्पित थे

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

देश के प्रख्यात समाजवादी विचारक सच्चिदानंद सिन्हा का दो दिन पहले 19 नवंबर को निधन हो गया। वे 97 वर्ष के थे। उनका जाना एक बड़ी क्षति है। विशेषकर, उन सामाजिक कार्यकर्ताओं व लोगों के लिए जो विकल्प की खोज में हैं। उन्होंने अपना जीवन समाजवादी विचार निर्माण, लेखन और युवाओं के प्रशिक्षण के लिए समर्पित किया। वैकल्पिक दिशा देने में उनका योगदान अमूल्य है और वह सदैव ही याद किया जाता रहेगा।

मेरा उनसे परिचय 80 के दशक से था। इस दौरान कई बार उनसे मिलने और उन्हें सुनने का सौभाग्य मिला है। उनके साथ यात्रा की हैं, कुछ समय साथ गुजारा है। उनकी किताबें पढ़ीं हैं। वे एक ऐसे मौलिक विचारक थे, जिन्होंने न केवल देश-दुनिया के बारे में सोचा, विचारा और लिखा है, बल्कि आदर्शवादी जीवन भी जिया है।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में उनका जन्म 30 अगस्त 1928 को हुआ। वे छात्र जीवन से ही समाजवादी विचारों की ओर आकृष्ट हो गए थे। महाविद्यालयीन पढ़ाई बीच में ही छोड़कर राजनैतिक कार्यकर्ता बन गए। बम्बई चले गए और वहां मजदूर आंदोलन से जुड़े। उन्होंने मजदूरों की तरह जीवन भी जिया। बम्बई में कई तरह के काम किए, मजदूरी की और रेलवे में खलासी और क्लर्क का काम किया। यहां उनका कई महत्वपूर्ण हस्तियों से परिचय हुआ, साथ मिला। उन्होंने डा. आंबेडकर के चुनाव में जिम्मेदारी भी निभाई।

सच्चिदा जी (सच्चिदानंद सिन्हा) को इसके बाद डॉ.राममनोहर लोहिया ने बुलाया और उनकी पत्रिका मैनकाइंड के संपादक मंडल से जोड़ लिया। इसके बाद सच्चिदा जी कुछ समय मुजफ्फरपुर के पास मणिका गांव में रहे।

पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और फिर दिल्ली चले गए। दिल्ली में करीब 18 साल रहे।

दिल्ली में उसी दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ( जेएनयू) में पढ़ने वाले कुछ युवा भी संपर्क में आए। यह सभी युवा, समाजवादी चिंतक किशन पटनायक व समाजवादी विचारों से जुड़े थे। उनमें से एक सुनील भाई भी थे, जिनके साथ मैंने लम्बे समय तक काम किया है। सुनील भाई ने मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ( नर्मदापुरम) जिले में आदिवासियों के बीच काम किया था।

इन दिनों मैं बरगढ़ ओडिशा में हूं, जहां लिंगराज भाई का निवास है। वे किसानों के नेता हैं। और लम्बे समय से पूरावक्ती सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे भी उन दिनों जेएनयू में अध्ययनरत थे। 20 नवंबर को किशन पटनायक की याद में बने समता भवन में सच्चिदानंद सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर लिंगराज भाई ने बताया कि सच्चिदा जी ने अपना पूरा जीवन सार्थक ढंग से जिया।

उन्होंने याद करते हुए कहा कि वे 80 के दशक को याद करते हुए बताते हैं कि दिल्ली में किराये के घर में रहते थे। यह बहुत मामूली घर था, जो छत पर था। सच्चिदा जी के पास कोई सामान नहीं था, स्टोव था, और कुछ बर्तन। स्टोव, मिट्टी तेल से जलता था। उसमें वे खाना पकाते थे। यहां वे बहुत ही सादगी से रहते थे।

वे आगे बताते हैं कि उनका एक ही काम हुआ करता था, पुस्तकालय जाना और पढ़ना और लिखना। इस दौरान उन्होंने कई किताबें लिखीं। वे ऐसे लेखक हैं, जो कई विषयों पर साधिकार लिखते हैं। शायद वे ऐसे अकेले ही ऐसे व्यक्ति होंगे जो इतने विविध विषयों के जानकार हों, उनके विद्वान हों। उनकी करीब दो दर्जन से ज्यादा किताबें हैं।

वे हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखते थे। इन सभी का संग्रह राजकमल से प्रकाशित सच्चिदानंद सिन्हा रचनावली में हुआ है, जो 8 खंडों में है। इसमें अंग्रेजी से अनूदित किताबें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सच्चिदा जी का योगदान विचार निर्माण और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में सदैव ही याद किया जाएगा।

लिंगराज भाई ने कहा सच्चिदा जी शारीरिक और मानसिक रूप से अंत तक सक्रिय रहे। देश-दुनिया की समस्याओं से जूझते रहे और वैकल्पिक दृष्टि से उनका विश्लेषण करते रहे। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने सच्चिदा जी से मिलने के लिए मनिका गांव जाने की बात बताई थी, लेकिन अब यह संभव नहीं है।

सच्चिदा जी से मेरा परिचय सुनील भाई ने करवाया था। वे सच्चिदा जी से मिलने उनके गांव मणिका जाया करते थे। वहां से लौटकर सुनील भाई हमें सच्चिदा जी के बारे में बताया करते थे। वहां उन्होंने बहुत से पेड़-पौधे लगाए थे। हैंडपंप से पानी खींचकर खुद उनमें पानी देते थे। बौद्धिक कामों के साथ शारीरिक श्रम को भी वे महत्व देते थे। जैसा कि गांधीजी की सोच भी थी। गांधी की तो नई तालीम की सोच उत्पादक कामों से साथ शिक्षा देने से जुड़ी थी।

जब भी सच्चिदा जी मध्यप्रदेश इटारसी के पास केसला आते थे, तब मैं उनसे मिलने जाता था। 90 के दशक में मैंने केसला में ही पूरावक्ती कार्यकर्ता के तौर पर काम किया था, तब भी उनसे मिलना हुआ था। उसके बाद तो कई बार मिला। कार्यकर्ता शिविर और कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी गरिमामय होती थी। वे कार्यकर्ताओं के सवालों के जवाब देते थे। उनकी शंकाओं व दुविधाओं का समाधान करते थे।

सच्चिदा जी की विद्वता, गहन अध्ययन और चिंतन की तो कोई सानी नहीं है। पर उनका जीवन भी उतना ही सरल, आदर्श से परिपूर्ण, ईमानदार और प्रतिबद्ध था। उनके विचार व जीवन में कोई भेद नहीं था। सादगीपूर्ण व कम से कम दैनंदिन जरूरतें और दूसरों की चिंता करना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था। सरल, शांत और निश्चल मुस्कान ही उनकी पहचान थी।

बरसों पहले एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया था कि उन्होंने घर की बिजली कटवा दी है। इसका कारण उन्होंने बताया कि आमतौर पर बिजली देर रात को रहती है, वह उनके सोने का समय होता है। यानी बिजली के की उस समय जरूरत नहीं होती। वे उनका काम दिन में ही कर लेते थे। वे सालों तक फोन का भी इस्तेमाल नहीं करते थे।

सच्चिदा जी एक पुस्तक उपभोक्तावादी संस्कृति पर है। वे कहते थे यह संस्कृति चीजों की अंतहीन भूख जगाती है, वह नशे की तरह है। मनुष्य का जीवन भोग के लिए नहीं, विचार के लिए है। इसके अलावा, महानगरीय जीवन में एक और किताब है- जिंदगी सभ्यता के हाशिये पर, यह महानगरीय जीवन की समस्याओं की पड़ताल करती है।

सच्चिदा जी ने मौजूदा व्यवस्था को विषमता व आपस में कटुता बढ़ाने वाली बताया। वे मानते थे कि बुनियादी तौर पर सभी आदमी बराबर हैं, इसलिए समता, बराबरी का समाज होना चाहिए। मनुष्य का स्वार्थ भी एक है, इसलिए सबको मिलकर, मतभेद भुलाकर बेहतर दुनिया को बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

वे गांधी, जेपी, लोहिया की परंपरा के वाहक थे। 20 वीं और 21 वीं सदी के पुल थे। आजादी के आंदोलन से लेकर मौजूदा समय का इतिहास उनकी आंखों में पढ़ा जा सकता था। उनमें आर-पार देखने की दूरदृष्टि थी। धारा को मोड़ने व सोचने का माद्दा था। देश-दुनिया को देखने का वैकल्पिक नजरिया था। उनकी सोच में समाजवाद का एक देशज रूप था। एक गहरा आत्मविश्वास था, दुनिया को बदलने का। वे कहते थे दुनिया को गांधी की ओर लौटना होगा। वे गांधी का प्रसिद्ध कथन याद करते थे कि इस धरती पर सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन किसी के लालच के लिए नहीं। जो आज भी प्रासंगिक है। बहरहाल, सच्चिदानंद सिन्हा के विचार व जीवन दोनों की प्रेरणादायी हैं। क्या हम उनसे कुछ सीखना चाहेंगे?

**सच्चिदा जी की विद्वता, गहन अध्ययन और चिंतन की तो कोई सानी नहीं है। पर उनका जीवन भी उतना ही सरल, आदर्श से परिपूर्ण, ईमानदार और प्रतिबद्ध था। उनके विचार व जीवन में कोई भेद नहीं था। सादगीपूर्ण व कम से कम दैनंदिन जरूरतें और दूसरों की चिंता करना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था। सरल, शांत और निश्चल मुस्कान ही उनकी पहचान थी।**

### बीता सप्ताह

**15 नवम्बर**
- बिहार विधानसभा में एनडीए की बंपरजीत हुई। 243 में 202 सीटों पर एडीए को बढ़ मिली। इंडिया गठबंधन को 35 सीटें मिली।
- दिल्ली लालकिले के धमाके का आरोपी उमर नबी का घर बम से उड़ाया गया।
- विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन महासचिव एंटोनियों गुटेरस से मुलाकात की।
- फिलीपींस में कालेसेगी तूफान से 232 लोगों की मौत हो गई।

**16 नवम्बर**
- जम्मू कश्मीर के नौगाम पुलिस थाने में भारी विस्फोट से नौ लोगों की मौत हो गई।
- कोलकाता हाईकोर्ट ने एक सुनवाई में स्पष्ट किया कि नाबालिग भी कर सकते हैं अग्रिम जमानत के लिए आवेदन।
- बिहार में राजद की हार के बाद लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति से संन्यास ले लिया।
- बिहार चुनाव नतीजों के बाद एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 130 अपराध करने वाले विधायक ओर चुके गए 218 विधायक करोड़पति हैं।

**17 नवम्बर**
- दिल्ली विस्फोट मामले में एनआईए ने आतंकी उमर दल नबी के साथी आमिर राशिद अली को गिरफ्तार कर लिया।
- अटाटी वाधा बगर्डर रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया। अब शाम 4.30 से 5 बजे तक।
- आरक्षण पर सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि अनुसूचित जाति में भी लागू होना चाहिए क्रीमी लेयर।
- धनुष श्रीकांत ने टोक्यो में चल रहे 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता।

**18 नवम्बर**
- सउदी अरब मक्का-मदीना जा रही बस सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई।
- बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मौत की सजा सुनाई।
- छग बिलासपुर हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- दुनियाभर में भारतीय मिशनों ने मनाया इंटरनेशनल गीता दिवस 2025

**19 नवम्बर**
- छग-आंध्र बार्डर पर नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुए मुठभेड़ में कुख्यात नक्सल कमांडर माड़वी हिड़मा अपनी पत्नी सहित मारा गया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य के लिए पूरे देश में अववल रायपुर को सम्मानित किया।
- छग सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली बिल हाफ सुविधा फिर शुरू की।
- लगातार 11वें वर्ष चीन बना दुनिया का सबसे बड़ा कूरियर बाजार।

**20 नवम्बर**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस में शामिल हुई।
- पीएम सम्माननिधि की 21वीं किश्त तमिलनाडु के कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने जारी किया।
- भारत ने रूस में दो नए महावाणिज्य दूतावास खोले। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने रूस के येकाते रिनबर्ग और कजान में इन दूतावासों का उदघाटन किया।
- बिहार में नितिश कुमार 10वीं बार मुख्य मंत्री बने। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नितिश कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**21 नवम्बर**
- राष्ट्रपति द्रौपद मुर्मू ने छग के अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस पर कहा कि आदिवासी संस्कृति को जीवित रखना बहुत जरूरी है।
- सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि राज्यपाल विधानसभा से पास विधेयकों को न लटकाएं।
- पं. बंगाल मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के कहा कि एसआईआर खतरनाक और अमानवीय है।
- वित्तीय धोखाधड़ी रोकने अब सरकार ईडी के सयन पर क्येआर कोड जारी करेगी।

## बिहार चुनाव: सवाल तो जीतने वालों पर भी हैं

■ अरुण कुमार त्रिपाठी

बिहार चुनाव पर देश क्या, पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थीं। जिनकी भी लोकतंत्र में आस्था है उन्हें यह आशा थी कि बिहार भारत में लोकतंत्र के हरण के धारावाहिक सिलसिले को पलट देगा और फिर शुरू होगा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल से होते हुए उत्तरप्रदेश तक में अन्याय, झूठ और अत्याचार को उखाड़ फेंकने का चक्र, जो आखिर में केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन तक जाएगा। लेकिन बिहार में 'महागठबंधन' की भारी पराजय और 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' की प्रचंड विजय के उपरांत पैदा हुई लोकतांत्रिक शक्तियों की निराशा देखकर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की प्रसिद्ध कविता 'राम की शक्ति पूजा' का स्मरण हो गया।

वही कविता जो 1936 में तब लिखी गई थी, जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आशा और निराशा के संमुदर में गोता खा रहा था। महात्मा गांधी को समझ नहीं आ रहा था कि अंग्रेजों से किस प्रकार लड़ा जाए कि जल्दी आजादी मिल जाए। अंग्रेज निरंतर भारत को विभाजित कर रहे थे और गांधी के समक्ष एक ओर मोहम्मद अली जिन्ना की चुनौती थी तो दूसरी ओर सावरकर और तीसरी ओर भीमराव अंबेडकर की।

निराला की कविता में जो निराशा छलकती है उसमें हम इस युग की निराशा के अंश देख सकते हैं। निश्चित तौर पर इस पराजय के बाद हमने 'इंडिया समूह' के नेताओं को रोते हुए नहीं देखा, लेकिन वे उसी प्रकार रो रहे होंगे जैसे रावण से पराजित होकर रण से लौटे राम के नेत्रों से आंसू गिर रहे थे। निराला की कविता में आज की लोकतांत्रिक और अधिनायकवादी शक्तियों के संघर्ष को हम देख सकते हैं।

**पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था।**

पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था। नीतीश कुमार के सामाजिक न्याय के कंधे पर हिंदुत्व ने सवारी कर रखी थी इसलिए इसे जीतना ही था।

राहुल गांधी विदेश चले गए, 'एसआईआर' पर शुरू में यात्रा की, लेकिन बाद में उसे मुद्दा नहीं बना पाए, उतनी मेहनत नहीं कर पाए जितनी 'एनडीए' के नेताओं ने की, टिकट ठीक से नहीं बांटा, तेजस्वी को मुख्यमंत्री पहले नहीं घोषित किया, जंगल राज का खौफ वगैरह-वगैरह। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने चमत्कार किया और बड़ी संख्या में महिलाओं ने पुरुषों से अलग होकर वोट दिया।

जब ऐसी योजनाएं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में काम कर सकती हैं तो बिहार में क्यों नहीं। फिर ऐसी योजनाओं का हथकंडा तृणमूल कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनाता है तो जनता दल (एकी) के अपनाने में क्या दिक्कत है। नीतीश कुमार को जनता ने शानदार विदाई दी और आपरेशन सिंदूर से लेकर दूसरे मोर्चों तक प्रकट भाजपा और संघ के राष्ट्रवाद की काट न तो जाति जनगणना से की जा सकती है और न ही नौकरियां देने के खोखले वादे से।

इन तमाम तर्कों ने पूर्व निर्धारित इस प्रचंड जीत को सही साबित करना और विपक्ष और उसके नेताओं को नकारा बताना शुरू कर दिया है। इस प्रक्रिया में उस हिंसक और निम्नस्तरीय भाषा की अनदेखी की जा रही है जिसका प्रयोग चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और उनके केंद्रीय मंत्रियों ने किया। इस बात की भी अनदेखी की जा रही है कि बीच चुनाव में महिला रोजगार योजना की राशि खाते में दिया जाना 'आदर्श आचार संहिता' का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस बात की भी उपेक्षा हो रही है कि इस दौरान अपराधियों ने किस प्रकार चुनाव को न सिर्फ प्रभावित किया, बल्कि चुनाव में विजय भी हासिल की। इस बात पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि महिलाओं के खाते में दस हजार की राशि स्थानांतरित करने के अलावा धनबल और सरकारी बल का अनौपचारिक रूप से कितना प्रचंड प्रयोग हुआ।

इस बीच 'एसआईआर' के मुद्दे के प्रभावहीन होने का भी सारा दोष विपक्ष पर ही मढ़ा जा रहा है। न तो उस प्रक्रिया में काटे गए और जोड़े गए नामों पर चर्चा हो रही है और न ही इस बात पर चर्चा हो रही है कि चुनाव आयोग किस प्रकार निरंतर पारदर्शिता से दूर चुनावों को सत्तारूढ़ दलों के जश्न और विपक्ष के शोक का आयोजन बनाता जा रहा है। असल में बिहार के इन चुनाव परिणामों ने एक बात को प्रमाणित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में न सिर्फ संस्थाएं भ्रष्ट और अनैतिक हुई हैं, बल्कि समाज भी अनैतिक और भ्रष्ट हुआ है।

बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि नीतीश कुमार ने स्त्रियों के सबलीकरण के बहाने स्त्रियों को भी मरते हुए लोकतंत्र के प्रति संवेदनहीन बना दिया है। अगर महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर छीने जा रहे संवैधानिक अधिकारों की पीड़ा नहीं दिखती और खाते में आई हुई रकम से वोट को बेच देने की सौदेबाजी ज्यादा ठीक महसूस होती है तो फिर मान लेना चाहिए कि नीतीश कुमार ने अपनी सत्ता के लिए समाजवाद, सामाजिक न्याय और नारी सशक्तिकरण को पूंजीवाद और हिंदुत्व की चेरी बना दिया है।

बिहार से लोकतंत्र की वापसी की आशा वे लोग लगाए हुए थे जिनके मन-मानस में यह स्मृति है कि बिहार अन्याय के विरुद्ध क्रांति की भूमि है। वे जिनके अवचेतन में कहीं बुद्ध बसे हैं, कहीं महावीर तो कहीं वैशाली और लिच्छिवियों का गणतंत्र है। जो यकीन करते हैं कि यही वह धरती है जहां से वीर कुंवर सिंह अंग्रेजों की गुलामी खत्म करने निकले थे। जहां बिरसा मुंडा और सीधू कान्हूं ने उलगुलान किया था। जहां पीतांबर और नीलांबर ने सत्तावन में क्रांति का बिगुल बजाया था।

जहां महात्मा गांधी ने चंपारण सत्याग्रह शुरू किया और जहां जयप्रकाश नारायण पैदा हुए जिसके बारे में दिनकर ने लिखा था कि जिसके चरण चिह्न इतिहास अपने उर पर अंकित कर लेता है। वही जयप्रकाश जिन्होंने लोकतंत्र को नया रूप देने के लिए 1974 में 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किया। वहीं जहां बाबू राजेंद्र प्रसाद जैसे देशभक्त पैदा हुए।


इस देश की नैतिक लोकतांत्रिक शक्तियां यह भूल रही हैं कि रावण के आमंत्रण पर उसके पक्ष में युद्ध करने के लिए पूंजीवाद और फासीवाद की प्रचंड शक्तियां मैदान में उतर चुकी हैं। वे रावण को अंक में लेकर घूम रही हैं। अविभाजित बिहार पहले अपने खनिजों के कारण आंतरिक उपनिवेश बना था, अब पश्चिमी तट के कारपोरेट द्वय और राजनेता द्वय के लिए चारागाह बनने की तैयारी में है।

बिहार क्या, पूरा देश इन शक्तियों के चंगुल में फंस चुका है। पंजाब और हरियाणा से प्रतिरोध जरूर उभरता है, लेकिन वह चुनावी विजय और राजनीतिक सत्ता के परिवर्तन तक पहुंच नहीं पाता।

डॉ. आंबेकर ने कहा था कि- लोकतंत्र न तो सिर्फ चुनावी प्रणाली है, न ही सिर्फ संस्थाओं से निर्मित होता है। वह निर्मित होता है एक ऐसे समाज से, जहां पर भाईचारा होता है, जहां होती है पारदर्शिता और सामाजिक, आर्थिक समानता। वह एक प्रणाली से अधिक संस्कृति है। आज धनबल, सत्ताबल और हिंसक भाषा के प्रहार से घायल लोकतंत्र अपनी प्राण रक्षा के लिए छटपटा रहा है। उस रक्षा की आशा सिर्फ बिहार से करना कुछ अधिक ही था। इसलिए देश की लोकतांत्रिक शक्तियों को बिहार को क्षमा करते हुए अलोकतांत्रिक शक्तियों की नकल नहीं करनी चाहिए। उन्हें नैतिक शक्तियों की आराधना करते हुए साधन की पवित्रता के साथ इस लंबी लड़ाई को चलाना चाहिए।

*( लेखक पत्रकार एवं 'महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय' में प्रोफेसर रहे हैं।)*

## बिहार चुनाव : संदेह के बने रहने से लोकतंत्र को नुकसान



जगदीश रतनानी

**चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के मुद्दे पर बढ़ते विवाद को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। एक ऐसा चुनाव आयोग, जिसका बचाव इन दिनों केवल भारतीय जनता पार्टी कर रही है और जो अन्यथा बदनाम है, एक गहरी क्षति है जिसे भाजपा या उसके सहयोगियों के विजय उत्सवों से नहीं धोया जा सकता। विजेताओं को यह एहसास नहीं है कि भले ही वे जीत गए हों, लेकिन उनसे भी पुरस्कार छीन लिया गया है।**

भारत में एक समय था जब चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) युद्ध का सर्वमान्य विजेता और भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का मुख्य रक्षक माना जाता था। ईसीआई शुरुआत में शांत था, फिर मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन के कार्यकाल में एक शेर बन गया और तब से इसने एक प्रखर रक्षक और भारत की लोकतांत्रिक सफलता के लिए आवश्यक तत्व- चुनाव प्रक्रिया के स्वतंत्र मध्यस्थ के रूप में अपनी छवि को बनाए रखा है। चुनाव का समय आते ही राजनीतिक दल अपनी सीमाओं की परीक्षा लेते हैं, लेकिन ईसीआई डटकर खड़ा होता था। वह यह सुनिश्चित करता कि उल्लंघनों की पहचान हो और वास्तव में जांच और निगरानी को बढ़ाता था ताकि प्रक्रिया न केवल निष्पक्ष हो बल्कि ऐसी दिखाई भी दे। अब उस स्वर्णिम युग को भारतीय चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा न रह जाने के रूप में देखे जाने की संभावना है। इस हार के कुछ निहितार्थ हैं जिन्हें ईसीआई पूरी तरह से समझ नहीं पा रहा है, जिसने खुद को ऐसे विवादों के भंवर में घसीटने दिया है जिनकी उसे आवश्यकता नहीं थी। आज चुनावों की समाप्ति के साथ ही परिणामों को लेकर एक नई लड़ाई शुरू हो गई है, एक ऐसी गिरावट जो संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था और एक युवा राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास के लिए गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए, जिसने स्वतंत्रता के बाद से सफलतापूर्वक एक उचित और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संचालित की है।

बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन द्वारा लगभग पूर्ण विजय भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में व्याप्त कमियों के कारण धूमिल हुई है। इसलिए ये परिणाम राष्ट्र को जटिल संकेत भेजते हैं। ये संदेह का कारण बन जाते हैं। अब यह संभव नहीं है कि एक पक्ष हारने वाले द्वारा उचित स्वीकृति के साथ नए कार्यकाल के लिए शपथ ले, जो लोगों के जनादेश और उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करने की उनकी शक्ति- इन दोनों के आगे झुकना है। ये व्यवस्था की अखंडता, जनता की इच्छा को पढ़ने और लागू करने में उसकी अंतहीनता को छीन लेते हैं और इस प्रकार न केवल हारने वालों के साथ बल्कि विजेताओं और समग्र रूप से राजनीतिक व्यवस्था के साथ भी अन्याय करते हैं। इस मामले में चुनाव आयोग ने खुद को उन आरोपों और संदेहों से दूर न रखकर सभी पक्षों को निराश किया है जो अब उसके विभिन्न कार्यों पर छा रहे हैं।

बिहार में भी, जैसा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के पिछले चुनावों में हुआ है, जीतने वाली पार्टी को इन आरोपों का सामना करना पड़ेगा कि उन्होंने एक ऐसे अंपायर को आसानी से हरा दिया जिसकी भूमिका पर अभी भी तीखा विवाद चल रहा है, जिससे पूरी चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सवालों के घेरे में आ गई है। विपक्ष का ये आरोप 'अंगूर खट्टे हैं' वाली बात से परे है और वे अब हाल के चुनाव अभियानों और नतीजों का एक बढ़ाता हुआ हिस्सा बन गए हैं, जिससे भारतीय लोकतंत्र अपनी उन्हीं संरचनाओं से ख़तरे में पड़ गया है जिनका काम इसे सुरक्षित और मज़बूत बनाना है।

एक ओर बिहार 2025 के विधानसभा चुनावों के स्पष्ट आंकड़े नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा मशीनरी के ज़बरदस्त प्रभुत्व और गठबंधनों, संदेशों और छवि निर्माण में उसकी महारत को दोहराते हैं। इसकी सामान्य खूबियों के अलावा 'बिहार केन्द्रित' कई कारण भी गिनाए जा रहे हैं, जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कथित लोकप्रियता या लंबी सेवा, ऐन चुनाव के दौरान बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिये जाने से भाजपा-एनडीए को बड़ा चुनावी लाभ दिलाया और सब कुछ बदलकर रख दिया। इसने शराबबंदी और राज्य भर में बेहतर कानून-व्यवस्था के दावों जैसे दीर्घकालिक उपायों की बजाय कथित तौर पर महिला मतदाताओं का दिल जीत लिया।

यह मानक पूर्वव्यापी प्रभाव-पश्चात अध्ययन, जो चुनाव में सत्ताधारी दलों द्वारा दिए गए तर्कों पर आधारित है, कुछ जमीनी हकीकतों को दर्शाता है; लेकिन क्या यह उस भारी जीत की व्याख्या कर सकता है, जिसने एनडीए गठबंधन को 243 में से 202 सीटें दिला दीं, जिसमें भाजपा 89 सीटों के साथ सबसे आगे थी और नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) 85 सीटों के साथ शीर्ष पर थी?

प्रतिवादस्वरूप, जो उतना ही मान्य है, यह पूछेगा कि 9 बार मुख्यमंत्री रह चुके एक व्यक्ति, जिन्हें उनके बदलते संबंधों के लिए 'पलटूराम' कहा गया और जिनकी आलोचना की गई है कि वे नियंत्रण में नहीं हैं या भाजपा द्वारा 'अपहृत' कर लिए गए हैं, इतनी बड़ी जीत कैसे दिला सकते हैं? भाजपा की बेहतर रणनीति और व्यवस्था में मौजूद संसाधनों की रीढ़ को देखते हुए भी, यह एक ऐसी सत्ता थी जिसने बिहार को विशेष रूप से फलते-फूलते नहीं देखा। युवाओं के लिए नौकरियों की कमी या निवेश की कमी उस सिक्के का दूसरा पहलू है जो उपहारों और रियायतों से मतदाताओं की वफादारी खरीदता है, भले ही ये दीर्घकालिक शासन और राजकोषीय प्रबंधन को नुकसान पहुंचाए। 'काम के लिए पलायन' बिहार के लिए अभिशाप बना हुआ है और यह राज्य में आम जनता के लिए अच्छे रोज़गार प्रदान करने के अवसरों की कमी को दर्शाता है। भारतीय जनसंख्या अध्ययन संस्थान, मुंबई द्वारा 2019 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, बिहार में मौसमी प्रवास अधिक प्रचलित है। मध्य गंगा के मैदान में देखे जाने वाले 72.8 प्रतिशत मौसमी प्रवासी राज्य से आते हैं। इसके कारण हैं- गरीबी और मजबूरी, बेरोजगारी, भूमिहीनता और भोजन की कमी। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि राज्य की ऐतिहासिक प्रतिकूलताओं में हाल के वर्षों में नाटकीय बदलाव आया है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विपक्षी दलों में कुछ अव्यवस्था ज़रूर थी, लेकिन राजद-कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव की रैलियों में ऊर्जा भी देखी गई।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार जागरूकता रैलियों को भी ज़मीनी स्तर पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली। गांधी ने बाबू जगजीवन राम के राजनीतिक गृह सासाराम से 'मतदान के अधिकार' आंदोलन की शुरुआत की और बिहार के लगभग 20 ज़िलों को कवर किया। चुनाव के बीच में यह आंदोलन चुनाव आयोग में विश्वास की कमी को दर्शाता है, जिससे हाल के वर्षों में चुनाव-दर-चुनाव आयोग के नैतिक अधिकार को कमज़ोर किया गया है।

चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के मुद्दे पर बढ़ते विवाद को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। एक ऐसा चुनाव आयोग, जिसका बचाव इन दिनों केवल भारतीय जनता पार्टी कर रही है और जो अन्यथा बदनाम है, एक गहरी क्षति है जिसे भाजपा या उसके सहयोगियों के विजय उत्सवों से नहीं धोया जा सकता।

विजेताओं को यह एहसास नहीं है कि भले ही वे जीत गए हों, लेकिन उनसे भी पुरस्कार छीन लिया गया है क्योंकि जब संदेह बना रहता है, तो जीत भी बेकार होती है। इससे लोगों और राजनीतिक दलों में जो आक्रोश पैदा होता है, वह आने वाले दिनों में कुछ बहुत ही जटिल और चुनौतीपूर्ण तरीकों से सामने आएगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और एसपीजेआईएमआर में संकाय सदस्य हैं।( द बिलियन प्रेस )**

उल्टा पुल्टा

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो, जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

## जिले में अब तक 52 हजार क्विंटल धान की आवक



**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)।धान खरीदी अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। अब तक जिले में 52 हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी हो चुकी है। एक ही दिन में आज 27,344 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

कल शनिवार और इसके बाद रविवार को अवकाश रहेगा। इन दो दिनों में खरीदी केंद्र बंद रहेंगे। अब सोमवार को खरीदी केंद्र खुलेंगे। सोमवार के लिए 70,185 क्विंटल धान का टोकन कटा है। इस दिन 140 में से 133 केन्द्रों में खरीदी होगी। हालांकि शेष 7 केंद्रों में भी धान खरीदी की पूरी प्रशासनिक तैयारी है।

# मेहनत का वाजिब दाम मिलने से खुश हैं किसान

## अब टोकन बस एक क्लिक में-किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा टोकन तुंहर हाथ ऐप



### ऑनलाईन टोकन व्यवस्था से समय की हो रही बचत

**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। पूरे प्रदेश सहित जिले में भी धान खरीदी पर्व को लेकर किसानों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मेहनत का वाजिब दाम मिलने से किसान खुश हैं। टोकन तुंहर हाथ ऐप किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिसके जरिए अब किसान घर बैठे ही एक क्लिक में अपना टोकन निकाल पा रहे है। इस डिजिटल नवाचार ने उपार्जन केंद्रों में लगने वाली भीड़, समय की बरबादी और लाईन को काफी हद तक कम कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेश में लागू की गई इस व्यवस्था से किसान अब अपने मोबाईल से कुछ ही मिनटों में धान विक्रय हेतु टोकन निकाल पा रहे है और निर्धारित समय पर आसानी से केंद्र पहुंचकर धान बेच पा रहे है।

### एरमसाही धान खरीदी केंद्र-किसानों ने ऐप को बताया बेहद आसान

मस्तुरी ब्लॉक के एरमसाही धान खरीदी केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान बेचने आए किसान समिति में धान खरीदी के लिए की गयी व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। ऑनलाईन टोकन व्यवस्था से किसानों के समय की बचत हो रही है। उन्होंने इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। किसानों ने कहा कि सरकार ने माटीपुत्रों को सच्चा सम्मान किया है।

एरमसाही धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए हरदाडीह के किसान श्री धनीराम साहू ने बताया कि उन्होंने 87 क्विंटल धान के लिए टोकन कटाया है। श्री साहू ने टोकन तुंहर हाथ ऐप को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने इसी के जरिए टोकन कटाया है। श्री साहू ने कहा कि इस ऐप से टोकन कटाने में किसी प्रकार से दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने सभी किसानों से इसका उपयोग करने की अपील की। धान खरीदी केंद्र की भी व्यवस्थाओं पर भी संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कहा कि यहां सारी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है। श्री साहू ने कहा कि 3100 रूपए क्विंटल में धान खरीद कर सरकार ने किसानों की मेहनत का एक-एक दाना खरीदा है। उन्हें धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आई। बेलटुकरी से धान बेचने आए श्री महेंद्र श्रीवास ने भी टोकन तुंहर हाथ ऐप से धान बेचने के लिए टोकन कटाया है। उन्होंने कहा कि इस ऐप के जरिए घर बैठे ही मोबाईल से बिना किसी दिक्कत के टोकन कटवाया जा सकता है।

### कौड़िया धान खरीदी केंद्र-किसानों ने कहा नई तकनीक से आया खुशहाली का दौर

कौड़िया धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए किसान श्री योगेश पटेल ने बताया कि उन्होंने टोकन तुंहर हाथ ऐप से टोकन कटवाया था। वे 27 कट्टी धान बेचने आए थे। धान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं से वे संतुष्ट नजर आए। धान बेचने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्र में किसानों की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वे धान बिक्री की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न हैं। सभी किसानों ने एक स्वर में कहा कि वे छत्तीसगढ़ सरकार के आभारी है, जिससे उनके जीवन में खुशहाली का दौर आया है।

### एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की तिथि बढ़ी

#### किसान अब 25 नवम्बर तक करा सकेंगे पंजीयन और रकबा में संशोधन



**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)।खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत 'एकीकृत किसान पोर्टल' में कृषकों का पंजीयन किया जा रहा है। किसानों को एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन एवं रकबा संशोधन कराने की अंतिम तिथि में संशोधन किया गया है। इसके अंतर्गत कैरीफारवर्ड, नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल, रकबे की पंजीयन की तिथि 25 नवम्बर तक बढ़ाई गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि किसान अब तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से नवीन पंजीकरण और रकबा संशोधन करा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान टोल फ्री नंबर एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क 1800-233-1030 अथवा खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ज्ञात हो कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 धान खरीदी हेतु डुबान, वन पट्टाधारी कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने की जानकारी दी गई है। जिसके परिपेक्ष्य में एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने तथा शेष डुबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गई है।

### धान खरीदी- पारदर्शी व्यवस्था से खुश हैं लखराम के किसान रवि कुमार

धान खरीदी प्रक्रिया जिले में सुचारु रुप से चल रही है। आज ग्राम लखराम के युवा किसान रवि कुमार ने लखराम सहकारी समिति में पहुंचकर धान बेचा। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में सभी व्यवस्था को पारदर्शी बताया और सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

कोटा ब्लॉक के ग्राम लखराम के युवा किसान रवि कुमार 2 एकड़ भूमि में खेती करते हैं उन्होंने अपनी मेहनत, समय पर खेती के आधुनिक तरीकों का उपयोग और सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना लिया है। लखराम केंद्र में 21 क्विंटल धान बेचने पहुंचे रवि कुमार ने धान खरीदी केंद्र की व्यवस्था पर संतोष जताया और कहा कि उन्हें टोकन कटने से लेकर धान बेचने में किसी तरह की समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र की पारदर्शी और व्यवस्थित व्यवस्था के कारण वे आसानी से अपना धान बेच सके। टोकन प्रणाली से लेकर तौल प्रक्रिया तक हर चरण सुचारू रहा। केंद्र में बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता, साफ-सुथरा परिसर, पीने के पानी और बैठने की अच्छी व्यवस्था ने उनके धान विक्रय अनुभव को आसान बना दिया। रवि बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले तक खरीदी केंद्रों में भीड़, अनिश्चितता और कभी-कभी बारदाना की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होती थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की किसान-केंद्रित नीतियों और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता ने तस्वीर बदल दी है। आज खरीदी केंद्रों में तकनीक आधारित टोकन व्यवस्था, तेज़ तौल प्रक्रिया और समय पर भुगतान से किसानों में भरोसा बढ़ा है। रवि कहते हैं कि अब खरीदी केंद्र में आते समय चिंता नहीं होती। सब कुछ व्यवस्थित मिलता है और हमारी मेहनत की सही कीमत मिलती है।-

## सार-संक्षेप

### आदिवासी परिवारों को वन अधिकार पटटा प्रदान कर वैधानिक अधिकार प्रदान करें -अटल श्रीवास्तव



**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)।कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कोटा क्षेत्र में पीढ़ी दर पीढ़ी वन भूमि में निवासरत एवं खेती करने वाले आदिवासी परिवारो को व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक वन अधिकार पटटा प्रदान करने के लिये कलेक्टर बिलासपुर को पत्र लिखा। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कोटा क्षेत्र वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। बैगा धनुहार सौता गोड़ बिंझवार सहित आदिवासी समुदाय के लोग अनेक वर्षो से वन भूमि में निवासरत होकर कोदो कुटकी धान सहित अन्य फसलों की खेती कर जीवन यापन करते आ रहे है। वर्षो से काबिज अनेक आदिवासी परिवारों को आज तक उनका वैधानिक अधिकार प्राप्त नही हुआ है। वैधानिक अधिकार प्राप्त नही होने से परिवारो को निवास एवं जीवन यापन में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है साथ ही शासकीय योजनाओं ऋण सुविधाओं तथा समाजिक सुरक्षा के लाभों से वंचित हो रहे है। आदिवासी परिवारों को स्थायी आजीविका एवं सम्मानपूर्वक जीवन यापन हेतु वैधानिक अधिकार दिया जाना आवश्यक है। वंचित पात्र आदिवासी परिवारों को व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक वन अधिकार पटटा यथाशीघ्र प्रदान किया जायें।

### कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ का किया सम्मान



**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र सेंवार की बीएलओ रोहिणी वैष्णव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उनके द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य किया गया है। रोहिणी इस गांव में आंगनबाडी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने मतदान केंद्र के सभी 1032 मतदाताओं को गणना पत्रक उपलब्ध करा दिया है। इनमें से 97 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रों के डिजिटाईजेशन का कार्य भी पूर्ण कर लिया है। जबकि अभियान के संपन्न होने में अभी 13 दिन बचे हुए हैं। मालूम हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर द्वारा रोहिणी को जिले की बेस्ट बीएलओ के रूप में चिन्हित किया गया है। कलेक्टर ने इस अवसर पर इलाके के सुपरवाईजर एवं महिला पटवारी कविता भानु को भी गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अच्छे कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाईजरों को जिला स्तर पर भी सम्मानित किया जायेगा।

## पूर्व चीफ जस्टिस के एच एन कुरंगा के निधन पर छग हाईकोर्ट में शोकसभा आयोजित



**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु) ।छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में स्वर्गीय न्यायमूर्ति के. एच. एन. कुरंगा पूर्व मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया।

उक्त शोकसभा में न्यायमुर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय तथा अन्य सभी न्यायमूर्तिगण उपस्थित थे।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के द्वारा न्यायमूर्ति के. एच. एन. कुरंगा पूर्व मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए न्यायिक क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा गया कि स्वर्गीय न्यायमूर्ति के. एच. एन. कुरंगा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का दूसरा मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया तथा उन्होंने 06/02/2002 को पदभार ग्रहण किया एवं 10.05.2004 तक मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन रहे। मई 2004 में सेवानिवृत्ति तक उन्होंने इस संस्थान का अत्यंत निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ नेतृत्व किया। वे अपने गहन विधिक ज्ञान, अनुशासनप्रिय स्वभाव तथा न्याय के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण अत्यंत सम्मानित थे। न्याय क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

शोकसभा में यशवंत सिंह ठाकुर अतिरिक्त महाधिवक्ता, राजेश कुमार केशरवानी प्रशासक उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, सुनील ओटवानी सदस्य विशेष समिति छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद, के रामाकांत मिश्रा उप सालिसिटर जनरल भारत सरकार, वरिष्ठ अधिवक्तागण एवं अन्य अधिवक्तागण, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री, न्यायिक अकादमी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शोक सभा में मौन धारणकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई एवं शोक सभा पश्चात् न्यायालय की आगे की कार्यवाही को स्थगित किया गया। उच्च न्यायालय के इस फुल कोर्ट रेफ्रेंस को उच्च न्यायालय की कार्यवाही में शामिल करते हुए संवेदनाएं उनके परिजनों को भेजा गया।

## कलेक्टर ने शहर में पदयात्रा कर मतदाताओं को जागरुक किया

### पुनरीक्षण कार्य का फील्ड पर लिया जायज़ा

**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)।कलेक्टर संजय अग्रवाल दूसरे दिन भी आज शहर का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायज़ा लिया। उन्होंने शाम को बिलासपुर के इंदु चौक से लेकर राजीव गांधी चौक तक पदयात्रा कर अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची निर्माण के लिए चुनाव आयोग द्वारा यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने इलाके के बीएलओ से प्रगति के बारे में चर्चा किया और आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना पत्रक भर कर लें। इसके साथ कोई दस्तावेज नहीं लेना है। पत्रक में केवल जानकारी भरना है। गणना फॉर्म में परिवार का कोई भी सदस्य दस्तखत कर सकता है। केवल उसी मतदाता का हस्ताक्षर लिया जाना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर लोगों को समझाइश दी और जल्द गणना फॉर्म भरकर बीएलओ को देने की अपील की। शहरी इलाके



में अभियान की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी, एसडीएम मनीष साहू, जोन आयुक्त प्रवीण शुक्ला भी उपस्थित थे।

## हत्या का प्रयास करने वाला चंद घंटे में ही हुआ गिरफ्तार

### कम्पनी के द्वारा नौकरी से निकाले जाने पर गुस्सावश किया था हमला

### घटना मे प्रयुक्त एक बटनदार चाकू व 02 नग मोबाईल किया गया जप्त

**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। चाकू के हमले से आहत् सूरज सिंह खुसरो भवानी चौक दगौरी से आगे इण्डेन गैस एजेण्सी के मध्य मेनरोड के दाहिने साईड खेत मे मुकेश कुमार साहू द्वारा चाकू मारने की सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा घटना के हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर आरोपी मुकेश कुमार साहू का थाना टीम द्वारा आसपास के क्षेत्र मे पता तलाश किया जो अपराध घटित कर भागने के फिराक मे दगौरी रेल्वे स्टेशन प्रतिक्षालय मे छिपा हुआ था ।



पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे मौके पर पुलिस स्टाफ द्वारा पकडकर चेक करने पर अपने जेब मे एक धारदार चाकू व 2 नग मोबाईल रखा हुआ था जिसे जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिल्हा निरीक्षक उमेश कुमार साहू, उनि जी.एल. चन्द्राकर, प्र.आर. 844 रूपेश तिग्गा आरक्षक अर्जुन जांगडे व संतोष मरकाम की अहम भूमिका रही।

## अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा छग हाईकोर्ट के महाधिवक्ता बनाए गए



**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा को राज्य शासन के विधि विधाई विभाग ने महाधिवक्ता नियुक्त किया है ।

उल्लेखनीय है कि महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने तीन दिनों पूर्व ही पद से इस्तीफा दे दिया था ।

उनके इस्तीफे का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है इसी बीच राज्य शासन ने अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा को महाधिवक्ता पद पर नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है ।

## आई जी ने किया सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण दौरा

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला सारंगढ बिलाईगढ़ , एसडीओपी बिलाईगढ़ कार्यालय एवं थाना सरसीवां का किया गया वार्षिक निरीक्षण

### सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की सुनी समस्याएं एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए किया प्रेरित

**बिलासपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। 20 और 21नवंबर को बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 संजीव शुक्ला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस के वार्षिक निरीक्षण हेतु सारंगढ़ जिला पहुंचे। 20नवंबर को उन्होंने एसडीओपी बिलाईगढ़ कार्यालय तथा सरसींवा थाना का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुलिस कार्यप्रणाली , रिकॉर्ड संधारण , आम जनता से व्यवहार के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया द्य निरीक्षण के द्वितीय दिवस 21नवंबर को प्रात: खेलभाठा मैदान सारंगढ़ में परेड का निरीक्षण किया गया।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पुलिस सम्मलेन में जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की समस्यायें, गुजारिश सुनकर उनके त्वरित निराकरण के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को आवश्यक निर्देश दिए तथा सभी अधिकारी/कर्मचारीयों को अनुशासित रहकर अपने विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ ही आम जनता से बेहतर व्यवहार




करने ,अपने परिवार एवं अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन दिया द्यइसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखाओं एवं रक्षित निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# ब्लैक फ्राईडे–हादसे में दो मृत, कोल कर्मी मालगाड़ी से कटा

## गेवरा हेलीपेड, शक्तिनगर और भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई घटना

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। वाहन में हवा डालने के दौरान एकाएक टायर फटने से गाड़ी के मालिक सह चालक को गंभीर चोटें आई और अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई जबकि एक गाड़ी की चपेट में आने से ग्रामीण की सांसें थम गई। वहीं दीपका क्षेत्र में एनटीपीसी सीपत के रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ी से कट कर कोलकर्मी ने जान दे दी। पुलिस ने इन मामलों में मर्ग कायम कर शव को परीक्षण के लिए भेजा है।



दीपका थाना क्षेत्र के अंतर्गत गेवरा हेलीपैड के पास सोनू टायर की दुकान पर एक ट्रक में हवा भरते समय टायर फटने से 45 वर्षीय राजेंद्र यादव निवासी बहराटोला जिला अनूपपुर एमपी की मौत हो गई। राजेंद्र यादव अपने ट्रक का मालिक और चालक दोनों था। गुरुवार देर शाम वह ट्रक लेकर दीपका खदान से कोयला लोड करने आया था। खदान से कोयला लोड करने से पहले वह अपनी गाड़ी के टायर में हवा डलवा रहा था। इसी दौरान अचानक टायर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राजेंद्र यादव को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं सीतामणी कुम्हार बस्ती कोरबा निवासी नारायण खरे की हादसे में मौत हो गई। बताया गया कि बलौदा बगडबरी से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर वह कोरबा लौट रहा था। भारतमाला परियोजना के पास किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह खून से लथपथ सडक़ पर पड़ा था। राहगीरों के प्रयास से पीड़ित को निजी वाहन से तत्काल कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उसकी जान नहीं बच सकी।

एक अन्य घटना दीपका क्षेत्र के अंतर्गत शक्तिनगर रेलवे कॉलोनी मोड़ के पास रेलवे ट्रैक पर हुई। यहां दीपका निवासी एसईसीएल कर्मी जितेंद्र तिवारी ने मालगाड़ी के सामने आने पर खुदकुशी कर ली। पता चला कि मृतक जितेंद्र पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा था। खबर मिलने पर दीपका पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मर्ग, पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। माना जा रहा है कि मामला हादसे की बजाय खुदकुशी से जुड़ा हुआ है। पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

# नींद में एसईसीएल, दीपका माइंस में सक्रिय हुए डीजल चोर

## ड्रिल मशीन को बनाया निशाना, बोलेरो जप्त

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की दीपका खदान में सुरक्षा के नाम पर भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। फिर भी यहां वहां से चोर गिरोह की एंट्री न सिर्फ अंदर तक हो रही है बल्कि डीजल और अन्य सामानों की चोरी में सफल हो रहा है। मौके से 105 लीटर डीजल, बोलेरो और तीन जरीकेन का पकड़ाना इसी को साबित करता है। मामले को पुलिस के हवाले किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार को दीपका खदान में एलके–1 एरिया में ड्रिल मशीन खड़ी थी। दोपहर करीब सवा दो बजे एक सफेद रंग की बोलेरो में ड्रिल मशीन से डीजल चोरी कर रखा जा रहा था। यह देखकर सुरक्षा बल के जवान ने इसकी सूचना पेट्रोलिंग टीम को दी।

टीम ने बोलेरो की घेराबंदी की। बोलेरो को पकडऩे के लिए पीछा किया। इस बीच बोलेरो चालक खदान क्षेत्र में गाड़ी को छोडक़र भाग गया। बोलेरो की तलाशी ली गई। इसमें तीन जेरीकेन डीजल मिला। सभी में 35–35 लीटर डीजल थे। दो खाली जेरीकेन और एक पाइप भी बरामद की गई। सूचना दीपका थाना को दी गई। केस दर्जकर पुलिस जांच कर रही है। बताया जाता है कि बोलेरो एसईसीएल की खदान में एक कंपनी में चलती है। कोयला खदानों से डीजल चोरी की घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। लगातार मामले सामने आ रहे हैं। चर्चा है कि डीजल चोर गिरोह अब खदान से डीजल की चोरी कर खदान के भीतर ही ठेका कंपनी की गाडिय़ों में डालकर बेच देता है। ताकि सुरक्षा बलों की पकड़ में नहीं आ सके।

### किफायती सौदा इसलिए हल्ला नहीं

दावा किया जा रहा है कि खदान के भीतर चलने वाली बड़ी गाडिय़ों के लिए रोजाना डीजल जरूरी है। मार्केट से खरीदी करने पर संचालकों को ज्यादा रुपए खर्च करने ही पड़ेंगे। ऐसे में उन्होंने भीतर ही भीतर डीजल का इंतजाम काफी किफायती आधार पर कर रखा है। कई लोग इस काम में लगे हैं इसलिए पूरे मामले में हल्ला नहीं हो रहा है। अगर गहराई से जांच हो तो कई चीजें सामने आ सकती है।

## सार-संक्षेप

### रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने ली बैठक



कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक का आगमन कोरबा के पंचवटी विश्राम गृह हुआ। जिले में प्रथम उनके आगमन पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने आत्मीय स्वागत किया गया।

बैठक में प्रहलाद रजक ने समाज की एकता और युवाओं की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के हितों और भविष्य की दिशा तय करना में युवा शक्ति सबसे अहम है। बैठक में युवक–युवती परिचय सम्मेलन, युवा–युवावती नामांकन पर विचार–विमर्श किया गया। साथ ही, खेल कूद कार्यक्रम को बढ़ावा देने एवं आने वाले समय में वार्षिक सम्मेलन सहित अन्य कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित करने की तैयारी पर भी सहमति बनी। प्रहलाद रजक ने यह भी कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं। पप्पू गार्डन रशियन हॉस्टल के पास बन रहे सर्व धोबी समाज के भवन का भी निरीक्षण किये और आगामी दिनों में भव्य उद्घाटन और राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम करने के लिए कहा। बैठक में धोबी समाज के पदाधिकारी मिलाप बरेठ, पुरुषोत्तम बरेठ, संतोष बरेठ, गिरधारी बरेठ, अर्चना रुझिना सहित समाज के लोग उपस्थि रहे।

### एसआईआर की धीमी रफ्तार पर कई बीएलओ को नोटिस

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा की गई है। कोरबा जिले में यह काम जारी है। कुछ जगह इसकी रफ्तार असंतोषजनक है। इसे लेकर कई बीएलओ को प्रशासन ने नोटिस जारी किया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा सरोज महिलांगे ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा में बीएलओ की कार्य की धीमी गति और उदासीनता को देखते हुए अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बीएलओ को नोटिस जारी किया है। जिसमें विधान सभा क्षेत्र 21 कोरबा के मतदान केन्द्र क्रमांक 156 कोरबा एमपीनगर, 174 कोरबा लालू राम कॉलोनी, 229 कोरबा शारदा विहार, 108 पाड़ीमार, 115 रिसदा, 103.पाड़ीमार, 97 पाड़ीमार, 62. खम्हरिया, 67 खम्हरिया, 203 कोरबा रानी रोड, 200 कोरबा ईतवारी बाजार, 199 कोरबा पुरानी बस्ती, 208 कोरबा तुलसी मार्ग, 198 कोरबा पुरानी बस्ती, 14 राजीव नगर जेलगांव शामिल हैं। कहा गया कि एसआईआर कार्य समयबद्ध और महत्वपूर्ण है, इसलिए समुचित प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### विहिप बजरंग दल ने इस्लामी आतंकवाद का पुतला जलाया

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। नई दिल्ली में लाल किला के सामने पिछले दिनों ब्लास्ट की घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। इस सिलसिले में जांच एजेंसी ने जम्मू कश्मीर और दिल्ली से कुछ डॉक्टर की गिरफ्तारी की। इस पूरे प्रकरण को लेकर जांच करवाई तेज है और विरोध प्रदर्शन भी जारी है। कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने दिल्ली ब्लास्ट घटनाक्रम को लेकर इस्लामिक आतंकवाद का पुतला जलाया।

### चिताघुटरी के छात्रों ने जाना प्रकृति को



कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। संकुल केंद्र रजकम्मा अंतर्गत प्राथमिक शाला चिताघुटरी में वनभोज का आयोजन किया गया। यहां पर बच्चों के लिए गीत और नृत्य की व्यवस्था की गई। उन्हें खेलकूद से भी जोड़ा गया। मनोरंजक और ज्ञानवर्धक कहानी से उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। प्रकृति के महत्व की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक कांति कुर्रे, अर्चना, विनोद जायसवाल, जीवन सिंह मरकाम, अर्चना किंडो, कुमुदिनी राम, कल्पना कुजूर, अनिल जगत, रजिशनी, छतकुंवर और अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# निरधी और रोदे में अवैध धान की गई जब्त



कोरबा–पाली, 21 नवंबर (देशबन्धु)। सहकारी समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल निश्शर्त समाप्त होने के साथ जिले में सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरू हो गई है। प्रशासन द्वारा नियुक्त निगरानी समिति ने अवैध धान की आवक रोकने कार्रवाई शुरू की है। पाली विकासखंड के ग्राम निरधी में शुक्रवार को 20 क्विंटल अवैध धान जब्त करने की कार्रवाई नायब तहसीलदार पाली सुजीत कुमार पाटले और राजस्व निरीक्षक अंजलि पैकरा की टीम ने की। बताया गया कि भंडारित धान के संबंध में ग्रामीण कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद राजस्व विभाग ने धान को अपने कब्जे में लेकर कोटवार पोड़ी की अभिरक्षा में पंचायत भवन पोड़ी में सुरक्षित रखवाया है।

एक अन्य मामले में नायब तहसीलदार सुमन मानिकपुरी, सहायक खाद्य अधिकारी सरोज उरेती, मंडी सब–इंस्पेक्टर आकाश भारद्वाज एवं दिनेश कुमार ने विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम रोदे में स्थित विकास जायसवाल के दुकान सह गोदाम में 42 बोरी में रखी 16.80 क्विंटल अवैध रूप से संग्रहित धान पाया। इस धान पर मंडी अधिनियम के अंतर्गत तत्काल कार्यवाही की गई। जांच उपरांत बरामद धान विकास जायसवाल की सुपुर्दगी में दिया गया।

जिला प्रशासन ने अवैध धान के बिचौलियों पर कार्रवाई के लिए अलग–अलग टीमें गठित की हैं, जो लगातार निगरानी रख रही हैं। सूचना मिलते ही कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले करतला क्षेत्र में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई थी।

इन सबके बावजूद सबसे बड़ा सवाल यही है कि वर्ष 2024–25 में उतरदा सहित तीन स्थानों पर सैकड़ों क्विंटल धान को अवैध मानते हुए इसे बेचने की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। इस मामले में धान का क्या किया जा रहा है, इसे अब तक सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं समझी गई।

# विस्फोटक लोड ट्रक को 24 घंटे तक खड़ा कराया जीएसटी अफसरों ने

## सवाल-जवाब हुए तो कहा, नहीं थी विस्फोटक की जानकारी

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। नई दिल्ली में लाल किला के पास आतंकी हमले ने अफसरों को हैरान कर दिया है। इधर कोरबा में जीएसटी कार्यालय के सामने 34 टन अमोनियम नाइट्रेट ट्रक को 24 घंटे तक खड़ा करा दिया गया। मीडिया ने इस बारे में पूछताछ की तो अफसरों ने विस्फोटक की जानकारी ना होने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। जबकि ट्रक चालक के पास मौजूद कागजात में इसका उल्लेख था।

खबर के अनुसार बाद में जब कलेक्टर से इसकी शिकायत की गई तब अफसरों ने आनन–फानन में इस ट्रक को यहां से हटवाया। बताया गया कि यह मामला सुर्खियों में तब आया जब स्टेट जीएसटी सर्किल–2 के अफसरों अनिमोह सिंह बासवार और प्रभाकर उपाध्याय ने जीएसटी बिलिंग में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए 3 ट्रकों को कलेक्ट्रेट परिसर में अपने दफ्तर के सामने खड़ा करवा दिया।

इनमे से एक ट्रक में विस्फोटक पदार्थ अमोनियम नाइट्रेट भरा हुआ था। कहा गया कि विस्फोटक सामाग्री लोड वाहन को कलेक्ट्रेट जैसे परिसर में लंबे समय तक खड़ा कराना समझ से परे तो है ही, लापरवाही को भी दर्शाता है।

### कार्रवाई करें अफसरों पर



इस मामले को लेकर बीजेपी से जुड़े नियाज नूर आरबी ने प्रशासन से मामले की शिकायत की। उन्होंने कहा कि विस्फोटक लोड वाहन को लंबे समय तक कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराने की घटना को लेकर स्टेट जीएसटी के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। कलेक्टर को इसकी शिकायत की गई है। इससे पहले भी स्टेट जीएसटी के स्थानीय अधिकारियों के रवैये के बारे में ऊपर शिकायत हो चुकी है लेकिन हुआ कुछ नहीं।

# उद्देश्य पूर्ण नहीं होने पर गड़बड़ाता है संतुलन- भगवान



कोरबा–कटघोरा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। माउंट आबू से आये बीके भगवान ने शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय, कटघोरा में सकारात्मक चिन्तन और नैतिक शिक्षा से सशक्त युवा विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करके डॉक्टर, इंजीनियर बनकर धनोपार्जन कर सुख–सुविधा युक्त जीवन निर्वाह करना चाहते हैं, परंतु जब उनका उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता तो उनका मन असंतुष्ट हो उठता है और मानसिक संतुलन गड़बड़ा जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। स्वागत सत्कार के बाद मुख्य वक्ता भगवान ने कहा कि भौतिक शिक्षा से भौतिकता की प्राप्ति होती है और नैतिक शिक्षा से चरित्र बनता है। वर्तमान में भौतिक शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की बीके कुसुम ने कहा कि नैतिक गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। सारी दुनिया में नैतिकता अर्थात सच्चरित्रता के बल पर ही धन–दौलत, सुख और वैभव की नींव खड़ी है। सह प्राध्यापक डॉ. डी.डी. टंडन ने कहा कि नैतिक शिक्षा के अभाव के कारण ही आज जगत में अनुशासनहीनता, अपराध, नशा–व्यसन, क्रोध,झगड़े, आपसी मन मुटाव बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में गंगाराम पटेल, नूतन पाल, नम्रता पटेल, दुर्गा देवांगन, शिक्षक व स्टाफ उपस्थित थे।

# राज्य विधिज्ञ परिषद चुनाव में अशोक तिवारी जीते




कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता अशोक कुमार तिवारी ने छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में शानदार विजय प्राप्त की है। राज्य भर के लगभग 23,500 कुल अधिवक्ताओं में से 13,624 अधिवक्ताओ ने 30 अक्टूबर के सम्पन्न चुनाव म्रे मतदान किया। मतदान में अशोक तिवारी ने उल्लेखनीय मतों से जीत हासिल की और वे 25 निर्वाचित होने वाले सदस्यों में 10 वें स्थान पर चुने गए। यह उनकी परिषद में लगातार चौथी जीत है। अधिवक्ता अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि वे अधिवक्ता समुदाय के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# लोक अदालत के लिए बैठक में मंथन

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 दिसम्बर को जिला एवं तालुका स्तर पर चौथी एवं वर्ष की अंतिम लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायाधीशगणों की बैठक ली। संबंधित न्यायाधीश वीडियो कांफ्रेंसिंग से शामिल हुए। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा समस्त न्यायाधीशगण से न्यायालयों में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि उक्त आयोजित लोक अदालत जन सामान्य को त्वरित सुलभ और सस्ता न्याय प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है। संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

# पीएससी में राज पटेल को 22वीं रैंक



कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा मानस नगर कोरबा निवासी राज पटेल ने उत्तीर्ण कर ली। उन्होंने 22वीं रैंक हासिल की है। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र राज ने दूसरी बार सफलता प्राप्त की। अद्वेत फाउंडेशन ने कोविड–19 के समय उसे खोजा और उन 100 छात्रों में शामिल किया, जिनमें से 42 के पिता की मृत्यु किसी भी कारण से हो गई थी। राज के पिता संतोष पटेल सीएसईबी वेल्डर थे। मां शकुंतला पटेल ने सामान्य कामकाज कर राज की पढ़ाई जारी रखी। इधर तीन साल से यूपीएससी की तैयारी में लगे राज ने सीजीपीएससी में अच्छी रैंक हासिल की। इसकी खबर होने पर आशीष सिंह सहित कई लोग राज के घर पहुंचे और उसका सम्मान किया। उन्होंने उम्मीद जताई की आगे भी वह बेहतर सफलता हासिल करेगा।

# एसआईआर के लिए कांग्रेस ने बनाए प्रभारी

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया को लेकर विधानसभा क्षेत्र स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए हैं। इनमें कोरबा क्षेत्र के लिए पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, कटघोरा के लिए पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, पाली तानाखार के लिए श्रीमती धूलेश्वरी सिद्धार को प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन और प्रशासन मलकांत सिंह के द्वारा यह आदेश जारी किया गया।

इसमें सभी प्रभारी से कहा गया है कि एसआईआर कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला शहर नगर और ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष एआईसीसी के द्वारा गठित की गई समिति के संयोजक और सदस्यों से समन्वय करेंगे।

# कोरबा में विभिन्न कार्यों के लिए 2.77 करोड़ मंजूर

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृति आदेश जारी

कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम में विभिन्न कार्यों के लिए दो करोड़ 77 लाख 16 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय–सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम के वार्ड क्रमांक–31 में आर.सी.सी. नाली निर्माण के लिए 97 लाख आठ हजार रुपए तथा सडक़ डामरीकरण के लिए 94 लाख 49 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वार्ड क्रमांक–31 में काली मंदिर से आर.पी. नगर शिवाजी नगर मोड़ तक सी.सी. रोड के लिए 49 लाख 64 हजार रुपए एवं आर.पी. नगर में स्ट्रीट लाइटिंग के लिए 35 लाख 95 हजार रुपए की भी स्वीकृति विभाग द्वारा प्रदान की गई है।

# बालको क्षेत्र की सडक़ गायब, युकां ने किया प्रदर्शन



कोरबा, 21 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा क्षेत्र में सडक़ों की बदहाली को लेकर कांग्रेस संगठन का आंदोलन जारी है। गौ माता चौक, बलगीखार, रिस्दी चौक एवं दादरखुर्द के बाद कार्यकर्ताओं ने बालकोनगर के भदरापारा इलाके में प्रदर्शन किया। कहा गया कि अच्छे नतीजे नहीं आने पर आगे और भी प्रदर्शन होंगे।

जिलाध्यक्ष नत्थूलाल यादव, विकास सिंह ने इस बात पर नाराजगी जताई कि बजट पर्याप्त होने पर भी सडक़ बदहाल है। बालकोनगर में हर क्षेत्र की सडक़ों पर चलने में लोगों को दिक्कत हो रही है। आखिर इसका समाधान होगा कैसे? पार्षद कृपाराम साहू ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार होने पर भी सडक़ें कई जगह गायब हो गई है। कई लोगों ने इस मसले पर अपनी बात रखी। कहा गया कि और भी बुनियादी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।आंदोलन में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटाने ने दिए कड़े निर्देश



**कोरिया,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले के सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विशेष रूप से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के प्रति चिंता व्यक्त की और सभी ब्लॉकों को ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल जिले को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए समन्वित कार्रवाई, सतर्कता और समय पर उपचार बेहद आवश्यक है।

#### कलेक्टर ने दिए प्रमुख निर्देश

एचक्यूआरपी (जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं) को चिन्हित कर उनका समय पर रेफरल जिला अस्पताल तक सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं की पहली और चौथी तिमाही में अनिवार्य स्वास्थ्य जांच कराई जाए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का नियमित एवं प्रभावी आयोजन किया जाए। प्रसव पश्चात संस्थान से छुट्टी होने के बाद अनिवार्य रूप से विजिट सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया जाए।

कमजोर प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की एक सप्ताह बाद पुनः बैठक एवं 15 दिन बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला, टेलीकम्युनिकेशन के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश। स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप तैयार कर अपलोड किया जाए। चिरायु दल, स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का रोस्टर अनुसार नियमित निरीक्षण करें।टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निश्चय पोर्टल में सभी एंट्री समय पर सुनिश्चित हों।जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को नेक्स्ट जेन मॉड्यूल के अनुसार संचालित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग मिलकर काम करेंगे तो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी आएगी।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बीटीईओ, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले में नेउर-1 रेत खदान की ई-नीलामी प्रक्रिया हुई सम्पन्न

**एमसीबी,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के प्रावधानों के तहत नेउर-1 रेत खदान के लिए जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा आयोजित ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की प्रक्रिया बुधवार को पूर्ण हुई। जिले में खनन व्यवस्था को पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में यह नीलामी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। जारी ई-निविदा प्रक्रिया में कुल 81 बोलीदारों ने सहभागिता की, जिनकी तकनीकी जांच जिला खनिज शाखा द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप की गई। जांच के बाद कुल 76 बोलीदार तकनीकी रूप से पात्र पाए गए, जबकि 05 बोलीदार दस्तावेज़ी खामियों के कारण अपात्र घोषित किए गए। सभी पात्र बोलीदारों द्वारा प्रस्तुत कम एवं समान दर की बोलियों के कारण आगे की प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक लॉटरी पद्धति के माध्यम से की गई। डिजिटल पारदर्शिता के इस आधुनिक तंत्र ने नीलामी को और अधिक निष्पक्ष बनाते हुए बोलीदारों को समान अवसर प्रदान किया।

इलेक्ट्रॉनिक लॉटरी के परिणामस्वरूप सुनील कुमार गुप्ता को विगत 20 नवम्बर 2025 को नेउर-1 रेत खदान के लिए अधिमानी बोलीदार के रूप में चयनित किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों, तकनीकी प्रोटोकॉल और पारदर्शिता के मानकों का पालन करते हुए सम्पन्न की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि रेत खनन संबंधी नीलामी प्रक्रिया में बढ़ती प्रतिस्पर्धा से संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग, राजस्व वृद्धि और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। ई-नीलामी एवं इलेक्ट्रॉनिक लॉटरी जैसे आधुनिक साधन भविष्य में खनिज प्रबंधन की विश्वसनीयता और दक्षता को और मजबूत करेंगे।

समाचार क्रमांक/94/लोकेश/महेन्द्र/फोटो/01 से 02/

### अमीन भर्ती परीक्षा हेतु उडनदस्ता दल नियुक्त- 7 दिसंबर को होगी परीक्षा

**कोरिया,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा आगामी 07 दिसंबर 2025, रविवार को पूर्वान्ह 12:00 से 02:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू एवं नकलमुक्त संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलाकर उडनदस्ता दल नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा केंद्रों के भीतर तथा परिसर के बाहर संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखेंगे।

उडनदस्ता दल में नायब तहसीलदार बैकुंठपुर श्री शुभ कोसले, तहसीलदार पटना श्री प्रतीक जायसवाल, पुलिस आरक्षक श्री राजेश शांडिल्य, प्रधान आरक्षक श्री राम प्रसाद सिंह, शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के सहायक प्राध्यापक श्री भूपेन्द्र सिंह तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री वरुण कुशवाहा शामिल हैं। उड़नदस्ता दल को परीक्षा समाप्ति के दो घंटे के भीतर निर्धारित प्रपत्र सूचना समन्वयक केंद्र में जमा करना होगा।

#### परीक्षार्थियों हेतु दिशा -निर्देश

व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य है। सुबह 11रू30 बजे के बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा और किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

#### पोशाक संबंधी नियम

परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर आएं। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूर्णतः वर्जित हैं। केवल बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर पहनने की अनुमति होगी। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, जहां उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा। परीक्षा केंद्र में चप्पल पहनकर आना अनिवार्य है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना सख्त प्रतिबंधित है। परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी और अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। परीक्षार्थी केवल काले या नीले बॉल पेंड लेकर ही परीक्षा में शामिल हों।

# दुल्हन साड़ी सेंटर से खरीदी साड़ी का पहली धुलाई में ही निकला रंग,साड़ी के पैसे लौटाने का आदेश

**रायगढ़ ,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। महंगी साड़ी खरीदने के बाद पहली धुलाई में ही उसका रंग निकलने पर खरीददार ने दुकान संचालक से शिकायत की तो उसने केमिकल वॉश कर वापस करने की बात कही थी, लेकिन केमिकल वॉश में भी वास्तविक रंग नहीं आने पर क्रेता ने साड़ी वापस लेने को कहा तो दुकानदार ने वापस लेने से इनकार करते हुए उसके साथ दुर्व्यवहार भी किया। इस बात से क्षुब्ध होकर उसने दुकान संचालक के विरूद्ध उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर राशि वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। इस पर उभयपक्ष की सुनवाई के बाद फोरम ने दुल्हन साड़ी सेंटर के संचालक को दो साड़ी की कीमत 7 हजार 870 रूपए सहित मानसिक क्षतिपूर्ति व वाद व्यय के रूप में 7 हजार रूपए देने का आदेश दिया है।




मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय दरोगा पारा निवासी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता स्व. गोपीनाथ पाण्डेय ने 13 अक्टूबर 2024 को दुल्हन साड़ी सेन्टर से 5 नग साड़ी 13 हजार 920 रूपए नगद भुगतान कर खरीदा था। खरीदी के समय दुकान संचालक ने बिल देते हुए साडियों की गुणवत्ता, रंग, प्रिंट इत्यादि को लेकर आश्वस्त किया और साडियां उच्च कोटि का होना बताया था। वहीं कुछ दिन बाद खरीदी गई 5 साडियों में से दो साड़ी का पहली धुलाई में रंग निकल गया, जिसकी शिकायत उसने दुकान संचालक से की। वहीं दुकान संचालक द्वारा भी शिकायत सही पाये जाने पर दोनों साडियों को अल्ट्रेशन व केमिकल वॉश कराने के लिए रख लिया।

2 दिसंबर 2024 को वॉश कर वापस किया, लेकिन साडियों को देखने पर उसका मुल स्वरूप नहीं आ सका था और रंग में भी कोई परिवर्तन होना प्रतीत नहीं होने पर देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने दोनों साडियों को वापस कर उनकी कीमत 7 हजार 870 रूपए वापस करने को कहा गया। वहीं दुकान संचालक ने साड़ी वापस लेने से इनकार कर दिया तथा उससे दुर्व्यवहार भी किया। इस पर देवेन्द्र कुमार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उसे नोटिस दिया गया, जिसके जवाब में दुकान संचालक ने साधारण डिटर्जेंट व असावधानीपूर्वक धुलाई करना कारण बताया। वहीं उचित समाधान नहीं होने पर उसने उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर राशि वापस दिलवाने की फरियाद की।

फोरम के अध्यक्ष छमेश्वरलाल पटेल व सदस्यद्वय राजेन्द्र पाण्डेय, राजश्री अग्रवाल ने उभयपक्ष की सुनवाई के बाद पाया कि दुल्हन साड़ी सेन्टर के संचालक ने साड़ी वापस न कर अनुचित व्यापार व्यवहार किया है और आवेदक साड़ी के पैसे वापस पाने का अधिकारी है। ऐसे में फोरम ने आवेदक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय को साड़ी के पैसे 7 हजार 870 रूपए तथा मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 5 हजार व वाद व्यय दो हजार रूपए 45 दिनों के भीतर देने का आदेश दिया है।

## बुंदेली उ.मा. विद्यालय में बाल अधिकार सप्ताह का प्रेरणादायी आयोजन

### संपन्न- छात्राओं ने दिया प्रभावशाली सामाजिक संदेश

**एमसीबी,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में बाल अधिकार सप्ताह का उत्सव आज एक अलग ऊर्जा और नई सोच के साथ संपन्न हुआ, यह कार्यक्रम जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. खाती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने बाल अधिकारों को समझने और उन्हें जीवन में लागू करने का सशक्त संदेश दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की थीम पर आयोजित इस विशेष सप्ताह में छात्राओं ने अपनी सोच और संवेदना को नाट्य प्रस्तुति, चित्रकला, पोस्टर, लेखन और कहानी के माध्यम से जिस प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया उसने पूरे कार्यक्रम को एक जीवंत अनुभव में बदल दिया। हृस्र और हृष्टष्ट की संयुक्त नाट्य प्रस्तुति ने बाल अधिकार, सुरक्षा, भेदभाव और सामाजिक चुनौतियों की तस्वीर को समाज के सामने सशक्त रूप में रखा, जबकि खुशहाल बचपन सुरक्षित बचपन विषय पर बनी चित्रकला और पोस्टरों ने बालिकाओं की कलात्मक क्षमता को नई ऊंचाइयाँ दीं। यदि मैं पिता या माता होती विषय पर बालिकाओं द्वारा लिखी गई रचनाओं में भावनाओं, जिम्मेदारी और समझ की गहरी झलक दिखाई दी, वहीं मेरे सपनों का भविष्य पर लिखी गई कहानियों में आत्मनिर्भरता, शिक्षा,



समान अवसर और उज्वल भारत की स्पष्ट झलक उभरकर सामने आई। बालिकाओं की प्रस्तुतियों में यह भाव प्रमुख रूप से परिलक्षित हुआ कि हर बच्ची राष्ट्र की अमूल्य पूंजी है और उसके सपने न केवल उसका भविष्य संवारते हैं बल्कि समाज को भी नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप देने में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मिशन शक्ति विभाग की वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ श्रीमती अनीता कुमारी शाह, सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर सुश्री अमीषा कुशवाहा और विधिक सेवा प्राधिकरण की श्रीमती अंजनी यादव की उपस्थिति ने बालिकाओं को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया। निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ कहानियों का चयन किया और हर प्रतिभागी को सम्मान और प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय प्राचार्य श्री अंगद प्रसाद केवंट और शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बालिकाओं को नेतृत्व, आत्मविश्वास और सकारात्मक सामाजिक सोच की दिशा में आगे बढ़ाने वाले महत्वपूर्ण मंच हैं।

## ग्राम पंचायतों के सुव्यवस्थित कार्यालय

### ग्रामीणों की बढ़ती सहूलियतें

### महात्मा गांधी नरेगा दे रहा ग्रामीण अधोसंरचना को नई दिशा

**कोरिया,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत की बेहतर कार्यप्रणाली के लिए एक सुव्यवस्थित कार्यालय भवन अत्यंत आवश्यक होता है। यह न सिर्फ पंचायत व्यवस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण स्थान भी है। कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य करते हुए ग्रामीण अधोसंरचना विकास को नई गति दी है।

#### रोजगार के साथ अधोसंरचना निर्माण का मजबूत आधार

मनरेगा ने अकुशल श्रम को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका में स्थायी सुधार लाने का रास्ता खोला है। अधोसंरचनाओं के विकास में यह योजना अब ग्रामीण प्रगति की रीढ़ बन चुकी है। इसी प्रयास का परिणाम है कि जनपद पंचायत सोनहत और बैकुण्ठपुर में पिछले एक दशक में 45 नए ग्राम पंचायत कार्यालय भवन बनाए गए हैं, जिससे पंचायती राज व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हुई है और ग्रामीणों को सुविधाएं और



आसानी से मिलने लगी हैं।

#### सुविधाओं से लैस आधुनिक ग्राम पंचायत कार्यालय

नए निर्मित कार्यालय भवनों में जनप्रतिनिधियों, सचिव और रोजगार सहायक के लिए अलग कक्ष, बैठकों और ग्राम सभा संचालित करने की व्यवस्था, दस्तावेजों के संधारण की सुरक्षित सुविधा है। इन व्यवस्थाओं से ग्रामीणों के कार्य समय पर निपट रहे हैं, संवाद बेहतर हुआ है और पंचायत स्तर पर कार्यशैली अधिक पारदर्शी व सुगम बनी है।

महात्मा गांधी नरेगा के तहत कोरिया जिले में कुल 45 नए ग्राम पंचायत कार्यालय भवन निर्मित किए गए हैं। सोनहत व बैकुंठपुर जनपद पंचायत में 45 भवन, 5 करोड़ 96 लाख रूपए से अधिक की लागत से तैयार की गई है। सभी निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराए गए, जिससे गुणवत्ता, स्थानीय सहभागिता और लागत की पारदर्शिता सुनिश्चित हुई।

## ग्रामीण क्षेत्र के नौनिहालों के लिए मज़बूत आधार

### कोरिया जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों का सशक्त विस्तार

**कोरिया,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कोरिया जिले के ग्रामीण अंचलों में आंगनबाड़ी केंद्र नौनिहालों की प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण केंद्र बनते जा रहे हैं। बच्चों की पहली पाठशाला मानी जाने वाली आंगनबाड़ी में नन्हे कदम समाज से जुड़ना सीखते हैं- खेल-खेल में सीख, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासन का संस्कार यहीं से शुरू होता है।

#### मनरेगा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का सफल मॉडल

बीते एक दशक में महात्मा गांधी नरेगा और महिला एवं बाल विकास विभाग के मजबूत समन्वय से जिले में 148 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पूरा किया गया है। इन भवनों में मूलभूत सुविधाओं के साथ हजारों बच्चों का बेहतर भविष्य संजोया जा रहा है।

वनांचल क्षेत्र सोनहत में पिछले दशक में 26 नए आंगनबाड़ी भवन बने हैं, जिन पर मनरेगा से 133 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। इसी तरह जिला



मुख्यालय क्षेत्र बैकुण्ठपुर के अंतर्गत 122 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हुआ है। यहां हजारों बच्चे शिक्षा और पोषण गतिविधियों से जुड़ रहे हैं। इन भवनों के लिए मनरेगा से 9 करोड़ 9 लाख रुपये से अधिक मंजूर किए गए। नए मानक के अनुसार एक केंद्र की लागत 11.69 लाख रुपए, जिसमें मनरेगा से 8 लाख रुपए, 2024 से पहले स्वीकृति 6.45 लाख रुपए जिसमें मनरेगा से 5 लाख रुपये।महिला एवं बाल विकास विभाग की मांग पर जनपद पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव जिला पंचायत कार्यालय भेजा जाता है। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जाती है। हर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाता है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय मांग अनुसार सोनहत में 2 नए कार्य, बैकुण्ठपुर में 23 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य स्वीकृत किए हैं, जिनका निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।

## जिले में 27 को रोजगार मेला, 50 पदों पर सीधी भर्ती का मौका

**एमसीबी,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाते हुए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 27 नवंबर 2025 को भव्य रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह रोजगार मेला युवाओं को निजी क्षेत्र में सीधी नियुक्ति का अवसर प्रदान करेगा। प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन लालपुर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक किया जाएगा, जिसके लिए जिलेभर से युवाओं के बड़ी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है। इस कैंप में शामिल होने के लिए प्रतिष्ठित निजी संस्थान योकोहामा इंडिया प्रा. लि. (ङ्मष्ट ङ्गद्बह्लद्गह्य), दहेज, गुजरात ने महिला अभ्यर्थियों के लिए मशीन ऑपरेटर के 50 रिक्त पदों की जानकारी रोजगार कार्यालय को प्रदान की है। इन पदों के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम, आईटीआई और डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रति माह 17,500 रुपये का वेतनमान प्राप्त होगा तथा कार्य स्थल दहेज, गुजरात होगा। रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है और इसमें भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का ई-रोजगार पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए अभ्यर्थी पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध 'सीजी रोजगार पंजीयन एप' के माध्यम से भी पंजीकरण संभव है। केवल वही आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में शामिल किए जाएंगे, जिनका पोर्टल में वैध पंजीयन उपलब्ध होगा। जिला रोजगार केंद्र ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होने के समय अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे-शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ अवश्य लेकर आएं।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटाने ने दिए कड़े निर्देश

**कोरिया,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर आदरणीया श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले के सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विशेष रूप से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के प्रति चिंता व्यक्त की और सभी ब्लॉकों को ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल जिले को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए समन्वित कार्रवाई, सतर्कता और समय पर उपचार बेहद आवश्यक है।

### कलेक्टर ने दिए प्रमुख निर्देश

एचक्यूआरपी (जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं) को चिन्हित कर उनका समय पर रेफरल जिला अस्पताल तक सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं की पहली और चौथी तिमाही में अनिवार्य स्वास्थ्य जांच कराई जाए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का नियमित एवं प्रभावी आयोजन किया जाए।

प्रसव पश्चात संस्थान से छुट्टी होने के बाद अनिवार्य रूप से विजिट सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 22 नवंबर को सभी सेक्टरों में बैठक आयोजित कर आज की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों को निचले स्तर तक पहुँचाया जाए और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को मजबूत किया जाए।

इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड, आभा आईडी एनसीडी स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन एवं फॉलोअप कार्यों में तेजी लाई जाए। समुदाय में जागरूकता के लिए आईईसी सामग्री, पोस्टर, पंपलेट का व्यापक उपयोग किया जाए।टीकाकरण एवं एमआर टीकाकरण समय पर पूर्ण कर पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित की जाए।कार्य में लापरवाही पर नोटिस एवं वेतन-वृद्धि रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

कमजोर प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की एक सप्ताह बाद पुनः बैठक एवं 15 दिन बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला, टेलीकम्युनिकेशन के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश। स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप तैयार कर अपलोड किया जाए।

चिरायु दल, स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का रोस्टर अनुसार नियमित निरीक्षण करें।टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निश्चय पोर्टल में सभी एंट्री समय पर सुनिश्चित हों।जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को नेक्स्ट जेन मॉड्यूल के अनुसार संचालित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग मिलकर काम करेंगे तो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी आएगी।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बीटीईओ, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## समर्थन मूल्य पर किया धान विक्रय- पिता-पुत्र ने दिखाया कृषि में तकनीक और परिश्रम का समन्वय

कोरिया, 21 नवंबर (देशबन्धु)। धान खरीदी अभियान के तहत आज ग्राम तेंदुआ के 25 वर्षीय युवा किसान जितेन्द्र साहू ने अपने पिता सुरेश साहू के साथ साख सहकारी समिति, पटना पहुँचकर 63.20 क्विंटल धान का विक्रय किया।

इस वर्ष उन्होंने 1.20 हेक्टेयर कृषि भूमि में धान की बुवाई की थी, जिसमें मेहनत, आधुनिक खेती पद्धतियों और समयङ्कसमय पर की गई देखरेख का फल उन्हें संतोषजनक उत्पादन के रूप में मिला।

किसान जितेन्द्र ने समिति में बताया कि उन्होंने खरीदी केंद्र में आने के लिए मोबाइल ऐप से ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया था, जिससे उन्हें लाइन में लगने की परेशानी नहीं हुई और पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो गई। समिति में तौल, गुणवत्ता परीक्षण और कागजी कार्यवाही भी समय पर पूरी कर ली गई।

शासन द्वारा तय 2,369 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के आधार पर उन्हें कुल 1,49,720 रुपए की राशि प्राप्त होगी। वे इस पारदर्शी प्रणाली और समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से संतुष्ट दिखे।

किसान जितेन्द्र ने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अगली फसल के लिए खाद-बीज की खरीदी, खेत की आवश्यक तैयारियों और परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में करेंगे। उन्होंने कहा कि समय पर खरीदी और समर्थन मूल्य मिलने से किसानों का उत्साह बढ़ता है और युवा पीढ़ी भी खेती की ओर आकर्षित होती है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मौसम की चुनौतियों और बढ़ती लागत के बीच सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही खरीदी, किसानों के लिए आर्थिक संबल का काम कर रही है। मेहनत के बदले सही मूल्य मिलने से खेतिहर परिवारों की आजीविका सुरक्षित होती है और कृषि कार्य में स्थिरता बनी रहती है।

## सार-संक्षेप

### डभरा से छपोरा मार्ग में दो केप्सूल वाहन फंसने से 12 घंटे से अधिक समय तक आवागमन बंद रहा लोगों को भारी परेशानी हुई



**डभरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। थाना डभरा क्षेत्र के ग्राम घोघरी में बीच सड़क पर गड्ढे के पास दो कैप्सूल वाहन फंसने से डभरा से सक्ती हसौद बिर्रा सड़क मार्ग बंद हो गया। बताया जा रहा है कि ग्राम घोघरी के पास गड्ढे में दो केप्सूल वाहन फंस गए 20 नवम्बर के लगभग शाम 6 बजे के करीब सड़क मार्ग पर दो केप्सूल वाहन फंस गए। एक केप्सूल वाहन गड्ढे में फंस गया तो दूसरा केप्सूल वाहन गड्ढे पार करते बीच सड़क मार्ग पर बिगड़ गया। जिस कारण शाम 6 बजे से ही भारी वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। सड़क मार्ग के दोनों तरफ घोघरी से खोंधर मोड़ तक दूसरे तरफ छपोरा अमलीडीह तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मुख्य सड़क मार्ग में 12 घंटे से अधिक समय तक आवागमन बंद रहा।

सड़क मार्ग की बिगड़े फंसे वाहनों को हटाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिले के यातायात पुलिस ने भी जिम्मेदारी नहीं निभाई शाम 6 बजे फंसे वाहनों को हटाने के लिए कोई कवायद नहीं की गई।

मुख्य सड़क मार्ग बंद होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है । 21 नवंबर के सुबह 9 बजे के करीब फंसे वाहनों को सड़क से निकाला गया तब जाकर आवागमन शुरू हुआ। लोगों परेशानी का सामना करना पड़ा तो ट्रक ड्राइवर रात्रि में भोजन के तलाश करते रहे।

### आईजी बिलासपुर रेंज द्वारा किया गया सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का दौरा

#### पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला सारंगढ बिलाईगढ़ , एसडीओपी बिलाईगढ़ कार्यालय एवं थाना सरसीवां का किया गया वार्षिक निरीक्षण



**सारंगढ़,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ संजीव शुक्ला का जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस के वार्षिक निरीक्षण हेतु सारंगढ़ जिला आगमन हुआ जहाँ उन्होंने एसडीओपी बिलाईगढ़ कार्यालय तथा सरसींवा थाना का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुलिस कार्यप्रणाली , रिकॉर्ड संधारण , आम जनता से व्यवहार के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया द्य निरीक्षण के द्वितीय दिवस को प्रातः खेलभाठा मैदान सारंगढ़ में परेड का निरीक्षण किया गया।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पुलिस सम्मलेन में जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की समस्यायें, गुजारिश सुनकर उनके त्वरित निराकरण के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय को आवश्यक निर्देश दिए तथा सभी अधिकारी/कर्मचारीयों को अनुशासित रहकर अपने विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ ही आम जनता से बेहतर व्यवहार करने ,अपने परिवार एवं अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन दिया द्यइसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखाओं एवं रक्षित निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

### राज्य विधिक परिषद में जांजगीर बार को मिली जगह



जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद चुनाव में जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर को मिली जगह जांजगीर बार से जी के गुजराल अधिवक्ता हुए निर्वाचित । राज्य विधिक परिषद चुनाव में सदस्य पद हेतु जांजगीर बार से तीन प्रत्याशी जी के गुजराल,रेवती रमण तिवारी, और दिनेश यादव ने चुनाव में हिस्सा लिया जिसमें से जी के गुजराल अधिवक्ता निर्वाचित घोषित किए गए।

यह दूसरी बार हुआ की जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर को राज्य विधिक परिषद में जगह मिली। जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर ने इस जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिले के सभी अधिवक्ताओं ने बधाई दी और जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर बार को नई पहचान मिलेगी यह जानकारी जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के सांस्कृतिक एवम् क्रीड़ा सचिव अनिल राठौर ने दी।

### हार्वेस्टर चालक से फोन पे के माध्यम से अवैध वसूली

#### आरक्षक को किया लाइन हाजिर

जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। केरा चौक, थाना जांजगीर क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान हार्वेस्टर चालक से फोनपे के माध्यम से अवैध वसूली करने के आरोप की खबर स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीक कार्रवाई की है।

प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर थाना जांजगीर में पदस्थ आरक्षक राजू लठेवाल को तुरंत प्रभाव से थाना जांजगीर से रक्षित केन्द्र संबद्ध किया गया है।


साथ ही, उनके विरुद्ध प्राथमिक जांच प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अवैध वसूली व अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### रायगढ़ में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक का निर्माण शुरू

**रायगढ़,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ में आरटीओ ऑफिस के पीछे अत्याधुनिक ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ई-ट्रैक का निर्माण शुरू हो गया है। इस ई ट्रैक में कैमरे और सेंसर का उपयोग होगा। ई-ट्रैक के बन जाने से जिले में ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया सरल और तेज होगी, क्योंकि यह परीक्षण को अधिक निष्पक्ष और कुशल बनाएगा। यह परियोजना वाहन चलाने के परीक्षणों को आधुनिकीकरण की ओर ले जाएगी।

# शिवरीनारायण मठ महोत्सव में भक्ति व आध्यात्म का संगम

## स्वामी मधुसूदनाचार्य जी ने दिया सतर्कता का संदेश



शिवरीनारायण, 21 नवंबर (देशबन्धु)। । श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में व्यासपीठ की आसंदी से अनंत श्रीविभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक धरती, सूर्य और चंद्रमा रहेंगे, ईश्वर की कथा का प्रवाह अनवरत चलता रहेगा। कथा कहने और सुनने वाले बदलते रहेंगे, लेकिन कथा सदैव विद्यमान रहेगी, उन्होंने कहा। स्वामी जी ने शिवरीनारायण को माता शबरी की जन्मभूमि बताते हुए कहा कि भगवान रामभद्र स्वयं यहां पधारे थे और पंपासर में दर्शन दिए थे।

उन्होंने जीवन में भजन-भक्ति को टालने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, लोग सोचते हैं बुढ़ापे में भजन करेंगे, परंतु बुढ़ापे में न आंख ठीक से देखती है, न कान सुनते हैं, फिर भजन कैसे होगा? अभी से सतर्क हो जाओ, नहीं तो पछताना पड़ेगा।

उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई का उल्लेख करते हुए कहा कि हरि भजन के बिना जीवन की जलन समाप्त नहीं होती, चाहे व्यक्ति कितना ही बड़े पद पर क्यों न पहुंच जाए। महोत्सव में प्रतिदिन की भांति महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज की उपस्थिति रही। पंडित सुंदरलाल शर्मा पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीरेंद्र कुमार सारस्वत, संत गोपाल दास जी, संत गोवर्धन शरण जी तथा झारखंड से पधारे निग्रहाचार्य जी महाराज भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### तुलसी मंजरी से सजा आस्था का विहंगम दृश्य

महोत्सव परिसर में प्रत्येक श्रद्धालु के हाथों में तुलसी मंजरी, फूल, नारियल और पूजा सामग्री का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। आचार्य जी ने इस अद्भुत दृश्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, चारों ओर श्यामा-श्यामा तुलसी मंजरी देखकर ऐसा लगता है मानो यह शबरी की ही भूमि हो, जैसे माता शबरी प्रतिदिन रघुनाथ जी की प्रतीक्षा में यह कार्य करती थीं।

### छात्र-छात्राओं की उत्साही भागीदारी

नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। शिक्षक उन्हें आध्यात्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों से अवगत कराते हुए नगर की आध्यात्मिक धरोहर का गौरव समझा रहे हैं। वहीं इस आयोजन में नगर के युवा बड़ी संख्या में सेवा कार्यों में लगे हुए हैं। दोपहर में हजारों श्रद्धालुओं को भोजन वितरण कर वे वर्षों पुरानी सेवा परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। आगंतुकों ने युवाओं की इस अनुशासित और समर्पित सेवा भावना की सराहना की।

# खरौद के ज्वेलरी दुकान में 25 लाख की उठाईगिरी, सराफा व्यापारियों में दहशत

जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। खरौद नगर के एसके ज्वैलर्स में 10 नवंबर की दोपहर 2.45 बजे हुई उठाईगिरी की बड़ी घटना से स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन, खरौद नगर के पदाधिकारियों ने जांजगीर-चांपा पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में तेजी लाने की मांग की।

दुकान में घुसे एक अज्ञात युवक ने मौका पाकर करीब 200 ग्राम सोने के आभूषणों से भरा डिब्बा उठाया और बिना किसी को संदेह हुए दुकान से बाहर निकलकर फरार हो गया। चोरी गए आभूषणों की कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है। दुकान संचालक ने घटना के तुरंत बाद थाना शिवरीनारायण में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन दस दिन बीतने के बाद भी पुलिस को न तो आरोपी का कोई सुराग मिला है और न ही चोरी गया माल बरामद हो सका है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से चिंतित सराफा व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन, खरौद नगर के पदाधिकारियों ने जांजगीर-चांपा पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में तेजी लाने की मांग की। एसोसियेशन के अध्यक्ष खोमीलाल सोनी, उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सोनी, सचिव राधेश्याम सोनी, सह सचिव चिन्तामणि सोनी, कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद सोनी और उप कोषाध्यक्ष यज्ञनारायण सोनी ने कहा कि बढ़ती चोरी की घटनाओं से स्वर्ण व्यवसायी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जिसका असर व्यापार और आमजन की सुरक्षा दोनों पर पड़ रहा है। एसोसियेशन ने आरोपी की जल्द पहचान व गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित करने और चोरी गए सोने की बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि मामले की जांच प्राथमिकता से की जा रही है और जल्द महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है।

# चांपा की महिलाएं पहुंचीं एसपी कार्यालय

## अवैध शराब बिक्री, मारपीट, धमकी और लूटपाट पर कार्रवाई की मांग

जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। चांपा नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 और 14 की दर्जनों महिलाएं मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर गहरी चिंता जताते हुए सामूहिक आवेदन सौंपा। महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री, मारपीट, धमकी, लूटपाट और महिलाओं-बच्चियों से अभद्र व्यवहार जैसी घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

महिलाओं ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से वार्ड में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिसके कारण असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है। नशे की हालत में आरोपी आए दिन लोगों से विवाद करते हैं तथा धमकाते हैं। शिकायत में कहा गया है कि दिनदहाड़े चाकू-छुरी दिखाकर लोगों को डराना और लूटपाट करना आम बात हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि मजदूरी कर लौटने वाले लोगों व युवाओं में दहशत का माहौल है। महिलाओं और स्कूली बच्चियों से छेड़छाड़ व अभद्र व्यवहार की घटनाओं ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। प्राथमिक स्कूल के सामने गाली-गलौज और अश्लील हरकतों से बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है।





इसके अलावा शिकायत में घर में घुसकर मारपीट, जातिगत विवाद बढ़ाने, तथा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को धमकाने जैसी घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। महिलाओं का आरोप है कि स्थानीय चांपा थाना में उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिसके चलते वे सीधे एसपी के पास सुरक्षा की गुहार लेकर पहुंचे हैं।

### नियमित गश्त और सख्त कार्रवाई की मांग

महिलाओं ने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त, अवैध शराब कारोबार पर तुरंत प्रतिबंध, तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि वार्ड में शांति और सुरक्षा का माहौल बहाल हो सके।

# जिले की प्रतीकात्मक कलेक्टर बनी कक्षा 11वीं की छात्रा

## कु. दीक्षा सारथी ने महीने में एक दिन बिना मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट-किताबों, लाइब्रेरी और स्पोर्ट्स से जुड़ने दीक्षा ने की डिजिटल फास्टिंग अपील



जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। विश्व बाल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ के कक्षा 11वीं की छात्रा कु.दीक्षा सारथी को 15 मिनट के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा प्रतीकात्मक कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई। कु.दीक्षा ने छात्र-छात्राओं, युवा पीढ़ी एवं जिलेवासियो से तीन महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिनकी सभी अधिकारियों और उपस्थितजनों ने सराहना की।

कु.दीक्षा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल और स्क्रीन के अधिक उपयोग से मानसिक थकान और परिवार से दूरी का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि महीने में एक दिन पूरी तरह स्क्रीन-फ्री डे मनाएं, इस दौरान लाइब्रेरी जाएं, प्रेरणादायी किताबें पढ़ें, खेलकूद और आउटडोर गतिविधियों में भाग लें माता-पिता, दादा-दादी और परिवार के साथ समय बिताएं।

उन्होंने कहा कि यह पहल मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और एकाग्रता बढ़ाने में बेहद मददगार होगी। कु. दीक्षा ने जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों से सहयोग मांगा।

उन्होंने अपील की कि बाजार जाते समय हमेशा कपड़े, जूट या कागज का थैला साथ रखें।

सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की छोटी पहल मिलकर एक बड़े बदलाव का रूप ले सकती है।

### एक पेड़ माँ के नाम - अपनत्व से जुड़ा पर्यावरणीय संदेश

कु. दीक्षा ने कहा कि हर नागरिक अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा माँ के नाम से लगाएं तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें एवं अधिक हरियाली बढ़ाने के लिए साथियों को भी प्रेरित करें।

### कलेक्टर ने दीक्षा को दी बधाई

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने दीक्षा सारथी की सोच और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सृजनात्मक सोच समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी ताकत है। कलेक्टर ने सभी बच्चों को विश्व बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर यूनिसेफ के जिला समन्वयक श्री विनोद साहू, यूवोदय हसदेव के हीरो वालिंटियर्स सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मवेशी तस्करों पर कार्रवाई

## मुलमुला पुलिस ने 11 बैलों को किया मुक्त, आरोपियों को भेजा जेल

जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। थाना मुलमुला पुलिस ने मवेशी तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से 11 बैल बरामद किए गए, जिन्हें सुरक्षित रूप से स्थानीय गोठान में रखवाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता के कारण यह कार्रवाई संभव हो सकी।



जानकारी के अनुसार आरोपी बैलों को पैदल हांकते हुए, मारते-पीटते ग्राम जेवरा से ढाबाडीह की ओर ले जा रहे थे। इनके साथ एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से पीछे-पीछे चल रहा था। सूचना पर मुलमुला पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बैलों को गिधौरी क्षेत्र की ओर ले जाया जा रहा था, जहां से गौ-तस्कर इन मवेशियों को खरीदकर आगे बुचड़खानों में बेचते हैं। छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 तथा

पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार आरोपी मेलाराम यादव, निवासी बोरसी,बिरेन्द्र उर्फ नरेन्द्र कुमार यादव निवासी बोरसी व मुकेश कुमार मनहर निवासी खोरसी, थाना शिवरीनारायण है।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक पारस पटेल (थाना प्रभारी, मुलमुला), सउनि फूलेश्वर सिदार, प्रमोद महार, प्र.आर. राजमणी द्विवेदी, आरक्षक मनभावन पटेल व हेमंत खरे का योगदान रहा।

## ज्ञान भारती स्कूल में बाल दिवस पर पोस्टर एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन



जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मोत्सव पर ज्ञान भारती विद्यालय जांजगीर में बाल आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों दिलीप चतुर्वेदी, डॉ. आर.सी. पाण्डेय (संचालक), आर.के. जैन (पूर्व प्राचार्य), रवि शर्मा (ब्रांच मैनेजर, एसबीआई नैला), गणेश राम जांगड़े (प्राचार्य), सीमा कश्यप (प्राचार्या), देवेन्द्र राठौर (स्कूल प्रबंधक), गीतेश राठौर (सहायक प्रबंधक) और सुमन्त पटेल द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया।

बाल आनंद मेले के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने मनपसंद स्व-निर्मित व्यंजन जैसे पानी-पूरी, भजिया, समोसा, मोमोज, चाट, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, मंचूरियन, जरी-चना, कटोरी चाट, इडली और चॉकलेट आदि की दुकानें लगाईं। इसके साथ ही विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता और विभिन्न गेम प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई - कलेक्टर



जांजगीर, 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जन्मेजय महोबे ने आज विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि 04 दिसम्बर 2025 तक समस्त गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम वर्क के साथ मिशन मोड में सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर कार्य को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने सभी एसडीएम से प्रगति रिपोर्ट एवं कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी भी ली।

कलेक्टर श्री महोबे ने डिजिटाइजेशन में प्रगति लाने हेतु तहसील स्तर पर 10-12 बीएलओ का क्लस्टर बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रीय निगरानी और सुपरविजन और प्रभावी हो सके। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से फील्ड में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक के दौरान बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ की प्रशंसा की गई।

कलेक्टर ने उनके अनुभव और कार्यशैली को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि एसआईआर कार्य जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे सभी मिलकर सफल बनाएं।

कलेक्टर ने एसआईआर कार्य में स्वयंसेवियों (वालिंटियर्स), सीएससी ऑपरेटर, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, एनसीसी व एनएसएस का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए, ताकि घर-घर सत्यापन, मतदाता जागरूकता और डेटा संकलन का कार्य और बेहतर तथा तेज गति से पूरा किया जा सके। कलेक्टर ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराने तथा मतदाताओं को गणना पत्रक शीघ्र भरकर बीएलओ को जमा कराने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## देश विदेश

### सिबी जॉर्ज ने चौथे ईयू इंडो पैसिफिक मिनिस्टीरियल फोरम की मीटिंग में लिया हिस्सा

**ब्रुसेल्स,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ब्रुसेल्स में चौथे यूरोपीय संघ इंडो-पैसिफिक मिनिस्टीरियल फोरम के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्रालय पश्चिम के सचिव सिबि जॉर्ज ने अन्य देशों के तमाम नेताओं के साथ चर्चा की। इनमें यूरोपीय यूनियन के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास और साइप्रस, मालदीव, सोमालिया और तुवालु के विदेश मंत्री भी शामिल थे। भारत के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सेक्रेटरी (वेस्ट) सिबी जॉर्ज ने ब्रसेल्स में चौथे ईयू इंडो पैसिफिक मिनिस्टीरियल फोरम की पहली मीटिंग में हिस्सा लिया।

# ईरान के तेल व्यापार पर अमेरिका ने लगाया नया प्रतिबंध

## भारतीय कंपनी व कारोबारी भी जद में आए

**वाशिंगटन,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ईरान के खिलाफ तेल व्यापार पर अमेरिका ने सख्ती दिखाई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की ओर से साझा जानकारी के अनुसार अमेरिका ने ईरान के बड़े ऑयल नेटवर्क पर कई बैन लगाए हैं। हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंध की जद में भारतीय कंपनी और कारोबारी भी आए हैं।

विभाग के अनुसार बैन की गई कंपनियों की लिस्ट में एक भारतीय फर्म भी शामिल है। दरअसल, अमेरिका तेहरान की ऑयल लॉबी के खिलाफ अपना कैंपेन तेज कर रहा है। ये कार्रवाई उन लॉबी के खिलाफ हो रही है, जिनसे ईरानी मिलिट्री को पैसे मिल रहे हैं। ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि आज की कार्रवाई ईरानी सरकार के न्यूक्लियर हथियार बनाने और टेररिस्ट प्रॉक्सी को सपोर्ट करने के लिए फंडिंग रोकने के ट्रेजरी के कैंपेन को जारी रखती है। अमेरिकी विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'आज अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ द ट्रेजरी का ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (एएफएसी) उन फ्रंट कंपनियों और शिपिंग फैसिलिटेटर्स के एक नेटवर्क पर रोक लगा रहा है, जो क्रूड ऑयल बेचकर ईरानी आर्म्ड फोर्सेस को फंड देते हैं। इजरायल के साथ 12-दिन के युद्ध में हार के बाद, ईरान की मिलिट्री अपने सालाना बजट को सप्लीमेंट करने और अपनी कमजोर फोर्सेस को फिर से बनाने के लिए ईरानी क्रूड ऑयल की बिक्री पर ज्यादा निर्भर हो गई है।



### ईरान के नाभिकीय मुद्दे का शस्त्र बल व मुकाबले से हल नहीं हो सकता : ली सोंग

***बीजिंग।*** *अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) परिषद ने 20 नवंबर को ईरान के नाभिकीय मुद्दे पर प्रस्ताव पारित किया, जिसे अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने मिलकर आगे बढ़ाया था। आईएईए स्थित स्थाई चीनी प्रतिनिधि ली सोंग ने भाषण देते हुए चीन के रुख पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शस्त्र बल और मुकाबले से ईरान के नाभिकीय मुद्दे का हल नहीं हो सकता। इस मौके पर ली सोंग ने कहा कि इस साल जून में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु संस्थापन पर खुला हमला किया था, जिसकी गारंटी और निगरानी आईएईए करता है। इससे ईरान के नाभिकीय मुद्दे की स्थिति में बड़ा उलटफेर हुआ। अंतरराष्ट्रीय समुदाय और आईएईए को इस गलत कार्रवाई की कड़ी निंदा करनी होगी।*

### रूस-यूक्रेन सुलह के लिए ट्रंप ने दिया 28 सूत्रीय पीस प्लान



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच काफी लंबे समय से संघर्ष जारी है, जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में हमास और इजरायल के बीच शांति समझौता करा दिया। अब उनकी कोशिशें रूस और यूक्रेन के लिए शुरू हो गई हैं। ट्रंप ने रूस के साथ मिलकर यूक्रेन में युद्ध खत्म करने के लिए 28 प्वाइंट्स में ड्राफ्ट तैयार किया है। गाजा के लिए ट्रंप ने 20 सूत्रीय प्लान तैयार किया था। वहीं, यूक्रेन के लिए 28 सूत्रीय पीस प्लान तैयार किया गया है। ट्रंप के इस 28 सूत्रीय पीस प्लान पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की प्रतिक्रिया भी आ गई है। एक तरफ यूक्रेन के अधिकारियों ने ट्रंप के इस ड्राफ्ट को बेतुका, अस्वीकार्य और अपनी संप्रभुता पर सीधा हमला बताया है। वहीं, जेलेंस्की ने भी कहा कि वह रूस के साथ जंग खत्म करने के लिए अमेरिका के 'विजन' पर उनके साथ काम करने को तैयार हैं। प्लान के अनुसार कीव पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क इलाके के उन बड़े इलाकों को छोड़ देगा, जिन पर अभी भी उसका कंट्रोल है।

## सुडोकू 7100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7100

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दाये:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए, सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद,
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. दौलत एकत्र करना, धन संग्रह
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

### वर्ग पहेली-7099

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्या | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 22 नवम्बर, 2025 अगहन शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज आप सभी काम सावधानी से करें। सरकार विरोधी काम से दूर रहें। दुर्घटना हो सकती है, इसलिए वाहन आदि का उपयोग ध्यान से करें। बाहर के खान-पान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

वृषभ - आप को अपने प्रिय दोस्तों और स्वजनों के साथ घूमने- फिरने का आनंद प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्र-आभूषण और भोजन का अवसर आपको मिलेगा। दोपहर के बाद स्थिति आपके नियंत्रण से हट सकती है।

मिथुन - आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क - आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

सिंह - आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या - आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु - आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर - आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ - आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन - साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# अफगान शरणार्थियों के वापस लौटने से तालिबानी सरकार पर बढ़ रहा दबाव

## भारत से आर्थिक संबंध मजबूत करने पर जोर

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बीते कुछ दिनों में पाकिस्तान और ईरान से भारी संख्या में अफगानिस्तानी शरणार्थियों के जबरदस्ती निकाले जाने की घटना सामने आई है। लाखों की संख्या में लोग अफगानिस्तान लौट रहे हैं, जिसकी वजह से अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के अधिकारियों पर दबाव बढ़ रहा है। तालिबानी सरकार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बीच वैश्विक समर्थन की तलाश में है। काबुल की ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 10 महीनों में 1.5 मिलियन से ज्यादा लोग वापस लौट चुके हैं। यह अफगानिस्तान की सरकार के लिए इस वक्त दबाव का बड़ा कारण बना हुआ है। इस बीच इंडस्ट्री और कॉमर्स मिनिस्टर नूरुद्दीन अजीजी भारत में मौजूद हैं। उन्हें भारत के साथ बेहतर इकोनॉमिक कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन की उम्मीद है।

**10 महीनों में 1.5 मिलियन से ज्यादा लोग लौट चुके**



अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने बताया, 'भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अफगान लोगों की तरक्की और खुशहाली का समर्थन करता है। टोलो न्यूज ने अफगानिस्तान के इंडस्ट्री और कॉमर्स मिनिस्ट्री के स्पोक्सपर्सन अखुंदजादा अब्दुल सलाम जवाद के हवाले से कहा, 'मीटिंग में दोनों देशों के बीच कमर्शियल अटैचमेंट शुरू करने, अफगान प्राइवेट सेक्टर मेंबर्स के लिए वीजा की सुविधा, पहले से बने जॉइंट वर्किंग ग्रुप को फिर से एक्टिवेट करने, जॉइंट चैंबर ऑफ कॉमर्स बनाने और चाबहार पोर्ट से जुड़े मामलों को सुलझाने पर भी बात हुई।'

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि बातचीत में इकोनॉमिक कोआर्डिनेशन को बेहतर बनाने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ट्रेड अटैचमेंट बनाने के प्लान भी शामिल थे।

# पाकिस्तान में गैस लीक होने से फैक्ट्री में धमाका



**इस्लामाबाद,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के फैसलाबाद में मलिकपुर इलाके के पास एक फैक्ट्री में बड़ा गैस धमाका हुआ है। स्थानीय मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हुए इस धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने शुरुआती जानकारी में रेस्क्यू अधिकारियों के हवाले से बताया कि शुक्रवार सुबह फैक्ट्री का बॉयलर फटने के बाद एक बिल्डिंग और आसपास का ढांचा गिर गया। रेस्क्यू टीम ने बताया कि धमाका गैस लीक होने की वजह से हुआ था। फैसलाबाद कमिश्नर ऑफिस की तरफ से भी धमाके को लेकर एक बयान जारी किया गया। बयान के अनुसार फैक्ट्री में कोई बॉयलर नहीं था और मलिकपुर इलाके में चार फैक्ट्रियां चालू थीं। गैस लीक होने की वजह से एक फैक्ट्री में आग लग गई।

**आसपास की कई बिल्डिंग जमीदोंज, 15 की मौत**

# नेपाल में फिर सड़कों पर उतरा जेनरेशन जेड

## हिंसा भड़कने के बाद इलाके में कर्फ्यू लागू

**काठमांडू,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। नेपाल में एक बार फिर से जेनरेशन जेड सड़कों पर उतर आया है। नेपाली मीडिया की ओर से साझा जानकारी के अनुसार सिमारा में भारी हंगामा देखने को मिला। जेनरेशन जेड युवाओं और अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल के कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प देखने को मिली, जिसके बाद कर्फ्यू लगा दिया गया।



दरअसल, सीपीएन-यूएमएल से जुड़े यूथ एसोसिएशन ने सेंट्रल लीडर्स के लिए बारा परवानीपुर में अवेयरनेस कैंपेन में हिस्सा लेने का एक प्रोग्राम प्लान किया था। सीपीएन-यूएमएल के नेता शंकर पोखरेल और महेश बसनेत समेत अन्य इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। नेपाली मीडिया के अनुसार जेन जेड युवा शांति से विरोध प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

# यूएनजीए प्रेसिडेंट ने की सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग : बेयरबॉक

**संयुक्त राष्ट्र,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनकी प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स के अनुसार, बेयरबॉक का लक्ष्य परिषद की पुरानी संरचना को ठीक करना है, जिसे वह 'ऐतिहासिक रूप से अन्यायपूर्ण' मानती हैं।

कॉलिन्स ने बताया कि अध्यक्ष का मानना है कि सुरक्षा परिषद में सुधार पर खुलकर चर्चा और विचार-विमर्श होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेयरबॉक कई बार यह बात कह चुकी हैं, जैसे कि उदाहरण के लिए अफ्रीका महाद्वीप के किसी भी देश का सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य न होना एक ऐतिहासिक अन्याय है और यह परिषद आज की दुनिया का सही प्रतिनिधित्व नहीं करती। महासभा की अध्यक्ष के रूप में, बेयरबॉक ने किसी विशेष सुधार योजना का समर्थन नहीं किया है, लेकिन वे यह स्पष्ट कर चुकी हैं कि यह संस्था 80 वर्ष पहले एक बिल्कुल अलग समय में बनी थी और अब इसे 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार बदलना आवश्यक है। बेयरबॉक जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री रही हैं और उस समय भी वे सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने, तथा भारत और जर्मनी को स्थायी सीट देने की पक्षधर थीं।



**यह संस्था 80 वर्ष पहले बनी थी और अब इसे 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार बदलना आवश्यक है : एनालेना बेयरबॉक**

## आज का इतिहास

1707- प्रिंस जोहान विलेम फ्रिसो ने फ्रिसलैंड के वायसराय के रूप में शपथ ली।
1774- रॉबर्ट क्लाइव की मौत। वह ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा भारत में नियुक्त होने वाला प्रथम गवर्नर था।
1808- दुनिया की मशहूर ट्रैवल कंपनी 'थॉमस कुक एंड संस' के संस्थापक थॉमस कुक का जन्म।
1830- झलकारी बाई का जन्म। वह रानी लक्ष्मीबाई की सेना की मुख्य सदस्य थी।
1920- 'हकीम अजमल ख़ान जामिया' के पहले चांसलर बने।
1830- चार्ल्स ग्रे यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री बने।
1963- अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या।
1864 - भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई का जन्म।
1968- मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।
1986- ब्लेड रनर ऑस्कर पिस्टोरियस का जन्म।
1986- माइक टायसन ने लास वेगास में ट्रेवर बारबिक को हराकर अपना पहला मुक्केबाजी खिताब जीता।
1992- असम में बोडो उग्रवादियों द्वारा एक बस पर किये गए बम विस्फोट में 27 लोग मारे गये।
1997- डायना हेडन विश्व सुंदरी बनीं।
2000- पाकिस्तान और ईरान पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया।
2005- एंजेला मर्केल जर्मनी की पहली महिला चांसलर बनीं।
2008- हिन्दी के प्रख्यात कवि कुंवर नारायण को वर्ष 2005 के ज्ञानपीठ पुरस्कार हेतु चुना गया।
2016- विवेकी राय का निधन। वह हिन्दी और भोजपुरी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार थे।

**मामला** *अवामी लीग ने अंतरिम सरकार पर नेताओं की हत्या कराने का लगाया आरोप, कहा*

# यूनुस सरकार के एजेंट के तौर पर काम कर रहे जेल अधिकारी

**ढाका, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अवामी लीग पार्टी ने मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर जेल में बंद नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या कराने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि यूनुस की सरकार में जेल के अंदर अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुनियोजित तरीके से हत्या कराने का मिशन चला रही है। यूनुस सरकार की आलोचना करते हुए पार्टी ने आरोप लगाया कि यूनुस के निर्देशों और जेल अधिकारियों की मिलीभगत से एक के बाद एक हत्याएं हो रही हैं। अवामी लीग की ओर से इस मामले में एक बयान जारी किया गया है। पार्टी ने अपने बयान में कहा, 'हालांकि पीड़ित अलग-अलग हैं, लेकिन वही दुखद नाटक दोहराने के लिए एक ही स्क्रिप्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है।**

लगभग 100 नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस सरकारी तरीके से मारा गया है। कैबिनेट और केंद्रीय नेताओं के सदस्यों से लेकर वार्ड-लेवल के नेताओं तक, किसी को भी नहीं बख्शा जा रहा है। जब कोई पहचाना हुआ सरकार-विरोधी आतंकवादी समूह राज्य को आतंक की फैक्ट्री में बदल देता है, तो हर सेक्टर में जल्लाद जैसी एजेंसियां उभरने लगती हैं।

बयान में कहा गया, 'जेल अधिकारी मौत के एजेंट के तौर पर सिस्टमैटिक तरीके से काम करते दिख रहे हैं। ऐसा लगता है कि उनका मुख्य काम अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ दूसरी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं और सभी सेक्टर के प्रोग्रेसिव लोगों को धीरे-धीरे मौत की ओर धकेलना है।'



■ **अवामी लीग ने कैदियों के खाने में धीरे-धीरे असर करने वाला जहर मिलाने का लगाया आरोप**

अवामी लीग ने आरोप लगाया कि कैदियों के खाने में धीरे-धीरे असर करने वाला जहर मिलाया जा रहा है, जिससे उनके शरीर में कई तरह के रिएक्शन हो रहे हैं। कई लोग जेलों के अंदर मर रहे हैं, सुनियोजित हत्याओं का शिकार हो रहे हैं। पार्टी के मुताबिक जो लोग बेल पर रिहा हो रहे हैं, उन्हें कई तरह के नकारात्मक शारीरिक लक्षण महसूस हो रहे हैं, और मेडिकल इलाज करवाने पर, उन्हें स्लो पॉइजनिंग के सबूत मिल रहे हैं। कई लोगों ने सबूत के साथ पब्लिक में यह बात बताई है।

पार्टी ने कहा, 'जेलों के अंदर, गैर-कानूनी तरीके से कब्जा करने वाली सरकार एक तरफ स्लो पॉइजनिंग दे रही है, और दूसरी तरफ, कॉम्प्लिकेशंस होने पर कैदियों को मेडिकल इलाज देने से मना कर रही है।'

अवामी लीग ने 'गैर-कानूनी कब्जा करने वाले हत्यारे-फासीवादी यूनुस गुट द्वारा जेलों के अंदर किए गए प्लान्ड मर्डर मिशन' की निंदा की। इसके साथ ही पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र और दूसरे इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के तहत इंटरनेशनल लेवल के फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स वाला एक इंडिपेंडेंट कमीशन बनाने की मांग की है।

## सुडोकू 7100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

## दुनिया को जानें

### ब्लड कैंसर के इलाज में गेम चेंजर साबित होगी ऑस्ट्रेलिया की खोज

**मेलबर्न,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्लड कैंसर के इलाज की एक नई उम्मीद जगी है। ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने कैंसर सेल्स को मारने के लिए एक नया उपाय ढूंढ़ा। सिन्हुआ के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में रिसर्चर्स ने एक्यूट माइलॉयड ल्यूकेमिया (एएमएल) में कैंसर सेल्स को मारने का एक नया तरीका खोज निकाला। यह ब्लड कैंसर के सबसे खतरनाक और मुश्किल इलाज में से एक है।

ऑस्ट्रेलियाई रिसर्चरों की टीम ने पाया कि एएमएल सेल्स, खासकर स्टेम सेल्स जो रिलैप्स को बढ़ावा देते हैं, जिंदा रहने और बढ़ते रहने के लिए हीम नाम के एक आम मॉलिक्यूल पर निर्भर रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पीटर मैककैलम कैंसर सेंटर ने इस संबंध में एक बयान भी जारी किया। बयान के मुताबिक, जब यह प्रोसेस ब्लॉक हो जाता है, तो कैंसर सेल्स एक नए पहचाने गए सेल डेथ के तरीके से मर जाते हैं, जिसे कप्रोप्टोसिस कहते हैं। रिसर्चर अलेक्जेंडर लुईस ने कहा, 'एएमएल सेल्स को हीम बनाने से रोककर, हम कप्रोप्टोसिस को चालू कर सकते हैं। यह सेल डेथ का एक अनोखा तरीका है, और कैंसर रिलैप्स के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार सेल्स को असरदार तरीके से मार सकते हैं।

# खेल जगत

## रोच-हॉज की वेस्टइंडीज की टीम में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच दिसंबर में तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। न्यूजीलैंड दौरे पर इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने केमार रोच और कावेम हॉज को अपनी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ चोटिल होने की वजह से टीम से बाहर हैं, जिसके चलते अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच को टीम में मौका दिया गया है। केमार रोच आखिरी बार जनवरी में पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट मैच खेले थे। यह गेंदबाज पेस यूनिट में अनुभव जोड़ता है। इस पेस अटैक में उनके साथ 29 वर्षीय ओजे शील्ड्स भी हैं, जिन्हें पहली बार टेस्ट टीम के लिए चुना गया है। केमार रोच के अलावा, कावेम हॉज को भी इस टीम में चुना गया है, जो पिछली बार पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट मैच खेले थे। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर खारी पियरे को न्यूजीलैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है।

# भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा मुकाबला आज से, ऋषभ पंत करेंगे कप्तानी

## शुभमन के बाहर होने के बावजूद उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को भारत ने अपनी टीम में नहीं जोड़ा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। गर्दन में ऐंठन के चलते नियमित कप्तान शुभमन गिल के बाहर होने से अब उपकप्तान ऋषभ पंत

■ **गुवाहाटी टेस्ट की पिच दोनों टीमों के कप्तानों के लिए पहेली**

भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में शनिवार से शुरू हो रहे सीरीज के दूसरे आखिरी क्रिकेट टेस्ट में कप्तानी संभालेंगे। विकेटकीपर और बल्लेबाज ऋषभ पंत के सामने अब बतौर कप्तान भारत को दूसरा टेस्ट जिता कर सीरीज एक एक से ड्रॉ की मुश्किल चुनौती होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार सुबह एक वक्तव्य जारी कर कहा कि शुभमन गिल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं और अपनी गर्दन मे आई ऐंठन के आकलन के लिए मुंबई जाएंगे। शुभमन गिल के बाहर होने के बावजूद उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को भारत ने अपनी टीम में नहीं जोड़ा है। भारत शुभमन गिल की जगह साई सुदर्शन को और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल



भारत बनाम साउथ अफ्रीका

की जगह बल्लेबाजी ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी को शामिल कर तीन स्पिनरों और तीन तेज गेंदबाजों के रूप में भारत के दूसरे टेस्ट में एक संतुलित एकादश के साथ उतरने की पूरी उम्मीद है। दरअसल शुभमन गिल के गुवाहाटी पहुंचने के बावजूद उनकी गर्दन मे ऐंठन के कारण उनकी दिक्कत और बढ़ सकती थी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवंबर से शुरू हो रही तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में भी शुभमन गिल के खेलने पर संशय पैदा हो गया है। भारत अपने नियमित कप्तान शुभमन गिल और दक्षिण अफ्रीका अपने तुरुप के तेज गेंदबाज कसिगो रबाड़ा के बिना दूसरे टेस्ट मे खेलने उतरेगा। रबाड़ा पसलियों में चोट के चलते दूसरे टेस्ट ही नही बल्कि अब आगे भारत के पूरे दौरे से बाहर हो गए हैं। भारत ने अपने पिछले पांच में से तीन टेस्ट जीते एक ड्रॉ खेला व एक हारा है। वहीं दक्षिण अफ्रीका पिछले पांच में चार टेस्ट जीता और एक हारा है।

दरअसल गुवाहाटी के बरसपाड़ा स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के लिए लाल मिट्टी की पिच का मिजाज भारत और दक्षिण अफ्रीका के कप्तानों के लिए अभी पहेली ही है और दोनों इसकी बाबत कुछ भी कहने से बच रहे हैं। गुवाहाटी में पहली बार टेस्ट खेला जाएगा और वहां बरसपड़ा स्टेडियम की पिच के मिजाज को लेकर निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## चोट के कारबण रबाडा दूसरे टेस्ट से बाहर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पसलियों के खिंचाव के चलते भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच और व्हाइट बॉल सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीमर लुंगी एनगिडी को चोटिल रबाडा के कवर के तौर पर पहले ही टीम में शामिल कर लिया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'प्रोटियाज मेडिकल टीम रबाडा की निगरानी कर रही है। चोट वाले स्थान पर लगातार तकलीफ के कारण, रबाडा को बाकी टूर से हटा दिया गया है। वह दूसरे टेस्ट के खत्म होने पर साउथ अफ्रीका लौटने से पहले प्रोटियाज मेडिकल टीम के साथ अपने चार हफ्तों के रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम के शुरुआती फेज को जारी रखेंगे। कगिसो रबाडा चोटिल होने की वजह से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भी नहीं खेल सके थे। टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद सभवत: साउथ अफ्राका टीम गुवाहाटी में होने वाले दूसरे और निर्णायक मैच में बिना किसी बदलाव के उतर सकती है। साइमन हार्मर ने कोलकाता टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने मुकाबले में कुल 8 विकेट के साथ 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब अपने नाम किया था। इस मुकाबले में लेफ्ट-आर्म सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने साउथ अफ्रीका के पेस यूनिट को लीड किया था।

# सुपरओवर में भारत को हराकर फाइनल में पहुंची बांग्लादेश



एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025

■ बांग्लादेश ए ने भारत ए को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य दिया था

**दोहा,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। एशिया कप पुरुष राइजिंग स्टार्स में शुक्रवार को भारत और बांग्लादेश के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। बेहद रोमांचक रहे इस मुकाबले में बांग्लादेश ने सुपरओवर में भारत को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय टीम ने सुपरओवर में पहले बल्लेबाजी की और पहली दो गेंदों पर ही लगातार जितेश शर्मा और आशुतोष शर्मा के विकेट खो दिए। नियम के मुताबिक 2 विकेट गिरते ही पारी समाप्त हो जाती है। ऐसे में बांग्लादेश को जीत के लिए सिर्फ 1 रन की जरूरत थी। बांग्लादेश ने भी सुयश शर्मा की पहली गेंद पर अपनी पहली विकेट खो दी। लेकिन इसके बाद जरूरी 1 रन बनाकर बांग्लादेश ने फाइनल में जगह बना ली। दोहा के वेस्ट एंड पार्क अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ए ने भारत ए को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य दिया था। भारतीय टीम भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 194 रन बना सकी थी और मैच टाई हो गया था। आखिरी ओवर में भारतीय टीम को जीत के लिए 16 रन बनाने थे और आखिरी 2 गेंदों पर 4 रन बनाने थे। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आशुतोष शर्मा को रकीबुल हसन ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद नए बल्लेबाज हर्ष दुबे को आखिरी गेंद पर 4 रन बनाने थे, लेकिन तीन रन ही बन सके और मैच टाई हो गया।

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्या ने तूफानी शुरुआत दी थी और पहले विकेट के लिए 3.4 ओवर में 53 रन जोड़े। वैभव ने मात्र 15 गेंद पर 4 छक्के और 2 चौके लगाते हुए 38 रन की पारी खेली। वैभव का विकेट गिरने के बाद रन गति में गिरावट आई। प्रियांश आर्या तीसरे विकेट के रूप में 23 गेंद पर 3 छक्के और 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। प्रियांश का विकेट गिरने के समय टीम का स्कोर 9.3 ओवर में 98 रन था। कप्तान जितेश शर्मा ने 23 गेंद पर 33 रन बनाए। नेहाल वढेरा 29 गेंद पर 32 रन बनाकर नाबाद रहे। आशुतोष शर्मा ने 6 गेंद पर 13 रन बनाए। इससे पहले, भारतीय टीम के कप्तान जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 6 विकेट पर 194 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज हबीबउर रहमान सोहन ने 46 गेंद पर 5 छक्के और 3 चौके लगाते हुए 65 रन की पारी खेली। इसके अलावा, एसएम मेहरुब ने 18 गेंद पर 6 छक्कों और 1 चौके की मदद से नाबाद 48 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने पारी की आखिरी 22 गेंदों पर 64 रन बनाए।

## शौर्य सैनी ने डेफलंपिक्स में 50मी राइफल 3 पोजीशन में सिल्वर जीता

**टोक्यो,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के शौर्य सैनी ने टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में पुरुषों के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह शूटिंग में देश का 13वां मेडल बन गया। शौर्य, जो अभी वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने अपना ही वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा और फाइनल में पहुंचने से पहले एक नया डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। शौर्य ने फाइनल में 450.6 का स्कोर किया, लेकिन जर्मनी के एरिक मैथियास हेस के गोल्ड मेडल जीतने से 9.2 कम रहे, उन्होंने डेफ वर्ल्ड फाइनल्स रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में, शौर्य ने 15 शॉट्स की नीलिंग सीरीज में 151.0 और प्रोन सीरीज में 151.1 का स्कोर किया। फिर उन्होंने स्टैंडिंग सीरीज के पहले 10 शॉट्स में 99.3 का स्कोर किया, इसके बाद एलिमिनेशन स्टेज में 9.6, 9.9, 9.5, 10.3 और 9.9 का स्कोर करके सिल्वर मेडल पक्का किया।

# नीदरलैंड अपने पहले जू पुरुष हॉकी विश्व कप खिताब की तलाश में चेन्नई पहुंची

## कोच जैसी बोले, कोशिश बढ़िया आगाज करने की




**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दो बार की उपविजेता और दो बार तीसरे स्थान पर रहने वाली अपने खिताब की बाट जोह रही नीदरलैंड की जूनियर टीम 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नै और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने के लिए बृहस्पतिवार रात चेन्नै पहुंच गई। इस बार के संस्करण में इसके इतिहास में सबसे ज्यादा 24 टीमें शिरकत करेंगी और इन्हें चार चार टीमों को छह पूल में बांटा गया है। जर्मनी की टीम अब तक सबसे ज्यादा सात बार और मेजबान भारत व अर्जेंटीना ने दो दो बार, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने एक एक बार खिताब जीता है। नीदरलैंड की टीम ने अब तक हुए इसके सभी 13 संस्करणों में शिरकत की और वह लगातार 14 वीं बार इसमें शिरकत करेगी। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना और बांग्लादेश की जूनियर टीमें सबसे पहले इसमें शिरकत करने के लिए चेन्नै पहुंची जबकि मेजबान भारतीय जूनियर हॉकी टीम भी पहले यहां पहुंच चुकी है। नीदरलैंड की जूनियर टीम पूल ई में ऑस्ट्रिया, इंग्लैंड और मलयेशिया के साथ पूल ई में है और हम अपना अभियान टूर्नामेंट के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ मदुरै में मैच खेल कर करेंगी। नीदरलैंड की कोशिश अपने पहले जूनियर पुरुष हॉकी खिताब जीतने की होगी और उसकी निगाह मजबूत आगाज पर लगी हैं। नीदरलैंड की जूनियर टीम के चेन्नै पहुंचने पर उसके कोच जेसी माहियू ने कहा, 'मैं नीदरलैंड की सीनियर हॉकी टीम पहले भी कई बार भारत आ चुका हूं और मैं भारत से मैं खूब वाकिफ हूं। भारत में हमारा हर बार गर्मजोशी से स्वागत हुआ है। हमारी नीदरलैंड की जूनियर टीम में कई खिलाड़ी पहली बार यूरोप स बाहर खेलने आए है और ऐसे में उनका यह भारत दौरा उनके खासा यादगार रहने वाला है। जहां तक जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की बात है यह खासा संघर्षपूर्ण रहने वाला और इस बार इसमें नए फॉर्मेट के साथ 24 टीमें शिरकत करेंगी और हमारे सामने कई मजबूत टीमें होंगी। हमारी कोशिश जूनियर हॉकी विश्व कप में कदम ब कदम बढ़ कर बढ़िया आगाज करने पर रहेगी।

> 'मैं नीदरलैंड की सीनियर हॉकी टीम पहले भी कई बार भारत आ चुका हूं और मैं भारत से मैं खूब वाकिफ हूं : **जेसी माहियू**

## सूर्यकुमार मुंबई की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में शामिल

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को मुंबई की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी 26 नवंबर से शुरू हो रही है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर 17 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। स्क्वॉड में शिवम दुबे, सरफराज ख़ान, अजिंक्य रहाणे और आयुष म्हात्रे भी शामिल हैं। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से पहले सूर्यकुमार की मुंबई टीम में वापसी हुई है। मुंबई इंडियंस के लिए इस आईपीएल में 717 रन बनाने और 167.91 की स्ट्राइक रेट के बावजूद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रन नहीं बना पाए हैं। 2025 में उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ़ 184 रन निकले हैं। इस दौरान उनका औसत 15.33 और स्ट्राइक रेट 127.77 का रहा है। भारत इस विंडो में 10 टी-20 खेलेगा। पांच मैच दक्षिण अफ्रीका से और पांच न्यूजीलैंड से हैं। इसके बाद फरवरी और मार्च 2026 में श्रीलंका के साथ मिलकर टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। सूर्यकुमार की तरह दुबे भी मैच प्रैक्टिस की तलाश में रहेंगे। एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्हें 11 टी-20 में से सिर्फ़ छह बार बल्लेबाज़ी करने का मौक़ा मिला।

## सार संक्षेप

### इंडियन नेवी और रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** पवन राजभर और प्रताप लाकड़ा के दो-दो गोल की मदद से इंडियन नेवी और रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड एसएनबीपी 61वें नेहरू सीनियर्स मेन्स हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। इंडियन नेवी ने हर क्वार्टर में एक-एक गोल करके रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला को 4-1 से हराया, जिसमें राजभर ने दूसरे और चौथे सेशन में दो बार गोल किया। कोलकाता में हाल ही में हुए बेटन कप की विनर आर्मी XI को आरएसपीबी के हाथों लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें प्रताप आरएसपीबी के हीरो रहे। दोनों मैच पूल सी में थे। पूल डी में, एयर फोर्स, सीएजी XI और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मुकाबले में हैं। कल के मैच उनकी किस्मत का फैसला करेंगे। नेवी टीम के दबदबे पर कभी सवाल नहीं उठा। वे पहले सेशन के बीच में आगे बढ़ गए, सनी मलिक ने एक तेज एंगल से गोल किया। पवन राजभर के दूसरे और चौथे सेशन में दो गोल करने से पहले, बाविन ने तीसरे सेशन के आखिर में नेवी को तीन गोल से आगे कर दिया।

### संधू ने जीता इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब

**डिगबोई (असम)।** युवराज संधू ने लगातार दो प्लेऑफ हार के बाद शानदार वापसी की और शुक्रवार को डिगबोई गोल्फ लिंक्स में खेले गए मशहूर इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो 1 करोड़ रुपए का इवेंट है, में सात-स्ट्रोक की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की। युवराज (65-69-66-69), जिन्होंने तीसरे राउंड के बाद छह-स्ट्रोक की शानदार बढ़त हासिल की थी, ने इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स के ऐतिहासिक 25वें एडिशन में चौथे राउंड में तीन-अंडर 69 का शानदार स्कोर बनाया और इस हफ़्ते का कुल स्कोर 19-अंडर 269 कर लिया। नतीजतन, चंडीगढ़ के 28 साल के इस खिलाड़ी ने इस सीजन की अपनी पांचवीं जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। लगातार चैंपियन रहे युवराज ने 15 लाख रुपये का विनिंग चेक हासिल किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,21,67,1 रुपये हो गई। संधू अब पीजीटीआई रैंकिंग में 29 लाख रुपये से ज़्यादा की बढ़त बनाए हुए हैं।

### मीरपुर में भूकंप से खेल कुछ देर के लिए रुका

**ढाका।** बंगलादेश और आयरलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेल कुछ देर के लिए रुका, जब रिक्टर स्केल पर 5.7 की तीव्रता वाले भूकंप ने ढाका और बंगलादेश की राजधानी के आस-पास के इलाकों को हिला दिया। यह घटना आयरलैंड की पहली पारी के 56वें ओवर की दूसरी गेंद पर हुई। इसके कारण लगभग तीन से चार मिनट के लिए खेल तुरंत रुक गया क्योंकि खिलाड़ी बाउंड्री लाइन की ओर भागे, जबकि स्टेडियम में दर्शकों के चेहरे पर घबराहट साफ़ दिख रही थी। उस रुकावट के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। खबर छपने के समय, आयरलैंड 78 ओवर में 233/7 पर पहुंच गया था और बंगलादेश के 476 रन से 243 रन पीछे था।

## जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर चौंकाने वाली जीत



**रावलपिंडी,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ज़िम्बाब्वे ने यादगार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए रावलपिंडी में श्रीलंका को 67 रन से हराया, ट्राई-सीरीज के दूसरे मैच में 162 रन के मामूली स्कोर का बचाव किया और फिर मेजबान टीम को सिर्फ़ 95 रन पर आउट कर दिया। मैच की शुरुआत ब्रायन बेनेट (49) और सिकंदर रजा (47) के टॉप-ऑर्डर के अच्छे योगदान से हुई, जिसके बाद रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने पांच विकेट लिए। यह ज़िम्बाब्वे की श्रीलंका पर तीसरी टी20 जीत थी और इस फॉर्मेट में किसी फुल-मेंबर टीम के खिलाफ उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत भी थी। श्रीलंका के पहले बॉलिंग करने के फ़ैसले के बाद, वानिंदु हसरंगा (3/32) और ईशान मलिंगा (2/27) ने ज़िम्बाब्वे की पारी में सबसे ज़्यादा नुकसान किया, जरूरी पार्टनरशिप तोड़ी और यह पक्का किया कि टोटल कभी भी पार स्कोर से आगे न बढ़े। शुरुआत में कुछ विकेट गिरने के बाद, बेनेट और रजा ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की, जिससे टीम 40/2 से ऊपर उठ गई और टोटल को 180 की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन हसरंगा ने 13वें ओवर में बेनेट को आउट किया और फिर अपने अगले ओवर में दो विकेट लेकर रन पर कंट्रोल रखा।


# एशेज : इंग्लैंड पहली पारी में सिर्फ 172 रन पर ढेर

■ **मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट लेकर मेहमान टीम को घुटनों पर ला दिया**



**पर्थ,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ स्टेडियम में जारी एशेज सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में सिर्फ 172 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट लेकर मेहमान टीम को घुटनों पर ला दिया। इस बीच इंग्लैंड की टीम 'बैजबॉल' अंदाज में खेलते नजर आई, जिसने उसकी लुटिया डुबो दी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। इंग्लैंड की टीम ने मुकाबले की छठी गेंद पर सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली का विकेट गंवा दिया। उस समय तक इंग्लैंड का खाता नहीं खुला था। यहां से ओली पोप ने बेन डकेट के साथ 34 गेंदों में 33 रन की साझेदारी की, लेकिन टेस्ट में टी20 अंदाज की बल्लेबाजी इस टीम को भारी पड़ी। बेन डकेट 20 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हो गए। कुछ देर बाद जो रूट (0) भी चलते बने। इंग्लैंड की टीम 39 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। ये तीनों ही विकेट मिचेल स्टार्क ने अपने नाम किए थे। यहां से ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। ओली पोप 58 गेंदों में 4 चौकों के साथ 46 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।यहां से बेन स्टोक्स ने हैरी ब्रूक के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन जोड़े, जबकि जैमी स्मिथ ने ब्रूक के साथ 30 गेंदों में 45 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को सम्मानजनक स्कोर तक नहीं पहुंचा सके।

### बेन स्टोक्स ने घातक गेंदबाजी से 43 साल पहले का इतिहास दोहराया



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज की शुरुआत पर्थ में हो चुकी है। शुक्रवार का पहला दिन गेंदबाजों का रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड जहां 172 पर सिमट गई, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भी 123 पर 9 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलियाई पारी में 5 विकेट लेने वाले बेन स्टोक्स ने 43 साल पहले का इतिहास दोहराया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड मात्र 172 रन पर सिमट गई। कप्तान बेन स्टोक्स सिर्फ 6 रन बना सके। 172 का स्कोर ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के लिए ज्यादा नहीं था। लेकिन, गेंदबाजी के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स बेहद खतरनाक रहे।

# आयुष शेट्टी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे लक्ष्य

## सेमीफाइनल में लक्ष्य का सामना चीनी ताइपे के दूसरे सीड चाउ टिएन चेन से होगा



ऑस्ट्रेलियन ओपन

■ **सेन अब भारत की इकलौती उम्मीद**

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को हमवतन आयुष शेट्टी के खिलाफ सीधे गेम में 23-21, 21-11 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सातवें सीड वाले लक्ष्य का सामना चीनी ताइपे के दूसरे सीड चाउ टिएन चेन से होगा। मेंस सिंगल्स में प्रणय और किदांबी श्रीकांत के जल्दी बाहर होने के बाद सेन अब भारत की इकलौती उम्मीद हैं। सिडनी ओलंपिक पार्क में 53 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य सेन को शुरुआती गेम में आयुष शेट्टी से कड़ी टक्कर मिली। सेन 6-9 से पीछे चल रहे रहे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से चार प्वाइंट्स बनाकर 13-10 की बढ़त हासिल कर ली। शेट्टी उतार-चढ़ाव भरे शुरुआती गेम में वापसी करते रहे, उन्होंने 21-21 से बराबरी की और 23-21 से गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम लक्ष्य सेन के लिए बेहद आसान रहा। सेन ने 6-1 से बढ़त बना ली थी। शेट्टी मुकाबले में पिछड़ते नजर आए और सेन ने बढ़त को 15-7 तक पहुंचा दिया। लक्ष्य सेन ने राउंड ऑफ 16 में ची यू जेन को 21-17, 13-21, 21-13 से मात दी थी। इससे पहले उन्होंने सु ली-यैंग को 21-17, 21-13 से मात दी थी। 24 वर्षीय लक्ष्य सेन इस साल की शुरुआत में हांगकांग ओपन के फाइनल में अपनी जगह बना चुके हैं, लेकिन अभी भी सीजन के अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं।

# पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व स्प्रिंट क्वीन और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पी.टी. उषा को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान और एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उषा, जिन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में दिया गया। अवार्ड लेते हुए उषा ने कहा, 'भारतीय खेल तभी आगे बढ़ता है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ते हैं। टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है, लेकिन मौका हर बच्चे तक पहुंचना चाहिए। हमारा फोकस एथलीट पर होना चाहिए: साफ रास्ते, मजबूत सिस्टम, सही चुनाव और साइंस, न्यूट्रिशन और मेंटल स्ट्रेंथ पर आधारित सपोर्ट।' उन्होंने कहा, 'भारत सपने देखने वाले युवाओं से भरा है, और यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम पक्का करें कि उनके सपने मायने रखें। ग्लोबल पार्टनरशिप, खासकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ, और हर लेवल पर डिसिप्लिन्ड गवर्नेंस के साथ, हम चैंपियंस की एक नई पीढ़ी बना सकते हैं।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति सुजुकी | 1.17 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.80 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.69 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.57 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 0.55 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 2.58 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक्नो | 2.25 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.10 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.61 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.06 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,23,146 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,51,129 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7878.21 |
| मसूर काली | 8141.71 |
| उड़द दाल | 10402.14 |
| मूंग दाल | 10102.69 |
| अरहर दाल | 10563.54 |

## अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा



**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।

## अंतर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र पूर्वोत्तर के ऊर्जा परिवहन की रीढ़ : सर्बानंद सोनोवाल

■ भारत की ऊर्जा सुरक्षा को कर रहा मजबूत
■ नॉर्थ ईस्ट ऑयल एंड गैस कॉन्क्लेव 2025 आयोजित

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के अनुसार, संचालित जलमार्गों में 767 प्रतिशत, कार्गो की मात्रा में 635 प्रतिशत, निवेश में 233 प्रतिशत और मल्टीमॉडल टर्मिनलों में हुई 62 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि अंतर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र में असाधारण प्रगति को दर्शाती है।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने नॉर्थ ईस्ट ऑयल एंड गैस कॉन्क्लेव 2025 में अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट (आईडब्ल्यूटी) पर एक नए फोकस के साथ कार्गो मूवमेंट आसान और तेज हुआ है और लॉजिस्टिक्स की लागत कम हुई है। साथ ही, ब्रह्मपुत्र और बराक रिवर सिस्टम में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स और इंडस्ट्रियल कार्गो के मूवमेंट के लिए एक विश्वसनीय मल्टीमॉडल नेटवर्क उपलब्ध हुआ है।'

उन्होंने बताया कि एनडब्ल्यू-2 पर एनुअल कार्गो मूवमेंट अब लगभग 6 लाख टन तक पहुंच रहा है। इस प्रगति पर उन्होंने कहा, 'अंतर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र आज पूर्वोत्तर के एनर्जी ट्रांसपोर्टेशन की रीढ़ बनकर उभरा है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करता है और नए व्यापार मार्गों के दरवाजे खोलता है।' केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि इंडिया मेरिटाइम वीक 2025 के दौरान, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने जलमार्ग लॉजिस्टिक्स की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए 40,000 करोड़ रुपए मूल्य के एमओयू पर हस्ताक्षर किए।




इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट पर एक नए फोकस के साथ कार्गो मूवमेंट आसान व तेज हुआ है और लॉजिस्टिक्स की लागत कम हुई है : सर्बानंद सोनोवाल

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों पूर्वोत्तर में परमानेंट कार्गो टर्मिनल, शिप रिपेयर सुविधाओं, टूरिस्ट जेट्टी और अर्बन वॉटर ट्रांसपोर्ट सिस्टम सहित 1,000 करोड़ रुपए की इंटरलैंड वॉटरवेज प्रोजेक्ट शुरू किए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पांडु में 239 करोड़ रुपए की शिप रिपेयर फैसिलिटी बनकर तैयार हो रही है, जिससे रिवर वेसल के रखरखाव का खर्च काफी कम होने की उम्मीद है, जो अभी मरम्मत के लिए बांग्लादेश के रास्ते कोलकाता जाते हैं।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा, 'राष्ट्रीय जलमार्गों पर कार्गो परिवहन पिछले वर्ष 146 मिलियन टन के सर्वकालिक उच्च स्तर तक पहुंच गया, जबकि पहले यह केवल 18 मिलियन टन था। इसी के साथ 2027 तक 76 राष्ट्रीय जलमार्ग संचालित हो जाएंगे।

### एआई किसानों को समृद्ध बनाने में निभा सकता है बड़ी भूमिका : गडकरी



**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) किसानों को समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है और इससे उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है। नागपुर में आयोजित हुए एग्रोविजन 2025 में बोलते हुए गडकरी ने कहा कि आज के समय पर खेती में तेजी से एआई का उपयोग हो रहा है। इससे पहले पता चल जाता है कि फसल में कौन-से कीड़े लगने वाले हैं, कौन-सी बीमारी लग सकती है, मिट्टी को कौन-सी खाद की आवश्यकता है, कितने पानी की जरूरत है और इससे उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि हमने हाल ही संतरे का एक सेमिनार रखा था, जिसमें देश-विदेश की तकनीक बताई गई। उसमें 250 रुपए का प्रवेश शुल्क रखा गया था और इसमें 650 से ज्यादा किसान आए थे। इससे क्षेत्र में संतरा उत्पादकता में बड़ा लाभ हुआ है।

## वित्त मंत्री ने की इन्फ्रास्ट्रक्चर व एनर्जी सेक्टर के साथ प्री-बजट बैठक



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट 2026-27 की तैयारियों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के पक्षकारों के साथ बातचीत की। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को दी गई। यह वित्त मंत्री की दसवीं प्री-बजट बैठक है। इससे पहले वित्त मंत्री स्टार्टअप, पर्यटन और आतिथ्य, और अर्थशास्त्रियों के साथ प्री-बजट बैठक कर चुकी हैं।

वित्त मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए एक पोस्ट में कहा गया, 'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट 2026-27 की तैयारियों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के एक्सपर्ट्स के साथ नई दिल्ली में दसवीं प्री-बजट बैठक की। मंत्रालय ने आगे बताया कि इस बैठक में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन, विद्युत मंत्रालय, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव शामिल हुए। इससे पहले वित्त मंत्री ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ नौवीं प्री-बजट बैठक की थी। इसका उद्देश्य आगामी बजट को लेकर इंडस्ट्री के सुझाव लेना था।

इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग एवं पर्यटन मंत्रालय के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। आगामी बजट की तैयारियों के लिए वित्त मंत्री लगातार अलग-अलग सेक्टर्स से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर रही हैं।

पिछले हफ्ते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के बड़े अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के साथ आर्थिक मामलों के विभाग से कई वरिष्ठ अधिकारी और कई अर्थशास्त्री शामिल हुए।

## सस्ती हुई चांदी, सोने के बढ़े दाम



**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। कीमती धातुओं सोना और चांदी की कीमत में आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को अलग-अलग बदलाव देखा गया है। जहां चांदी के रेट्स कम हुए हैं वहीं, पीली धातु के दाम में बढ़त दर्ज की गई है। 1 किलोग्राम चांदी के रेट्स में करीब 3000 रुपए की गिरावट आई है। वहीं, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत में 500 रुपए से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,23,146 रुपए दर्ज की गई है, जो कि इससे पहले कारोबारी दिन गुरुवार को 1,22,561 रुपए प्रति 10 ग्राम बनी हुई थी। बीते 24 घंटों में सोने के दाम में 585 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह, 22 कैरेट सोना भी 536 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़कर 1,12,802 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। 18 कैरेट सोने के दाम की बात करें तो यह भी 439 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी के बाद 92,360 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। एक किलोग्राम चांदी का भाव घटकर 1,51,129 रुपए पर आ गया है, जो कि इससे पहले 1,54,113 रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया था। चांदी की कीमत में 2984 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है।

## ई-केवाईसी जॉब कार्ड वेरिफिकेशन का सबसे सटीक व आसान तरीका : केंद्र

■ मनरेगा योजना के तहत 2.69 लाख ग्राम पंचायतों को किया जा रहा कवर



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकार की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि ई-केवाईसी जॉब कार्ड वेरिफिकेशन का सबसे सटीक और आसान तरीका है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, इसका मकसद महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) को पारदर्शी और असरदार तरीके से लागू करना है, जिससे ग्रामीण परिवारों को इसका फायदा मिल सके। लगभग 99.67 प्रतिशत सक्रिय मनरेगा श्रमिक पहले से ही आधार से जुड़े हुए हैं। मनरेगा योजना के तहत 2.69 लाख ग्राम पंचायतों को कवर किया जाता है, जिसमें 26 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत श्रमिक है। मंत्रालय ने कहा कि जॉब कार्ड वेरिफिकेशन एक लगातार चलने वाला प्रोसेस है, जबकि जॉब कार्ड रिन्यूअल 5 साल में एक बार करना जरूरी है। इन कानूनी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और सपोर्ट करने के लिए, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से आग्रह किया गया है कि वे मौजूदा प्रोसेस को फॉलो करने के बाद जॉब कार्ड वेरिफिकेशन और उसके बाद रिन्यूअल के लिए एनएमएमएस ऐप में पहले से मौजूद ई-केवाईसी फीचर का इस्तेमाल करें।' इस आसान उपाय का मकसद राज्यों को समय पर, पारदर्शी और अच्छे तरीके से वेरिफिकेशन पूरा करने में मदद करना है। 99.67 प्रतिशत सक्रिय श्रमिक के आधार को पहले से ही सीड किया जा चुका है, इसलिए ई-केवाईसी फीचर का इस्तेमाल जॉब कार्ड के वेरिफिकेशन के एक आसान, भरोसेमंद, सही और असरदार तरीके के तौर पर किया जा सकता है। ई-केवाईसी के दौरान, ग्राम रोजगार सहायक/वर्कसाइट सुपरवाइजर/ मेट/ कोई भी दूसरा जीपी स्तर का कर्मचारी मनरेगा श्रमिक की फोटो लेता है जिसे रियल टाइम में उसकी आधार डिटेल्स के साथ डिजिटली वेरिफाई किया जाता है।

## सार संक्षेप

### इजरायल के साथ एफटीए का रास्ता खुला

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही वार्ता शुरू होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इजरायल के उद्योग एवं आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के बीच हुई एक बैठक में एफटीए पर बातचीत की दिशा तय करने के लिए दोनों मंत्रियों ने गुरुवार को एक टर्म ऑफ रिफ्रेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए। इजरायल की आधिकारिक यात्रा पर गए श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि अंतिम मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत को आसान बनाने की दिशा में टीओआर पहला जरूरी कदम है। उन्होंने बताया कि देश की व्यापार, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी मज़बूत करने और बढ़ाने के लिए एक संतुलित, विस्तृत और दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद एफटीए की तलाश है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 5.33 अरब डॉलर की जबरदस्त वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले`7 नवंबर को समाप्त सप्ताह में इसमें लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही थी जब यह 2.699 अरब डॉलर घटा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5.327 अरब डॉलर बढ़कर 1`6.857 अरब डॉलर के दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई समेत दुनिया के सभी केंद्रीय बैंक मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं। आलोच्य सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 15.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह 562.29 अरब डॉलर रहा। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के साथ जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड शामिल हैं।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने की शेयर विभाजन की घोषणा


**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने शुक्रवार को अपनी स्थापना दिवस पर शेयर विभाजन की घोषणा की। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने पांच रुपए अंकित मूल्य वाले पूरी तरह चुकता इक्विटी शेयरों को एक रुपए अंकित मूल्य वाले पूरी तरह चुकता इक्विटी शेयरों में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। उसने बताया कि इससे उसके शेयर आम निवेशकों के लिए और सुलभ होंगे। साथ ही, ज्यादा खुदरा निवेशकों के जुड़ने से बैंक को तरलता बढ़ाने में आसानी होगी। निदेशक मंडल की मंजूरी के बाद शेयर विभाजन को लागू करने के लिए अब बैंक के सदस्यों, रिजर्व बैंक और अन्य नियामक एजेंसियों की स्वीकृति लेनी होगी। बैंक का शेयर शुक्रवार को 1`.6 रुपये (`.51 प्रतिशत) गिरकर 2`,86.5 रुपए पर बंद हुआ।

## वैश्विक दबाव में 4 अंक टूटा सेंसेक्स

■ धातु व रियलिटी कंपनियों में बिकवाली हावी
■ सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर रहा
■ निफ्टी भी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400.76 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124 अंक यानी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, गुरुवार को दोनों सूचकांक बढ़त में रहे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच एनएसई में एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। धातु समूह का सूचकांक सबसे अधिक दो फीसदी से ज्यादा टूटा। रियलिटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा समूहों में भी एक प्रतिशत के अधिक की गिरावट रही। रुपए में रही भारी गिरावट और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में बिकवाली का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखा गया। भारतीय मुद्रा आज पहली बार 89 रुपए प्रति डॉलर के पार लुढ़की है।




वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 2.45 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 2.38 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.40 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.72 फीसदी नीचे था। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में जिन 3,175 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें 2,305 के शेयर लुढ़क गए जबकि 784 हरे निशान में बंद हुए। वहीं, 86 अन्य कंपनियों के सूचकांकों में तेजी देखी गई।

सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 13 के हरे निशान में बंद हुए। टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.58 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.25 और बजाज फिनसर्व में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल और इटरनल दोनों के शेयर 1.61 फीसदी और एचडीएफसी बैंक का 1.06 फीसदी टूटा। आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 1.17 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 0.80 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.69, आईटीसी का 0.57, एशियन पेंट्स का 0.55 और इंफोसिस का 0.51 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## वित्त वर्ष 26 में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का मार्जिन बढ़ेगा



मुनाफे में होगा इजाफा

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का मुनाफा इस वित्त वर्ष में करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 18-20 डॉलर प्रति बैरल होने की उम्मीद है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 12 डॉलर प्रति बैरल था। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि ऑपरेटिंग मुनाफे में बढ़त की वजह मजबूत मार्जिन,खुदरा ईंधनों की स्थिर कीमतें और कच्चे तेल की सकारात्मक गतिशीलता होना है। पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर मार्केटिंग मार्जिन से मिलने वाली बढ़त से रिफाइनिंग मार्जिन में आई कमी की भरपाई होने की उम्मीद है। दुनिया के बड़े देशों द्वारा क्लीन एनर्जी की तरफ शिफ्ट होने के कारण जीवाश्म ईंधन की मांग में इजाफा हो रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया कि अच्छे नकदी प्रवाह से ओएमसी के पूंजीगत खर्च को सपोर्ट मिलता रहेगा और इससे क्रेडिट प्रोफाइल भी मजबूत रहेगी। एनालिस्ट का मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें इस वित्त वर्ष में 65-67 डॉलर प्रति बैरल रहने की उम्मीद है। वहीं, ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन 4-6 डॉलर प्रति बैरल रह सकता है।

क्रिसिल रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर अनुज सेठी ने कहा, 'ईंधन की खुदरा कीमतें नहीं बदलने से मार्केटिंग मार्जिन बढ़कर 14 डॉलर प्रति बैरल (8 रुपए प्रति लीटर) हो जाएगा, जिससे कुल मार्जिन 50 प्रतिशत बढ़कर 18-20 डॉलर प्रति बैरल पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, अच्छे मार्जिन के कारण इस वित्त वर्ष में नकद प्राप्ति 75,000 से लेकर 80,000 करोड़ रुपए रहने की उम्मीद है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 55,000 करोड़ रुपए पर थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इससे ओएमसी के 90,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के प्लान को मजबूती मिलेगी। इसमें से अधिकतर विस्तार ब्राउनफील्ड होगा। इस वित्त वर्ष ओएमसी का डेट-टू-ईबीआईटीडीए बढ़कर 2.2 गुना हो सकता है।

## जिंस बाजार में चावल, गेहूं मजबूत, दालों में नरमी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली थोक जिंस बाजार में उठाव अच्छा रहने से शुक्रवार को चावल के भाव बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही जबकि चीनी के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही स्थिर रहे। दालों के भाव उतर गए। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा।



औसत दर्जे के चावल का औसत भाव आठ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गया। गेहूं भी 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। आटे की कीमत छह रुपए बढ़ी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 87 रिंगिट फिसलकर 4,068 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 1.59 प्रतिशत टूटकर 50.14 डॉलर का बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 59 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल के भाव लगभग स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल में 10 रुपए और वनस्पति 22 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल में 29 रुपए और पाम ऑयल में 10 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ और चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7871.58 रुपए, मसूर काली 8156.31 रुपए, मूंग दाल 10098.56 रुपए, उड़द दाल 10366.90 रुपए, तूअर दाल 10582.48 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2863.55 रुपए और चावल 3860.11 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3306.33 प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4320.64 रुपये और गुड़ 4993.56 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 17682.39 रुपए, मूंगफली तेल 17707.31 रुपए, सूरजमुखी तेल 15683.28 रुपए, सोया तेल 13772.31 रुपए, पाम ऑयल 12479 रुपए और वनस्पति 14476.02 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## रियल एस्टेट व इंफ्रा निवेश ट्रस्टों में खुदरा निवेश बढ़ाने की जरूरत : सेबी

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहीन कांत पांडेय ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्टों (रिट्स) और बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्टों (इनविट्स) में खुदरा निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए शुक्रवार को कहा कि ये दोनों तंत्र देश की बुनियादी ढांचा जरूरतों के लिए पैसे जुटाने का अनोखा अवसर प्रदान करते हैं।

भारत इनविट्स एसोसिएशन और इंडियन रिट्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने बताया कि सेबी दोनों इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश बढ़ाने के उपाय कर रहा है। इसके लिए वह केंद्रीय वित्त मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ भी चर्चा कर रहा है। उन्होंने एमएससीआई की तरह दूसरे सूचकांकों में इन्हें अधिक से अधिक शामिल करने की जरूरत पर बल दिया।



कार्यक्रम में नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा कि सरकार को परिसंपत्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने की बजाय इनविट्स बनाकर उसके मौद्रीकरण को सरल बनाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पास रिट्स और इनविट्स मिलाकर एक लाख करोड़ डॉलर यानी लगभग 90 लाख करोड़ रुपए के निवेश तक पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देश में पांच सूचीबद्ध रिट्स और 24 सूचीबद्ध इनविट्स हैं। इनके पास सम्मिलित रूप से 9.25 लाख करोड़ रुपए का निवेश है। इसमें सात लाख करोड़ रुपए का निवेश इनविट्स के पास है। श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले समय में देश में सड़क, परिवहन, शहरीकरण, ऊर्जा और विमानन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर पर जहां सभी सूचीबद्ध रियल एस्टेट परिसंपत्तियों में 57 प्रतिशत रिट्स और इनविट्स का हिस्सा हैं, वहीं भारत में यह महज 12 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि दोनों तंत्र देश में नए हैं और इन्हें बढ़ावा देने के उपाय किए जाने चाहिए। सेबी ने पेंशन फंड नियामक और बीमा नियामकों से उनके द्वारा नियमित इकाइयों को इनविट्स और रिट्स में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

सरकार को परिसंपत्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने की बजाय उसके मौद्रीकरण को सरल बनाने पर विचार करना चाहिए : अमिताभ कांत

# सुनसान क्षेत्र में 80 करोड़ की बनी सड़क आखिर किसके लिए?

## जिला कांग्रेस कमेटी ने उठाए सवाल

### कहा -जांच होनी चाहिए



**बिलासपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने आरोप लगाया है कि कोनी कमिश्नर कार्यालय के पीछे,निजी व्यक्ति के लिए सरकार के स्मार्ट सिटी ने सौ करोड़ की सड़क बना दी और विभाग को इसका पता नहीं है ।बिना पर्यावरण स्वीकृति के नदी को पाटकर सौ करोड़ की सड़क बना दी गई ।लगातार इस पर काम जारी है ये सड़क क्यों और किसको लाभ पहुंचाने के लिए स्मार्ट सिटी बना रहा है इस पर स्मार्ट सिटी मौन है।

श्री केशरवानी ने आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि वर्ष 2020से इसका काम चालू इस अवैध काम के लिए किसी रोक टोक नहीं की सौ करोड़ की इस सड़क को नदी को पाटकर का बनाया जा रहा है कोई निजी व्यक्ति के लिए शासन सौ करोड़ खर्च रहा है जबकि शहर की सड़के नहीं बन रही है कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने आरोप लगाया है कि इसमें बड़े भूमाफिया है कुछ बीजेपी के नेता है कुछ ब्यूरोक्रेट है जिनको लाभ पहुंचाने के लिए सड़क बनाई जा रही है ,नदी को पटना अपराध है कांग्रेस इसके खिलाफ़ धरना देगी, आंदोलन करेगी थाने में एफआईआर करेगी , जनता के पैसे की बर्बादी है इसके खिलाफ आंदोलन के साथ कोर्ट में भी मामला लगाएंगे। जनता को बताएंगे किसके लिए ये सड़क बन रही है।

अरपा तट सड़क: आखिर किसके दबाव में हुआ निर्माण ?

श्री केशरवानी ने कहा कि यह सड़क न तो सार्वजनिक आवश्यकता के अनुरूप है, न किसी घोषित योजना का हिस्सा। सड़क जिस स्थान पर खत्म होती है वहाँ सिर्फ निजी भूमि है, जिससे स्पष्ट है कि इसका उद्देश्य जनता के बजाय कुछ गिने-चुने हितधारकों को लाभ पहुंचाना था। इस पूरे प्रोजेक्ट में शामिल अधिकारियों ने शासन व सरकार को वास्तविक तथ्य बताने के बजाय उन्हें छुपाए रखा।

उन्होंने कहा कांग्रेस का मानना है कि अरपा तट के दोनों ओर की इस गुपचुप सड़क निर्माण की जानकारी केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, और बेलतरा विधायक को दी गई होगी ? इसके बावजूद इन जनप्रतिनिधियों ने न यह जानने का प्रयास किया कि सड़क यहाँ क्यों बनाई जा रही है, न यह पूछा कि इससे किसे लाभ पहुँचाया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि यदि इन्हें जानकारी थी, तो उन्होंने अब तक इस मामले पर एक बार भी संज्ञान में क्यों नहीं लिया यह जनता जानना चाहती है?

आखिर यह चुप्पी संदेह को जन्म दे है जनता के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी जवाब चाहती है ।मंत्री गणों और स्थानीय विधायक के माध्यम से मीडिया में रोज़ इस बात की खबरे आती है कि सड़?को के लियें कई सौ करोड़ों की घोषणाएँ हो रही है जितनी घोषणाएँ हो रही है, एक भी सड़क बनती नज़र नहीं आ रही है, आखिर इन घोषणाओं का क्या औचित्य ? घोषणाओं से ना तो शहरवासियों और ग्रामीण को राहत मिलेगी और ना ही दिक्कते दूर होंगी

### शासन-प्रशासन से सवाल-

अरपा तट की 80 फीट लगभग 80 से 100 करोड़ की सड़क का डीपीआर कहाँ है?

क्या स्मार्ट सिटी फंड का उपयोग गैर-स्मार्ट सिटी क्षेत्र में करना नियमों के अनुरूप है?

क्या अधिकारियों ने प्रोजेक्ट की वास्तविक स्थिति शासन से छुपाई?

सड़क निजी जमीन पर आकर क्यों रुक जाती है ?

# बिलासपुर की शताक्षी पांडे सीजी पीएससी में महिला टॉपर बनीं



**बिलासपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। शहर की बेटी शताक्षी पांडे ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में टॉप-6 में स्थान हासिल कर न सिर्फ जिला, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। शताक्षी को महिला वर्ग की टॉपर घोषित किया गया है, जो उनके संघर्ष और क्षमता का प्रमाण है। उनका चयन एक साधारण उपलब्धि नहीं, बल्कि यह साबित करने वाली घटना है कि छोटे शहरों से निकली बेटियाँ जब लक्ष्य ठान लें, तो बड़े शहरों की प्रतिभागियों को मात दे सकती हैं।

शताक्षी पांडे का यह चौथा प्रयास था। पिछली बारों में वह दो बार प्रीलिम्स में सिर्फ 1-2 नंबर से रह गईं पर शताक्षी का मन नहीं टूटा। उन्होंने खुद को समझाया कि (अगर सपने बड़े हैं, तो रास्ते भी मुश्किल होंगे।) उसने हार नहीं मानी और चौथे प्रयास में वह न केवल सफल हुईं, बल्कि मेरिट लिस्ट के शीर्ष स्थानों में पहुंच गईं। उनकी कहानी हर उस छात्र के लिए सीख है जो एक असफलता के बाद हार मान लेता है।

शताक्षी ने कंप्यूटर साइंस में बीटेक और फिर एमटेक किया। इसके बाद उन्होंने नौकरी की और स्वामी आत्मानंद स्कूल में कंप्यूटर टीचर के रूप में एक साल तक पढ़ाया। काफी सोच-विचार के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ दी—जो किसी भी मध्यमवर्गीय परिवार के लिए बड़ा निर्णय होता है। इस निर्णय के साथ ही उनकी तैयारी का 'टर्निंग पॉइंट' शुरू हुआ—सब कुछ छोड़कर पूरे मन से पी एस सी पर फोकस किया और घर में रहकर 8 घंटे पढ़ाई की। उन्होंने शांत माहौल में घर पर ही ऑन-एन-एवरेज 8 घंटे पढ़ाई की। शताक्षी अपनी उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने माता-पिता रेखा पांडे और आशुतोष पांडे को देती हैं, जिन्होंने कठिन वक्त में भी उनका साथ नहीं छोड़ा। उनका घरेलू माहौल भी प्रेरणा देने वाला रहा है—भाई स्वर्णिम शुक्ला 2022 में चयनित हुए हैं और परिवार में सरकारी सेवा की परंपरा ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया। उनके बड़े मामा राजेंद्र शुक्ला भी उनके मार्गदर्शन और हौसला बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। शताक्षी कहती हैं, मेरी जीत सिर्फ मेरी नहीं है, यह मेरे पूरे परिवार का संयुक्त प्रयास है। शताक्षी की पहली पसंद हमेशा से डिप्टी कलेक्टर रही है। हालांकि उन्हें लगता है कि छठा रैंक होने के कारण उन्हें संभवत: राज्य वित्त सेवा अकाउंट ऑफिसर का पद मिले।

## सार-संक्षेप

### पुलिस चौकी मे शराब पीने वाले दोनों आरक्षक लाइन अटैच

**बिलासपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। बुधवार देर रात शहर के एक पुलिस चौकी में दो सिपाही शराब पी रहे थे जिसे एक युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों सिपाही को लाइन अटैच कर दिया है। एक युवक, जो किसी काम से मोपका चौकी पहुंचा था, जब चौकी के एक कमरे में दाखिल हुआ तो उसने देखा कि दो आरक्षक वहां शराब के साथ बैठकर जाम छलका रहे थे।

युवक ने यह दृश्य अपने मोबाइल पर रिकॉर्ड कर लिया, लेकिन जैसे ही उनमें से एक आरक्षक—जिसकी पहचान आरक्षक संतोष राठौर के रूप में हुई है—ने कैमरा देखा, वह भड़क उठा। वीडियो में आरक्षक युवक पर धमकी भरे लहजे में चिल्लाते हुए दिखाई देता है। युवक का आरोप है कि उस दौरान उसे जान से मारने तक की धमकी दी गई। यह पूरा वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर पुलिस प्रशासन हरकत में आया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर की ओर से कड़ा आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि- वीडियो में दिखे दोनों आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। उप पुलिस अधीक्षक (मानव संसाधन) को पूरे प्रकरण की जांच कर 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। शराब सेवन न केवल पुलिस आचरण का उल्लंघन है बल्कि विभागीय सेवा शर्तों के खिलाफ भी है।

### नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने एवं दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। नाम आरोपी - 1- अजय ढीमर उर्फ़ भगवान सिंग पिता गेंदराम ढीमर उम्र 22 वर्ष निवासी महरपुर थाना लोरमी जिला मुंगेली छ.ग. आरोपी अजय ढीमर द्वारा पीड़िता नाबालिग को बहला फुसला कर लेजाने की रिपोर्ट पर चौकी बेलगहना थाना कोटा मे अपराध धारा सदर का क़ायम कर पतासाजी व विवेचना मे लिया गया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पीड़िता एवं आरोपी की पतासाजी हेतु सख्त निर्देश दिए गए , जिस पर लगातार पुलिस टीम द्वारा पीड़िता की पतासाजी की गई। बेलगहना पुलिस द्वारा बुधवार को अपहृता को ग्राम महरपुर लोरमी से आरोपी के कब्जे से बरामद कर विधिवत कार्यवाही उपरांत प्रकरण में धारा 87,64(1) बी एन एस एवं 04,06 पाक्सो जोड़ी जाकर आरोपी अजय ढीमर उर्फ़ भगवान सिंग पिता गेंदराम ढीमर उम्र 22 वर्ष निवासी महरपुर थाना लोरमी जिला मुंगेली .के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी के विरुद्ध लोरमी थाना में लूट, मारपीट सहित कई मामले पूर्व में दर्ज है।



### राज्य विधिक अधिवक्ता परिषद के चुनाव में बिलासपुर के 7 अधिवक्ताओं की मिली जीत

#### अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर बाजपेई ने सभी को दी बधाई



**बिलासपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ अधिवक्ता परिषद के चुनाव में 25 सदस्यों ने विजयी श्री हासिल की,जिसमें 7 सदस्य बिलासपुर से चुने गए,जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेन्द्र दुबे, रूपेश त्रिवेदी, प्रभाकर सिंह चंदेल,श्री चन्द्र प्रकाश जांगड़े, आलोक कुमार गुप्ता, अनिल सिंह चौहान, रवि सिंह राजपूत,अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र शेखर बाजपेयी ने सभी विजयी सदस्यों को बधाई दी,उन्होंने कहा हम अब मिल कर अधिवक्ताओं के हित में अधिक से अधिक कार्य करेंगे साथ ही यथा शीघ्र विजयी सदस्यों का सम्मान कार्यकम भी किया जाएगा इस ऐतिहासिक विजय से बिलासपुर के अधिवक्ताओं में अत्यधिक हर्ष उल्लास है।

# धान खरीदी - पारदर्शी व्यवस्था से खुश हैं लखराम के किसान



**बिलासपुर**,21 नवंबर (देशबन्धु)। नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी प्रक्रिया जिले में सुचारु रुप से चल रही है। आज ग्राम लखराम के युवा किसान रवि कुमार ने लखराम सहकारी समिति में पहुंचकर धान बेचा। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में सभी व्यवस्था को पारदर्शी बताया और सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

बिल्हा ब्लॉक के ग्राम लखराम के युवा किसान रवि कुमार 2 एकड़ भूमि में खेती करते हैं उन्होंने अपनी मेहनत, समय पर खेती के आधुनिक तरीकों का उपयोग और सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना लिया है। लखराम केंद्र में 21 क्विंटल धान बेचने पहुंचे रवि कुमार ने धान खरीदी केंद्र की व्यवस्था पर संतोष जताया और कहा कि उन्हें टोकन कटने से लेकर धान बेचने में किसी तरह की समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र की पारदर्शी और व्यवस्थित व्यवस्था के कारण वे आसानी से अपना धान बेच सके। टोकन प्रणाली से लेकर तौल प्रक्रिया तक हर चरण सुचारू रहा। केंद्र में बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता, साफ-सुथरा परिसर, पीने के पानी और बैठने की अच्छी व्यवस्था ने उनके धान विक्रय अनुभव को आसान बना दिया।

रवि बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले तक खरीदी केंद्रों में भीड़, अनिश्चितता और कभी-कभी बारदाना की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होती थी।

लेकिन अब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की किसान-केंद्रित नीतियों और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता ने तस्वीर बदल दी है। आज खरीदी केंद्रों में तकनीक आधारित टोकन व्यवस्था, तेज़ तौल प्रक्रिया और समय पर भुगतान से किसानों में भरोसा बढ़ा है। रवि कहते हैं कि अब खरीदी केंद्र में आते समय चिंता नहीं होती। सब कुछ व्यवस्थित मिलता है और हमारी मेहनत की सही कीमत मिलती है।

# व्यापक एनीमिया जांच अभियान की शुरुआत

## शुभारम्भ नूतन चौक स्थित पी. एम. श्री सेजस कन्या उच्च माध्यमिक शाला से हुआ

**बिलासपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। सेल्फ हेल्प एजुकेशन एंड रिसर्च संस्था एवं गुजरात के संस्था श्रीमत राजचन्द्र मिशन के सहयोग से व्यापक एनीमिया जाँच अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का शुभारम्भ नूतन चौक स्थित पी. एम. श्री सेजस कन्या उच्च माध्यमिक शाला से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गढ़वाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। डा सौरभ शर्मा, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गायत्री तिवारी, तथा संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री मनोज गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीमती अनुराधा मिश्रा एवं असिस्टेंट लेक्चरर श्री हेमंत नायक सहित संस्था के सभी कर्मचारी सही स्कूल के शिक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. शुभा गरेवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में डॉ. शुभा गरेवाल ने कहा कि एनीमिया



किशोरियों में तेजी से बढती स्वास्थ्य समस्या है, जिसका मुख्य कारण आयरन की कमी और पौष्टिक आहार का अभाव है। उन्होंने छात्राओं को हरी सब्जियों, दालै, अकुरिल अनाज, गुड़ जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने और नियमित आयरन फोलिक लेने की सलाह दी। सिकल सेल रोग पर जानकारी देते हुए सीएचएमओ ने कहा कि यह एक वंशानुगत बीमारी है जो माता-पिता से बच्चों में आती है। इस अभियान के तहत आज कुल 180 बालिकाओं का परीक्षण किया गया, जिसमें कुल 34 बालिकाएं एनिमिक पाई गई। संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण एवं दया वितरण नि:शुल्क किया जायेगा, यह एनीमिया नियंत्रण अभियान जिले की सभी कन्या शालाओं में नियमित रूप से आगामी महीनों तक जारी रहेगा।

# प्रशासनिक मजबूती से तकनीकी उन्नयन तक

### —मुद्रण निदेशालय में परिवर्तन की धारा को आगे बढ़ाते केंद्रीय राज्य मंत्री



**बिलासपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने मुद्रण निदेशालय के वर्तमान परिचालन स्थिति, प्रमुख दिक्कतों और चुनौतियों का गहन मूल्यांकन किया। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव प्रवीण कुमार, मुद्रण प्रभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न सरकारी प्रेसों के प्रबंधक (ऑनलाइन माध्यम से) उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निदेशालय के वर्कफ़्लो को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों तथा उनके समाधान के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। श्री साहू ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और भारत सरकार की प्रेसों के संचालन को लेकर दक्षता, आधुनिकीकरण तथा समयबद्ध उत्पादन की अनिवार्यता पर बल दिया। बैठक में विशेष रूप से जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनमें— मिंटो रोड प्रेस में शेष कार्यों की शीघ्र पूर्णता,अन्य पाँच सरकारी प्रेसों के उन्नयन एवं नवीनीकरण की कार्य योजना, सभी प्रेसों की कार्यक्षमता और प्रदर्शन की समीक्षा,कार्मिक एवं यूनियन से जुड़े विषय, जैसे—रिक्त पदों की भर्ती और पात्र कर्मचारियों को वर्ष के अंत से पहले पदोन्नति प्रदान करना शामिल रहे। श्री साहू ने संचालन तंत्र को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों को बदलती तकनीकी और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। मंत्री साहू ने ऑपरेशनल सिस्टम को मजबूत करने की जरूरत पर प्रकाश डाला और अधिकारियों को बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवाचार अपनाने की प्रेरणा दी। रियल एस्टेट क्षेत्र में सतत सुधार एवं सहयोग के आयामों पर मंत्री तोखन साहू के साथ उपयोगी चर्चा राष्ट्रीय रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (एनआरईडीसीओ) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने श्री साहू को संकल्प भवन में शिष्टाचार भेंट की। दोनों पक्षों ने रियल एस्टेट क्षेत्र के मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की और मंत्रालय के साथ निरंतर सहयोग के नए आयामों पर विचार साझा किए।

# पालना सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 4 दिसंबर तक

**बिलासपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 डा. भीमराव अम्बेडकर नगर अंतर्गत पालना केंद्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर हेतु पालना सहायिका के रिक्त 1 पद पर 4 दिसंबर 2025 तक आवेदन किये जा सकते है।

सहायिका पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास एवं संबंधित वार्ड निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

# सांसद बृज मोहन अग्रवाल ने दुर्घटना में घायल नरेंद्र कच्छवाहा का कुशलक्षेम जाना



**बिलासपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल हुए पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य और वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र सिंह कछवाहा की कुशलक्षेम जानने के लिए उनके निवास पहुंचे। श्री कछवाहा के स्वास्थ्य में सुधार की खबर सुनकर सांसद ने संतोष व्यक्त किया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सांसद ने बिलासपुर प्रवास के दौरान उनके निवास पहुँचकर श्री कछवाहा और उनके परिवारजनों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने उन्हें हौसला बढ़ाया और आश्वासन दिया कि समाज और क्षेत्र में उनके योगदान की हमेशा कद्र की जाएगी।

# मेडिकल पीजी में डोमिसाइल आधारित आरक्षण को हाईकोर्ट ने किया रद्द

### डिविजन बैंच ने इसे असंवैधानिक करार दिया

**बिलासपुर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। पीजी मेडिकल में प्रवेश के संबंध में छत्तीसगढ़ में डोमिसाइल आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने मेडिकल पीजी में डोमिसाइल आधारित आरक्षण को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है।

याचिकाकर्ता डा समृद्धि दुबे ने अपनी याचिका में बताया कि वह छत्तीसगढ़ राज्य की स्थायी निवासी है। उनके माता-पिता छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी निवासी हैं। उसने अपनी हाई स्कूल की शिक्षा बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से पूरी की। वर्ष 2018 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) परीक्षा, 2018 में भाग लिया। अखिल भारतीय रैंक के आधार पर भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा आयोजित मेडिकल काउंसिल समिति द्वारा आयोजित काउंसलिंग के आधार पर वीएमकेवी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सेलम आवंटित किया गया। उसने 2023 में अपना एमबीबीएस कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया और 07 अप्रैल 2023 से 06 अप्रैल 2024 तक अपनी



अनिवार्य रोटेटिंग मेडिकल इंटर्नशिप भी सफलतापूर्वक पूरी की।

**नियम पांच की वैधानिकता को दी थी चुनौती**

राज्य सरकार ने राजपत्र अधिसूचना 09 दिसंबर 2021 द्वारा स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ चिकित्सा महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर पथ्यक्रमों में प्रवेश अधिनियम, 2002 के तहत छत्तीसगढ़ मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश नियम, 2021 नामक नियम बनाए हैं। उस समय, पीजी प्रवेश नियम, 2021 लागू था, जो छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित कॉलेज के तहत स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का प्रावधान करता है। पुराने पीजी प्रवेश नियम, 2021 में, नियम 4 (एनआरआई छात्रों के प्रवेश के लिए पात्रता की अतिरिक्त शर्तें) प्रदान करता है।

याचिकाकर्ता डॉ. समृद्धि दुबे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने पैरवी की। याचिका की सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में लिखा है कि पीजी मेडिकल कोर्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों के महत्व को देखते हुए, %निवास% के आधार पर उच्च स्तर पर आरक्षण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। यदि इस तरह के आरक्षण की अनुमति दी जाती है, तो यह कई छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन होगा, जिनके साथ केवल इस कारण असमान व्यवहार किया जा रहा है कि वे संघ के एक अलग राज्य से हैं। यह संविधान का उल्लंघन होगा। संविधान के अनुच्छेद 14 में समानता खंड का उल्लंघन होगा और यह कानून के समक्ष समानता से इनकार करने के समान होगा। पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में निवास-आधारित आरक्षण अस्वीकार्य है, राज्य कोटे की सीटें, उचित संख्या में संस्थान-आधारित आरक्षणों के अखिल भारतीय परीक्षा में योग्यता के आधार पर ही भरी जानी हैं। इस प्रकार, राज्य द्वारा अपने कोटे में भरी जाने वाली 64 सीटों में से 32 संस्थागत वरीयता के आधार पर भरी जा सकती थीं, और ये मान्य हैं।

**NECC**

| 22.11.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 675 | 100 | 160 |
| चिल्हर | 8.00 | 125 | 190 |
| डिलीवरी | 690 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771